राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 294
लखनऊ, सोमवार 16 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





ग्रामीण परिवेश के बच्चों को संवार रहा सर्वोदय विद्यालय : असीम अरूण 03

चिकित्सक की लापरवाही से गई महिला की जान, परिजनों में आक्रोश 04


केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा

# उत्तर प्रदेश में हो रहीं पारदर्शी नियुक्तियां

### भारत 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्त : शाह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान के तीन आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया।

शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को ध्वस्त कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को लखनऊ में वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया।



### यूपी पुलिस के लिए गृहमंत्री का संदेश

अंत में, अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि करीब चार लाख सदस्यों वाले इस पुलिसबल का हिस्सा बनना गर्व की बात है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ को एक बार फिर धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी पारदर्शी और समावेशी नीतियों ने यूपी पुलिस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### देश में सबसे बड़ा है यूपी पुलिसबल

शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

### योगी सरकार के तहत कानून व्यवस्था में हुआ सुधार

केन्द्रीय मंत्री शाह ने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया। उन्होंने कहा कि योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया।

### इन 15 आरक्षियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

सत्यम नायक, प्रेम सागर, शालिनी शाक्य, उपेन्द्र यादव, शिल्पा सिंह, दीनू बाबू, योगेन्द्र सिंह, शिवांश पटेल, मनीष त्रिपाठी, रोशन जहां, आजाद कुशवाहा, मिथिलेश भट्ट, सोनी रावत, नेहा गोंड, सचिन सैनी को गृहमंत्री शाह ने नियुक्ति पत्र सौंपे।

# हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पायलट सहित सात लोगों की मौत

समृद्धि न्यूज

**रूद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गयी।

हेलीकाप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी है। श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि आज सुबह करीब सुबह 5.30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलिकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। दुर्घटना की वजह खराब मौसम है। उन्होंने बताया कि हेलिकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी।

रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रातः 5.21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5.24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। 6.13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुँचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी द्वारा दी गई। इसके पश्चात तत्काल कार्रवाई करते हुए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को सक्रिय किया गया। जिसमें जिला आपदा मोचन बल की टीम के साथ एसडीआरएफ की छह टीमें, एनडीआरएफ की आठ टीम और 22 पुलिसकर्मी शामिल थे। ये सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुँचे जहाँ तलाश और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल गए हैं।

श्री रजवार ने बताया कि हेलीकाप्टर में कुल सात लोग सवार थे। जिनमें पायलट सहित 06 वयस्क और 01 बच्चा हैं। सभी की हादसे में मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, पायलट, निवासी जयपुर, विक्रम रावत, कर्मचारी, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, निवासी रासी ऊखीमठ, (45), विनोद देवी, निवासी उत्तर प्रदेश, (66), तृष्टि सिंह उत्तर प्रदेश, (19), राजकुमार पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (41), श्रद्धा पत्नी राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (35), काशी पुत्री राजकुमार, निवासी महाराष्ट्र, बालिका (02) के रूप में हुई है।

### डीजीसीए सख्त, यात्रा में आर्यन एविएशन की उड़ानों पर रोक

**नई दिल्ली।** केदारनाथ में आर्यन एविएशन का बेल 407 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तत्काल सख्त निर्देश जारी किए हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए चारधाम यात्रा में आर्यन एविएशन की सभी सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई हैं। इसके साथ ही दो अन्य हेलीकॉप्टर पायलटों के लाइसेंस छह माह के लिए निलंबित कर दिए गए हैं, जिन्होंने खराब मौसम में भी उड़ान भरी थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार डीजीसीए ने 15 और 16 जून को पूरे क्षेत्र में सभी चार्टर और शटल हेलीकॉप्टर उड़ानों पर रोक लगा दी है। इसके अलावा केदारनाथ घाटी में अब डीजीसीए के अधिकारी तैनात रहेंगे, जो हर उड़ान की निगरानी करेंगे और सुरक्षा तथा मौसम संबंधी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करेंगे।



"केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश की घटना पर मृतकों को श्रद्धांजलि एवं परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार सुनिश्चित करे कि सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे बिना कोई उड़ान न भरी जाए।"
**अखिलेश यादव,**
**सपा प्रमुख**

## संक्षिप्त समाचार

### हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायु सेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उडान भरी थी लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी। अधिकारियों ने इसे केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति दे दी।

### सेना ने राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की नाकाम

**राजौरी।** सेना के सतर्क जवानों ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ को नाकाम कर दिया है, जबकि पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर संदिग्ध गतिविधि का पता चलने के बाद तलाशी अभियान जारी है। सतर्क जवानों ने राजौरी जिले के केरी सेक्टर के बरातगाला इलाके में नियंत्रण रेखा पर कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी। सतर्क जवानों ने घुसपैठियों को आगे न बढ़ने की चेतावनी दी, लेकिन संदिग्ध घुसपैठियों को लगातार आगे बढ़ते देख जवानों ने तुरंत गोलीबारी की। सेना ने घुसपैठियों को नियंत्रण रेखा के पाकिस्तानी हिस्से में वापस जाने के लिए जवानों ने मजबूर कर दिया।

### अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के कार्यालय में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके बम होने की धमकी दी, लेकिन यह फर्जी कॉल साबित हुई। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) पुलिस ने रविवार को बताया कि अमेरिकी वाणिज्य दूतावास कार्यालय में शनिवार करीब आठ बजे एक अज्ञात ने फोन किया ।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत, एक घायल

समृद्धि न्यूज

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह एक एंबुलेंस आगे जा रही एक गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हुआ है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

शुकुल बाजार के थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 59.7 किलोमीटर पर आज सुबह करीब 5.30 बजे पिकअप वाहन में पीछे से आई तेज रफ्तार एंबुलेंस घुस गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार छह लोगों में से चालक सहित पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सरफराज निवासी नालहर हरियाणा, आबिद पुत्र हामिद फिरोजपुर, हरियाणा, राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश पुत्र अशोक शर्मा एवं रवि शर्मा पुत्र बलराम शर्मा निवासीगण रामभद्रपुर थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार और पांचवां फुलो शर्मा रवि टोला थाना हथौड़ी जिला समस्तीपुर बिहार के रहने वाले शामिल हैं। एंबुलेंस सवार शंभू राय पुत्र योगेश्वर राय निवासी पुरनाही थाना वारिसनगर समस्तीपुर बिहार गंभीर रूप से घायल है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





### लालू यादव की बढ़ी मुश्किलें राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने भेजा नोटिस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की मुश्किलें अब बढ़ती दिख रही हैं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के अपमान का वीडियो वायरल होने के बाद राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। आयोग ने राजद प्रमुख से 15 दिनों के अंदर जवाब देने को भी कहा है। स्पष्टीकरण न देने पर एफआईआर की बात भी कही गई है। राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने राजद प्रमुख लालू यादव को नोटिस जारी किया है, जिसमें लिखा गया है कि सोशल मीडिया में आपके जन्मदिन का एक वीडियो देखा जा रहा है, जिसमें आप व आपके कार्यकर्ता द्वारा संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की फोटो का अपमान किया जा रहा है।

# इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटने से चार लोगों की मौत, 18 लोग घायल, सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी

**पुणे ।** पुणे के तलेगांव क्षेत्र के कुंडमाल के पास इंद्रायणी नदी पर बना एक पुराना पुल भारी बारिश और तेज बहाव के कारण अचानक ढह गया, जिससे एक बड़ा हादसा हो गया। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 18 लोग घायल हो गए हैं और 25 लोग बह गए। सूबे के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले घटनास्थल पर पहुंची।

बताया जा रहा है कि ये पुल पिछले कुछ समय से खस्ताहाल स्थिति में था और वाहनों के लिए पहले ही बंद कर दिया गया था, लेकिन भारी बारिश और नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने के कारण कई लोग इस पुल पर आ गए और बढ़े हुए जलस्तर के नजारे देख रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुट गई। नदी में गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। प्रशासन ने लोगों से नदी के आसपास अनावश्यक रूप से जमा न होने की अपील की है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि ये पुल 2-3 महीने पहले बंद कर दिया गया था।



पहले से ही खस्ताहाल स्थिति में था पुल, भारी बारिश और तेज बहाव के कारण अचानक ढहा

# टीले पर बने सात मकान ढहने से कई मलबे में दबे, तीन शव बरामद

समृद्धि न्यूज

**मथुरा।** थाना गोविन्द नगर क्षेत्र अंतर्गत कच्ची सड़क क्षेत्र स्थित कृष्ण गंगा में सुनील चैन के बाड़े में रविवार कोनिर्माण कार्य के दौरान टीले पर बने सात मकान अचानक ढह गए। इसके मलबे में दबकर छह साल की दो सगी बहनों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अभी एक दर्जन लोगों के दबे होने की आशंका है। प्रशासन राहत कार्य में जुटा है। मौके पर डीएम व एसएसपी की देखरेख में फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस की टीमें राहत एवं बचाव कार्य जुटी हैं।

कृष्ण गंगा में एक बाड़े में करीब पांच मंजिल ऊंचे टीले पर कई मकान बने हुए थे। इस जमीन के पार्टनर सुनील चैन जीर्ण शीर्ण टीले को हटाने के लिए दीवार बनवाने का काम करीब एक सप्ताह से करवा रहे थे। कार्य के दौरान आज दोपहर करीब सवा 12 बजे अचानक टीले की मिट्टी धंस गई और आधा दर्जन मकानों के हिस्से ढह गए। जिससे वहां दीवार निर्माण में लगे मजदूरों के अलावा कई मकानों के लोग भी मलबे में दब गए।



दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

### पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए मैच आज होगा अंतिम संस्कार

**अहमदाबाद।** एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री जय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हादसे में मृतकों के शव इतने क्षत-विक्षत थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल था। इसलिए मृतकों और उनके परिजनों के डीएनए सैंपल के जरिये शवों की पहचान करने का फैसला लिया गया था। विजय रूपाणी के बेटे ने कल अस्पताल आकर डीएनए सैंपल दिया था। अब पूर्व सीएम के शव की पहचान होने के बाद पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंपा जाएगा, जिसके बाद राजकोट में राजकीय सम्मान के साथ रूपाणी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# इजराइल व ईरान ने एक-दूसरे पर किए मिसाइल हमले

एजेंसी

**तेल अवीव/यरूशलम।** इजराइल और ईरान ने तीसरे दिन भी एक-दूसरे पर मिसाइलों के हमले किये हैं। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को पुष्टि की कि ईरान ने एक नई मिसाइल हमले की लहर शुरू की है, जिससे पूरे इजराइल में अलर्ट की स्थिति बन गई। सेना ने नागरिकों को सुरक्षित आश्रयों के पास रहने और सार्वजनिक स्थानों में आवाजाही सीमित करने की चेतावनी दी।

इजराइली सेना ने बयान में कहा, हमारी रक्षा प्रणाली खतरे को रोकने के लिए सक्रिय हो चुकी है। पूरे देश में नागरिकों को निर्देश दिया गया है कि वे संरक्षित स्थलों के निकट रहें, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और सार्वजनिक जमावड़ों से बचें। अमेरिकी टेलीविजन चैनल सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक तेल अवीव शहर में हवाई हमले के सायरन बजने लगे, जिससे लोगों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालात को देखते हुए इजराइली सेना से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के निर्देश दिए हैं।



### भारत ने ईरान में फंसे अपने नागरिकों को किया अलर्ट

**नयी दिल्ली।** ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए रविवार को जारी परामर्श में कहा गया है कि वे घबराएं नहीं, सावधानी बरतें और इजराइल द्वारा हमले के बाद देश में व्याप्त स्थिति के मद्देनजर तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें। भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखने और स्थानीय अधिकारियों की ओर से दी गई सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।

# पीएम मोदी पहुंचे साइप्रस, राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने किया भव्य स्वागत

एजेंसी

**लारनाका (साइप्रस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी तीन देशों की महत्वपूर्ण यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे। लारनाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने स्वयं प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के विशेष निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 15-16 जून को साइप्रस की आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा पर हैं। यह यात्रा भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक, निवेश, रक्षा और सांस्कृतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस पहुंचने पर ट्वीट किया, साइप्रस पहुंच गया हूं।



### तीन देशों की यात्रा पर हैं प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा तीन देशों को कवर कर रही है, जिसके अंतर्गत साइप्रस (15-16 जून) प्रवास के दौरान पीएम मोदी वहां के शीर्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसमें व्यापार, डिजिटल साझेदारी, ऊर्जा सहयोग, और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा प्रमुख रहेगी। इसके बाद, 16-17 जून को प्रधानमंत्री मोदी कनाडा का दौरा करेंगे, जहां वो जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के निमंत्रण पर 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

**बदलाव**

विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में प्रेस वार्ता के दौरान कहा

# अब विवि आसानी से खरीद सकेंगे विशिष्ट शोध उपकरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने रविवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई बड़े नीतिगत बदलावों की घोषणा की।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में प्रेस वार्ता के दौरान इन सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और अकादमिक संस्थानों को लंबे समय से चली आ रही अड़चनों से राहत मिलेगी। डॉ. सिंह ने बताया कि अब विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और वैज्ञानिक संस्थानों के निदेशकों को यह अधिकार होगा कि वे विशिष्ट शोध उपकरणों की गैर-जीईएम माध्यम से भी खरीद कर सकें। पहले केवल सरकारी ई-मार्केटप्लेस से खरीद की अनिवार्यता थी, भले ही वहां आवश्यक वस्तु उपलब्ध न हो।

इसके अलावा, सामान्य वित्तीय नियमों में भी संशोधन किया गया है। अब प्रत्यक्ष खरीद की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी गई है। विभागीय समितियों द्वारा की जाने वाली खरीद की सीमा एक लाख से दस लाख रुपये के स्थान पर अब दो लाख से पच्चीस लाख रुपये होगी। वहीं सीमित निविदा और खुली निविदा की सीमा पचास लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी गई है। संस्थानों के प्रमुख अब दो सौ करोड़ रुपये तक की वैश्विक निविदाएं भी स्वीकृत कर सकेंगे।

डॉ. सिंह ने कहा, हमने फाइलों के बोझ को कम करने का प्रयास किया है। यह विश्वास पर आधारित व्यवस्था है।÷ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ दी गई है और इसका उपयोग ईमानदारी से किया जाना चाहिए। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इन नीतियों से देश की नवाचार क्षमता को मजबूती मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान एक नवाचार-प्रेरित अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र में उदारीकरण से सकारात्मक परिणाम सामने आए, वैसे ही अनुसंधान क्षेत्र में भी यह सुधार क्रांतिकारी सिद्ध होंगे। यह सुधार प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा आयोजित विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सामने आए हैं। देश के 13 आईआईटी और प्रमुख अनुसंधान संस्थानों की राय इन निर्णयों में शामिल की गई थी। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक हालिया रिपोर्ट और पीएसए कार्यालय की प्रस्तुति ने यह दिखाया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए नियम किस प्रकार अनुसंधान में बाधा बन रहे थे।



## खबरें एक नजर में

### 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी कबीरधाम की टीम ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से करीब 10 लीटर कच्ची देशी शराब बरामद की गई है।13 जून 2025 की देर रात जब उपनिरीक्षक गोविन्द सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान एक मुखबिर की सूचना पर सोनारीपुर मोड़ से चौराहा जाने वाली सड़क पर दबिश दी गई। वहां एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसकी पहचान धर्मेन्द्र कुमार (32 वर्ष), पुत्र मुरली पासी, निवासी ग्राम मुड़िया मिश्र का पुरवा थाना गोला, के रूप में हुई तलाशी के दौरान धर्मेन्द्र के हाथ में पकड़ी प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची शराब की गंध पाई गई। मौके पर ही उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

### आम तोड़ने से रोका तो दबंगों ने युवक को पीटा, सिर फटा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़वारा में आम तोड़ने से रोकने पर एक युवक को दबंगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीट दिया। हमले में युवक का सिर फट गया और वह लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल युवक ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सद्दाम पुत्र इस्माइल खान, निवासी भूड़वारा ने कोतवाली गोला में दी तहरीर में बताया कि घटना 13 जून 2025 की रात करीब 11 बजे की है। सद्दाम के मुताबिक गांव के ही इसरार, शाहरुख (पुत्रगण शराफत) और रियासत (पुत्र अज्ञात) उसकी आम की बाग में जबरन आम तोड़ रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उक्त तीनों ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां दीं और लात-घूंसों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका सिर फट गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित किसी तरह थाने पहुंचा और जान-माल की रक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने सद्दाम की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जीतेन्द्र कुमार को सौंपी है।

### नशे में गाली-गलौज और मारपीट, महिला को जान से मारने की धमकी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** ग्राम भूड़वारा में दो पक्षों के बीच तनाव उस समय बढ़ गया जब एक पक्ष ने दूसरे पर शराब के नशे में गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया। घटना 13 जून 2025 की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, इसरार खां पुत्र सराफत खां, निवासी ग्राम भुड़वारा, ने कोतवाली में तहरीर दी है कि उनके गांव के ही सद्दाम पुत्र इस्माइल खां, सलीम पुत्र रफीक, तथा आफताब खां पुत्र इस्माइल खां शराब के नशे में उनके घर के पास पहुंचे और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब इसरार ने विरोध किया तो तीनों ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें कई जगह चोटें आईं। इतना ही नहीं, आरोप है कि विपक्षियों ने इसरार की पत्नी को भी अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के वक्त उनके अन्य सदस्य भी मौजूद थे और सभी दहशत में आ गए हैं। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार को सौंपी गई है।

### ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता, बाइक व दो लाख रुपये की मांग पर मारपीट कर घर से निकाला

**पलिया कलां खीरी।** दहेज प्रथा की शिकार हुई एक विवाहिता का मामला पलिया क्षेत्र में सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला रंगरेजान-3 निवासी विवाहिता बुसरा ने पति सोनू पुत्र रफीक सहित ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। विवाहिता ने आरोप लगाया कि उसका विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज से करीब छह वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के बाद से ही पति व ससुरालजन लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते आ रहे हैं। प्रार्थिनी का कहना है कि उसके पति ने तीन वर्ष पूर्व बुरी तरह मारपीट कर उसका बायां पैर व दायां हाथ तोड़ दिया था, इसके बावजूद उसने पत्नी धर्म का पालन करते हुए ससुराल में ही रहना उचित समझा। लेकिन 09 जून 2025 को पति ने मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करते हुए मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और मासूम तीन वर्षीय पुत्री को भी जबरन अपने पास रख लिया। महिला का आरोप है कि अब वह अपनी ननिहाल में शरण लिए हुए है और पति के साथ-साथ सास हकीकुल निशा और ननद रिहाना भी उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे हैं। विवाहिता का कहना है कि उसे अपनी जान का खतरा है और आरोपी पति तलाक की धमकी भी दे रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। जांच का जिम्मा उपनिरीक्षक निशा शुक्ला को सौंपा गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई कार, वीडीओ पवन द्विवेदी बाल-बाल बचे



**निघासन खीरी।** विकासखंड निघासन में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार द्विवेदी की कार शनिवार देर शाम एक दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि वह किसी कार्यवश लखीमपुर से अपने निवास स्थान पलिया की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की रफ्तार सामान्य थी, लेकिन अचानक सामने से आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में कार का संतुलन बिगड़ गया और पुलिया की दीवार से टकरा गई। हादसे के दौरान कार को आंशिक क्षति पहुंची है। गनीमत रही कि पवन द्विवेदी को गंभीर चोट नहीं आई। उन्हें मामूली खरोंचें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद वे घर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही सहयोगी अधिकारियों व शुभचिंतकों ने राहत की सांस ली और पवन द्विवेदी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त स्थान पर पहले भी कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम सराय खास में संपन्न, 11 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय खास में आयोजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के तहत कुल 11 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह शिविर दोपहर 1:30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ. जाकिर हुसैन के नेतृत्व में मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम में आईटी इलेक्ट्रीशियन शिवप्रसाद जायसवाल, सफाई कर्मचारी वेद प्रकाश वर्मा, और नितेश सिंह भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित चिकित्सक दल ने रोगियों को जरूरी परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा, जिसे स्थानीय जनता ने सराहा।

# पारिवारिक कलह से बिखरने की कगार पर पहुंचे 10 परिवारों में सुलह

▶ महिला थाना ने फिर से जोड़े रिश्तों की डोर

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



घरेलू विवादों, गाली-गलौज और पारिवारिक कलह के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे 10 दंपत्ति अब एक बार फिर से साथ जिंदगी बिताने का वादा कर घर लौटे। यह मुमकिन हुआ लखीमपुर-खीरी महिला थाना में चल रही काउंसलिंग और समझाइश के जरिए। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में यह कार्य सफलता पूर्वक किया गया।

रविवार को महिला थाना परिसर में आयोजित इस विशेष काउंसलिंग सत्र में थानाध्यक्ष श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता व कय्यूम ज़रवानी ने पति-पत्नियों के बीच गहरे हो चुके मनमुटाव को दूर करने का प्रयास किया। नतीजा यह रहा कि जिन घरों में अब तक सिर्फ कलह और तकरार की आवाजें गूंज रही थीं, वहां अब फिर से रिश्तों की मिठास लौट आई। बैठक में सामने आए मामलों में ज्यादातर शिकायतें दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और ससुराल में निवास को लेकर चल रहे विवादों से जुड़ी थीं। कुछ मामलों में गाली-गलौज और पारिवारिक हस्तक्षेप ने रिश्तों को इस कगार तक पहुंचा दिया था कि पति-पत्नी एक-दूसरे से अलग होने का मन बना चुके थे। लेकिन पुलिस और काउंसलर की सूझ-बूझ और लगातार बातचीत ने बिगड़े रिश्तों को फिर से पटरी पर लाने का काम किया। कुल 10 मामलों में आपसी सहमति से विदाई कराई गई, यानी महिलाएं पति के साथ ससुराल लौटने को राजी हुईं। हालांकि कुछ मामले ऐसे भी सामने आए, जिनमें पति-पत्नी के बीच मनमुटाव गहरा था। ऐसे 6 मामलों में दोनों पक्षों की सहमति से उन्हें सोचने-समझने और फैसला लेने के लिए समय दिया गया है। पुलिस का कहना है कि वे इन परिवारों के संपर्क में रहेंगे और जरूरत पड़ने पर आगे भी काउंसलिंग कराई जाएगी। इस मुहिम में महिला थाना की पूरी टीम का सहयोग रहा। उपनिरीक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला अर्पणा और महिला आरक्षी बबली पवार ने काउंसलिंग के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके संयम और समझदारी भरे रवैये से कई बार जटिल मामले भी आसानी से सुलझ गए। महिला थाना प्रभारी श्रद्धा सिंह ने बताया, हमारा मकसद सिर्फ शिकायतें दर्ज करना या कार्रवाई करना नहीं है। अगर दो परिवार आपसी सहमति से एक हो सकते हैं तो उससे बड़ी सेवा कोई नहीं। हमारा प्रयास रहता है कि विवाद को कानूनी कार्रवाई की जगह आपसी बातचीत से सुलझाया जाए।

# स्वामी प्रसाद मौर्य व कोरी सुभाष चंद्र लहरी का गोला में स्वागत

▶ राजनीतिक चेतना का प्रदर्शन, नारों से गूंजा अशोक चौराहा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार 15 जून को गोला गोकर्णनाथ का अशोक चौराहा राजनीतिक चेतना और जनसमर्थन का केंद्र बन गया, जब अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्षा कोरी सुभाष चंद्र लहरी का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते ही बन रहा था, और उन्होंने जोरदार नारों के साथ दोनों नेताओं का स्वागत कर वातावरण को जनशक्ति के रंग में रंग दिया। अपनी जनता पार्टी जिंदाबाद, स्वामी प्रसाद मौर्य अमर रहें, कोरी सुभाष चंद्र लहरी जिंदाबाद, सम्राट अशोक अमर रहें और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहें जैसे नारों से पूरा चौराहा गूंज उठा। लगभग 125 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में तब्दील कर दिया। नेताओं के स्वागत की अगुवाई सीताराम पटनायक और राम कुमार ने की, जबकि मंच पर मौजूद प्रमुख कार्यकर्ताओं में मुख्य गौतम, लाल बिहारी कोरी, खूनचंद्र गौतम (जिला पंचायत सदस्य), बौद्ध गौतम, मधुराए कोर्स, शोहन लाल कोर्स, दीनबंधु कोटी, जासकस लाल कोरी, रामलखन कार्य, पंकज गौतम, सोनू गौतम, अजय कुमार गौतम, जावेद अली, गुलशन कुमार, संजय कुमार, बबलू गौतम, पीताम्बर लाल कोरी, संदीप कोटी, निष्किंच गौतम, वेद प्रकाश कोटरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ताओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही, जिसमें कमलेश कुमार कोरी सहित कई युवाओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठनात्मक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। स्वामी प्रसाद मौर्य एवं कोरी सुभाष चंद्र लहरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सामाजिक समरसता, दलित-पिछड़े वर्गों की एकता और संगठन विस्तार की रणनीति पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के सिद्धांतों को आम जनता तक पहुँचाकर अपनी जनता पार्टी को एक सशक्त वैकल्पिक राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने हेतु निरंतर कार्य करें। यह आयोजन केवल स्वागत समारोह न होकर संगठन की एकजुटता, अनुशासन और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया।

# शिखर पर पहुंचा 'शिखर': सीएपीएफ परीक्षा में 115वीं रैंक लाकर लखीमपुर के बेटे ने रचा इतिहास

▶ संघर्ष, समर्पण और संकल्प से गढ़ी गई सफलता की मिसाल, युवा बना जिले की पहचान का प्रतीक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




कुछ कहानियाँ सिर्फ सफलता की नहीं होतीं, वे प्रेरणा बन जाती हैं। ऐसी ही कहानी है शिखर प्रताप सिंह की, जिन्होंने यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफ (असिस्टेंट कमांडेंट) परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया रैंक 115 हासिल कर न सिर्फ अपने जिले लखीमपुर खीरी, बल्कि प्रदेश और देश को गौरवांवित किया है। गौरतलब है कि शिखर उसी गौरवशाली परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जिसके सगे चचेरे भाई मेजर अभिषेक सिंह को अद्वितीय वीरता के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। भाई के पदचिन्हों पर चलकर, शिखर ने भी राष्ट्रसेवा की राह चुनी है, और इस कठिन परीक्षा को पास कर यह सिद्ध कर दिया कि रक्त में जब देशभक्ति हो, तो लक्ष्य तक पहुँचना केवल समय की बात होती है। शिखर, मोहल्ला शिव कॉलोनी, लखीमपुर खीरी के निवासी हैं। वे एक प्रतिष्ठित, शिक्षित और देशभक्त परिवार से आते हैं। उनके पिता अजीत सिंह और माता मधुरीमा सिंह ने सदैव उन्हें जीवन में अनुशासन और मूल्यों की शिक्षा दी। उनके चाचा अजय प्रताप सिंह, लखीमपुर के सुप्रसिद्ध व्यवसाय न्यू फैमिली बाज़ार का संचालन करते हैं। इस सुदृढ़ पारिवारिक आधार ने शिखर को सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय सेवा के प्रति हमेशा जागरूक बनाए रखा। शिखर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी से प्राप्त की, जहाँ उन्होंने 10वीं व 12वीं कक्षा में 95त्न अंक अर्जित कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण में भी खुद को निखारा। परीक्षा को शिखर ने दूसरे प्रयास में सफलतापूर्वक पास किया। पहले प्रयास में असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। आत्मचिंतन किया, रणनीति बदली और दृढ़ निश्चय के साथ फिर से मैदान में उतरे। परिणामस्वरूप, सफलता ने उनका स्वागत किया और वे देश की एक सबसे प्रतिष्ठित सुरक्षा सेवा के लिए चयनित हुए। इससे पूर्व शिखर ने गृह मंत्रालय के अंतर्गत इंटेलिजेंस ब्यूरो की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की थी। यह इस बात का प्रमाण है कि वे केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि बहुआयामी प्रतिभा के धनी हैं। शिखर को देशसेवा की प्रेरणा अपने सगे चचेरे भाई, शौर्य चक्र विजेता मेजर अभिषेक सिंह से मिली, जिन्होंने अपने पराक्रम से भारतवर्ष को गौरवान्वित किया। शिखर ने भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाया और अब सीएपीएफ के माध्यम से देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देने जा रहे हैं। आज शिखर उन युवाओं के लिए एक आदर्श हैं जो सीमित संसाधनों और छोटे शहरों से होते हुए भी बड़े सपने देखते हैं। उनका संदेश साफ है अगर नीयत सच्ची हो और प्रयास निरंतर, तो कोई भी ऊँचाई दूर नहीं रहती।

# अंडर-20 चैंपियंस लीग: एमएस-7 सेमीफाइनल में, लखीमपुर लायंस ने रॉयल चैंपियंस को किया बाहर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



अंडर-20 चैंपियंस लीग के तहत रविवार को खेले गए पांचवें मुकाबले में एमएस-7 ने एसीए को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं छठे मुकाबले में लखीमपुर लायंस ने रॉयल चैंपियंस को हराकर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पहले मैच में एसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 186 रन बनाए। टीम की ओर से अनन्य ने शानदार 59 रन और निशांत ने 47 रन का योगदान दिया। एमएस-7 की ओर से रिजवान और इरफान ने दो-दो विकेट झटके।

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएस-7 की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। टीम के लिए समर ने ताबड़तोड़ 77 रन बनाए, जबकि शिव ने 23 रनों का योगदान दिया। एसीए की ओर से अनन्य, देवांश, दीपक और शनि ने एक-एक विकेट लिया। दूसरे मुकाबले में लखीमपुर लायंस ने रॉयल चैंपियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने शिवांश (58) और राजदीप (24) की पारियों की बदौलत 162 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैंपियंस की ओर से सुयश, आदर्श और प्रज्ञा ने 2-2 विकेट लिए।जवाब में रॉयल चैंपियंस की टीम 20 ओवर में 125 रन ही बना सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टीम के लिए हार्दिक ने 30 और आदर्श ने 18 रन बनाए, जबकि लायंस की ओर से मानस ने तीन विकेट चटकाए। मैच के दौरान श्याम मोहन श्रीवास्तव, मनीष बंसल, आदर्श पांडे, पियूष अवस्थी, धर्मवीर और उत्कर्ष सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

### लखीमपुर खीरी के गानिम खान ने नीट 2025 में हासिल की बड़ी सफलता



**लखीमपुर खीरी।** जिले के इलाही गांव निवासी गानिम खान ने नीट 2025 में ऑल इंडिया 13307वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गानिम, इलाही मेडिकल स्टोर के मालिक नाजिम खान के इकलौते पुत्र हैं। साधारण परिवार से आने वाले गानिम ने कठिन मेहनत और संघर्ष के बल पर यह सफलता हासिल की है। गांव से निकलकर मेडिकल क्षेत्र में नाम बनाने की दिशा में यह उनका पहला बड़ा कदम है। गानिम का सपना है एम बी बी एस कर डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। इस उपलब्धि से लखीमपुर खीरी जिले में खुशी की लहर है और स्थानीय लोगों ने गानिम को बधाइयां दी हैं।

### बाबा नीम करौली महाराज के आश्रम स्थापना दिवस पर रकेहटी में हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद



**निघासन (खीरी)।** ग्राम रकेहटी स्थित बाबा नीम करौली महाराज के आश्रम में स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और बाबा के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा-अर्चना के पश्चात विधिवत रूप से भंडारे की शुरुआत हुई। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिससे आश्रम परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंग गया। भंडारे के सफल आयोजन में प्रमुख रूप से राम मनोहर गुप्ता, रामविलास गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, डॉ. प्रदीप गुप्ता, संजय गुप्ता सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी ने अपने स्तर से सेवा भावना के साथ योगदान दिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि बाबा नीम करौली महाराज का आशीर्वाद पूरे क्षेत्र पर बना हुआ है और इसी श्रद्धा के साथ हर वर्ष यह आयोजन भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना से संपन्न होता है। आज के आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली और सभी ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

# जन आरोग्य मेला: मरीजों को मिला लाभ, योग दिवस पर किया योगाभ्यास

▶ मितौली के पांचों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हुआ आयोजन, सैकड़ों मरीजों ने उठाया फायदा

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड मितौली के पांचों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह के संरक्षण में किया गया। इस बार यह मेला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष रूप से आयोजित हुआ, जिसमें मरीजों के इलाज के साथ-साथ योगाभ्यास भी कराया गया। मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्लुआमोती में डॉक्टर शहला अंसारी द्वारा 56 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं ककरहा में डॉ. उस्मान अयूबी ने 54 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इसी क्रम में संडिलवा में डॉ. पंकज शुक्ला द्वारा 36 मरीजों का इलाज किया गया, जबकि चुरईपुरवा में 32 और कैमहरा में डॉ. विपनेश कुमार द्वारा 36 मरीजों को उचित परामर्श और इलाज दिया गया। मेले में आए सभी मरीजों और ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि योग जीवनशैली का अहम हिस्सा बनना चाहिए, जिससे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। योगाभ्यास में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह से भाग लिया। मेले में आए सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं वितरित की गई और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मेले में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की। अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिकित्सकों ने संदेश दिया कि 'स्वस्थ जीवन का आधार-योग को करें स्वीकार', जिसे ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक अपनाने का संकल्प लिया।

### भीषण गर्मी के साथ बिजली की लुका-छिपी और लो वोल्टेज से जनजीवन बेहाल

**उतरौला (बलरामपुर)।** जहां एक ओर उत्तर भारत के कई हिस्से भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में हैं, वहीं उतरौला क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बिजली की अनियमित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या ने और बढ़ा दी हैं। एक तरफ झुलसाने वाली गर्मी, दूसरी ओर पंखों और कूलरों का न चलना लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। विशेषकर चमरूपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले शाहपुर इटई, भड़वाजोत, बनगवा, महदेइया, फकिरापुर, बनकटवा, बढ़या पकड़ी, गोगाथद, नया नगर, विशुनपुर, बेथुइया सहित अन्य गांवों में बिजली आपूर्ति दिन-रात मिलाकर केवल चार से पांच घंटे ही हो पा रही है। जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, पिछले कई दिनों से बिजली की सप्लाई या तो बहुत कम वोल्टेज पर हो रही है या बार-बार ट्रिपिंग से पूरी तरह बाधित है। लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर और फ्रिज जैसे जरूरी उपकरण भी काम नहीं कर पा रहे हैं। दुकानदारों और व्यापारियों को भी बिजली की समस्या के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग को शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। क्षेत्रीय नागरिक धीरेंद्र गुप्ता, रवि पांडे, शब्बीर अहमद और प्रेमशंकर यादव ने बताया कि अगर जल्द बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो जन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने बलरामपुर के जिलाधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से बिजली समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि एक ओर तो सरकार बिजली कनेक्शन और बिल वसूली पर जोर देती है, वहीं आपूर्ति और गुणवत्ता की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। उतरौला क्षेत्र और चमरूपुर फीडर से जुड़े गांवों में हीटवेव और बिजली संकट का यह संगम जनता के लिए किसी आपदा से कम नहीं।

# क्षेत्र पंचायत निधि से हो रहे पुलिया निर्माण कार्य का ब्लॉक प्रमुख ने किया निरीक्षण



**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** विकास खण्ड रेहरा बाजार अंतर्गत कच्छन अशरफपुर और नयानगर के बीच में नाला पर पुलिया निर्माण कार्य कराए जाने के लिए भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष लालमन वर्मा के अथक प्रयास से क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह चौहान (प्रमुख) के द्वारा संभव हो पाया। पुलिया का निर्माण कार्य से आस पास के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। नयानगर और कच्छर अशरफपुर के बॉर्डर बन रही पुलिया से बिशुनपुर, नयानगर,नयानाथ मुरावन डीह, पोखरा,पंडित गांव आदि मजरों के लोगों को बरसात के समय आने जाने में बड़ी संख्याओं का सामना करना पड़ता था। पुलिया का निर्माण हो जाने पर कई गांवों के लोगों परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों खेती करने के लिए आने जाने में अच्छी सुविधा हो जाएगी। प्रमुख पंकज सिंह चौहान रेहरा बाजार से बात चीत में जानकारी मिली कि क्षेत्र में ऐसे ही छोटी बड़ी कई पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है जिससे लोगों को आने जाने में परेशानियों से निजात मिली है,आगे अभी क्षेत्रों में कई जगह पर लोगों के प्रयास पुलिया निर्माण,इंटरलॉकिंग खड़ंजा आदि कार्य कराया जाएगा।जिससे क्षेत्र में विकास कार्य होता रहे। इस अवसर पर अवनीस सिंह,मण्डल अध्यक्ष लालमन वर्मा, बीडीसी प्रतिनिधि विजय पाल वर्मा (घोघरा),प्रधान राज करन वर्मा,पूर्व प्रधान राधे श्याम वर्मा,अवधेश यादव (जी एल मार्का भट्ठा मालिक), विवेक सिंह, शिव पूजन वर्मा, बंशराज वर्मा, सनेही मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन सादुल्लानगर मंडल में संपन्न

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 11 वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन सादुल्लानगर के डाक बंगला परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विकसित भारत के लक्ष्य को और सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख महंत वीरेंद्र दास रहे। व विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज श्रीवास्तव ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता द्वारा की गई। सभा को संबोधित करते हुए महंत वीरेंद्र दास ने अपने प्रेरणास्पद विचार रखते हुए पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारत अब आत्मनिर्भरता की ओर नहीं, बल्कि विकसित राष्ट्र की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

विशिष्ट अतिथि मनोज श्रीवास्तव ने भाजपा की उपलब्धियों और संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सशक्त अभियान चलाने की अपील की। सभा के अंत में अहमदाबाद में हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रमेश चंद तिवारी व मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने भाजपा की जनसेवा यात्रा, संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी रणनीति पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महंत वीरेंद्र दास, मनोज श्रीवास्तव, रमेश चंद तिवारी, विष्णु प्रताप गुप्ता, अरविंद मिश्रा (पूर्व मंडल अध्यक्ष), गुड़िया वर्मा (महिला मोर्चा अध्यक्ष), राधेश्याम गुप्ता, सुमित सिंह (जिला मंत्री भाजयुमो), राम मूरत प्रजापति, अतुल उपाध्याय, रमेश चौहान, आनंद बाबा, रमेश गुप्ता (प्रधान), राघव राम वर्मा, अवधेश उपाध्याय, भगवान पूजन पटेल, चैतू यादव, विजय गुप्ता, रुद्र कुमार यादव, दयाशंकर तिवारी, अनूप शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, हनुमान गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, राजकुमार शर्मा, राम अवध शर्मा, मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता, सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु व क्षेत्र के सैकड़ो महिलाएं व पुरूष कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# उत्तर प्रदेश के 11 जेल अधीक्षक और 22 जेलरों का तबादला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को 11 जिलों के जेल अधीक्षक और 22 जेलरों का तबादला किया गया है। जिन 11 जिलों के जेल अधीक्षकों के तबादले की सूची जारी की गई है उनमें कोमल मंगलानी को कारागार अधीक्षक मैनपुरी से जिला जेल बुलंदशहर अधीक्षक भेजा गया।

कारागार अधीक्षक जिला बहराइच के पद पर तैनात राजेश यादव जिला जेल रामपुर का अधीक्षक बनाया है। कारागार अधीक्षक जिला सोनभद्र सौरभ श्रीवास्तव को वाराणसी जिला जेल का अधीक्षक, शशांक पांडे कारागार अधीक्षक चित्रकूट को जिला जेल मैनपुरी, प्रभात सिंह जेल अधीक्षक महाराजगंज से रायबरेली, अधीक्षक कारागार रायबरेली में तैनात अमन सिंह को जिला जेल हरदोई, कारागार अधीक्षक जिला फतेहगढ़ भीमसेन मुकुंद को जिला जेल कन्नौज, कारागार अधीक्षक जिला बस्ती में तैनात अंकेक्षिता श्रीवास्तव को जिला जेल एटा एवं कारागार अधीक्षक जिला गोण्डा शिव प्रताप मिश्रा को बस्ती जेल का अधीक्षक बनाया गया है। इसी तरह 22 जेलरों के भी तबादले हुए है, इनमें आलोक कुमार केंद्रीय कारागार नैनी से जिला कारागार महाराजगंज, राजेश कुमार वर्मा को जिला कारागार मीरजापुर से सीतापुर, संतोष कुमार वर्मा को जिला कारागार चित्रकूट से केन्द्रीय कारागार आगरा, सुशील कुमार वर्मा जिला कारागार मथुरा से बरेली, रंजीत कुमार सिंह को जिला कारागार संतकबीरनगर मऊ भेजा गया है। आलोक कुमार शुक्ला जिला कारागार मेरठ से कारागार खीरी, आनन्द सिंह को केन्द्रीय कारागार बरेली से जिला कारागार बरेली, महेन्द्र पाल को उप कारागार देवबन्द से मुरादाबाद, जितेन्द्र कुमार कश्यप जिला कारागार बागपत विशेष ड्यूटी सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान से जिला कारागार मैनपुरी बनाया गया है।




विक्रम सिंह यादव को जिला कारागार मुरादाबाद विशेष ड्यूटी मुख्यालय से जिला कारागार बांदा और विजय कुमार राय को जिला कारागार हरदोई से निलम्बित विशेष ड्यूटी जिला कारागार कौशाम्बी से जिला कारागार महाराजगंज भेजा गया है। इसके साथ ही राजेश कुमार राय को जिला कारागार उन्नाव से आगरा, सुरेन्द्र मोहन सिंह को जिला कारागार लखनऊ से मथुरा, राजेश कुमार मौर्य जिला कारागार बांदा से गौतमबुद्धनगर, नीरज कुमार श्रीवास्तव को जिला कारागार श्रावस्ती से मुजफ्फरनगर में स्थानांतरण किया गया है।

इसी तरह विकास कटियार को जिला कारागार आजमगढ़ से गाजियाबाद, सुरेश बहादुर सिंह को जिला कारागार अयोध्या से वाराणसी, हरिवंश पाण्डेय को जिला कारागार खीरी से मेरठ, राजेश कुमार प्रथम को जिला कारागार मऊ से उन्नाव, वीरेन्द्र कुमार वर्मा को केन्द्रीय कारागार वाराणसी विशेष ड्यूटी एटा को जिला कारागार एटा, कृष्ण मोहन चन्द्र को जिला कारागार महराजगंज से उन्नाव और अंजनी कमार गुप्ता को केन्द्रीय कारागार नैनी से जिला कारागार झांसी बनाया है।

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि को नैक निरीक्षण के बाद मिला बी प्लस-प्लस ग्रेड

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ हरदोई सीतापुर रोड पर स्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में जून महीने के प्रथम सप्ताह में तीन दिन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया था।

निरीक्षण भाषा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रशासनिक दक्षता आधारभूत संरचना शिक्षण विधियों, शोध कार्यों, नवाचार, विश्वविद्यालय कल्याण, सामाजिक गतिविधियां और समग्र विकास पर केंद्रित था। आज इसका इन्तिजार खत्म हुआ अनतः राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा विश्वविद्यालय को मूल्यांकन के आधार पर 2.86 अंकों के साथ बी प्लस-प्लस ग्रेड से नवाजा है, जो भाषा विश्वविद्यालय की भविष्य की ओर यात्रा में मील का पत्थर है।

इस उपलब्धि पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने नैक पीयर टीम का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाषा विश्वविद्यालय के लिए नैक पीयर टीम ने निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय परिवार के लिए आत्मविश्लेषण का महत्वपूर्ण अवसर रहा। नैक पीयर टीम द्वारा दिए गए सुझावों का पालन करते हुए हम अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता को और भी बेहतर बनाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### मंत्री ने प्रदेश की पहली फ्रूट वाइनरी का किया उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में रविवार को उत्तर प्रदेश की पहली वाइनरी 'एंब्रोसिया नेचर लिविंग एल.एल.पी.' का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने किया। उद्घाटन समारोह में मंत्री नितिन अग्रवाल ने कंपनी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि इस वाइनरी में प्रदेश में उगने वाले फलों से वाइन तैयार की जाएगी। इससे जहां प्रदेश के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, स्थानीय स्तर पर रोजगार के भी अवसर सृजित होंगे। उन्होंने इसे राज्य में कृषि, उद्योग और पर्यटन के संगम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वाइनरी शुभारंभ के साथ-साथ एक भव्य मैंगो फेस्टिवल का आयोजन भी हुआ, जिसमें देश-विदेश से सैकड़ों पर्यटक पहुंचे। फेस्टिवल में मलिहाबाद के विश्वप्रसिद्ध आमों की कई किस्मों की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यटकों ने घुड़सवारी, ऊंट और बैलगाड़ी की सवारी, साथ ही मिट्टी के बर्तन बनाने जैसी पारंपरिक गतिविधियों का भी लुत्फउठाया। आयोजन ने क्षेत्र की कृषि, संस्कृति और पर्यटन को एक मंच पर लाकर लोकल को ग्लोबल से जोड़ने की कोशिश की।

### नवविवाहिता ने सुसाइड किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर के आजाद नगर में रहने वाली मृतका खुशी मिश्रा (25) ने मार्च 2024 में अर्जुन सिंह चौहान से प्रेम विवाह किया था। दोनों की पहली मुलाकात बंथरा की एक बाइक एजेंसी में हुई थी। वहां दोनों एक साथ काम करते थे। शादी के बाद दोनों ने नौकरी बदलकर ट्रांसपोर्ट नगर की एक एजेंसी में काम करना शुरू किया। घटना शनिवार रात की है। अर्जुन के घर पर अखंड रामायण पाठ चल रहा था। रात करीब 2 बजे खुशी और उसके ससुराल वालों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद खुशी अपने कमरे में चली गई। उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। रात करीब 3 बजे तक वह बाहर नहीं निकली। परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से देखने पर खुशी पंखे से लटकी दिखी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के अनुसार मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह से आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

### कन्या इंटर कॉलेज में मिला चपरासी का शव, जांच शुरु

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी के कन्या इंटर कॉलेज में एक दुखद घटना सामने आई। स्कूल के चपरासी सैयद अली का शव रविवार सुबह साढ़े सात बजे स्कूल परिसर में मिला। मोहल्ले के खेलने आए बच्चों ने सबसे पहले शव को देखा और अन्य लोगों को सूचित किया। सैयद अली गोंडा जनपद के बलरामपुर पिपरा गांव के रहने वाले थे। वह कई वर्षों से स्कूल परिसर में बने एक कमरे में रहकर चपरासी की नौकरी कर रहे थे। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि रात में हुई बारिश के कारण शव भीगा हुआ था। पुलिस को प्राथमिक जांच में अत्यधिक गर्मी के कारण बुजुर्ग की मौत होने की आशंका है। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सटीक कारण पता चल सकेगा।

### दलितों पिछड़ों को हटाने के लिए निजीकरण कर रहीं सरकारें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कैसरबाग स्थित गांधी भवन में रविवार को जन अधिकार पार्टी ने प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया जिसमें आने वाले पंचायत तथा जिला पंचायत चुनावों को लेकर मंथन किया गया। जौनपुर से सांसद तथा जन अधिकार पार्टी के संस्थापक बाबू सिंह कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि मौजूदा सरकारें दलितों पिछड़ों और वंचितों को दूर हटाने के लिए लगातार प्राइवेटाइजेशन कर रही है क्योंकि प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जन अधिकार पार्टी पूरी मजबूती के साथ जिला पंचायत चुनावों में उतरेगी क्योंकि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी भागीदारी होती है। जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने कहा कि जब तक आपका बूथ मजबूत नहीं होगा तब तक आपकी सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो सकेगी।

### चारा काटने गई युवती को जंगल में खींचा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इटौंजा थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 21 वर्षीय सोनम खेत में चारा काटने गई थी। इस दौरान गांव का राधेश्याम पुत्र अजय कुमार वहां पहुंच गया। आरोपी ने युवती को अकेला पाकर उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसने युवती का हाथ पकड़कर जबरदस्ती जंगल की तरफखींचने का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी ने उसका मुंह दबाया और रेप का प्रयास किया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। युवती किसी तरह आरोपी के चंगुल से बचकर अपने घर पहुंची। उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़िता के परिजनों ने इटौंजा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### पतौरा में मिला अर्धनग्न शव, हाथों में रस्सी के निशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा थाना क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा में रविवार सुबह करीब 8 बजे एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिला है। शव अर्धनग्न अवस्था में औंधे मुंह पड़ा हुआ था। मृतक की नाक से खून निकल रहा था और उसके बगल में एक चादर दबी हुई मिली। मृतक के हाथों पर रस्सी से बांधने के निशान पाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि किसी ने हत्या करने के बाद शव को यहां फेंक दिया है। सूचना मिलते ही पारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक को इलाके में घूमते हुए देखा गया था। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है और पंचनामे की कार्रवाई कर रही है।

### लखनऊ में केंद्रीय विद्यालय संगठन का वार्षिक सम्मेलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग का तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन रविवार को द रेग्नेंट होटल में शुरू हुआ। सम्मेलन में लखनऊ संभाग के 48 केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य भाग ले रहे हैं। संभाग की उपायुक्त सोना सेठ ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। सहायक आयुक्त अर्चना जायसवाल ने शैक्षणिक प्रदर्शन और वर्तमान सत्र की योजनाओं पर चर्चा की। सहायक आयुक्त अनूप अवस्थी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पीएम योजना और विज्ञान-गणित शिक्षा के प्रोत्साहन पर विचार रखे। 16 जून को केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय के उपायुक्त मनोज कुमार पांडे शैक्षणिक और आईटी विषयों पर चर्चा करेंगे। विजय कुमार राजभाषा और खेलकूद पर, जबकि एमपी सिंह वित्तीय मामलों पर सत्र लेंगे। अंतिम दिन केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे मुख्य अतिथि होंगी। वो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगी। सम्मेलन में पिछले वर्ष की शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा और आगामी सत्र की रणनीति पर भी विचार-विमर्श होगा।

### यूथ मीटिंग में प्रतिभाग को इटली जाएगा सी.एम.एस. छात्र दल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस का पाँच सदस्यीय दल पन्द्रह दिवसीय इण्टरनेशनल सी.आई.एस.वी. यूथ मीटिंग में प्रतिभाग हेतु इटली जायेगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय मीटिंग 25 जून से 9 जुलाई तक इटली के कार्टिना शहर में आयोजित की जा रही है, जिसमें कई देशों के छात्र दल अपने टीम लीडर के नेतृत्व प्रतिभाग कर रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इटली रवाना होने वाले सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की शिक्षिका वंदना साही कर रही हैं जबकि छात्र सदस्यों में आयुष्मान सिंह, आर्या सिंह, चित्राक्षी सिंह एवं पी यशस्य शामिल हैं। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय मीटिंग का आयोजन इंग्लैण्ड की चिल्ड्रेन्स इण्टरनेशनल समर विलेज संस्था (सी.आई.एस.वी.) के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### कक्षा छह से आठ तक के 2000 बच्चों को मिलेगा निःशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका

# ग्रामीण परिवेश के बच्चों को संवार रहा सर्वोदय विद्यालय

▸ प्रदेश में खुले नौ नए सर्वोदय विद्यालय

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** गरीब, वंचित और ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने के संकल्प के तहत संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय आज प्रदेश में एक आर्दश मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं। इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 9 नए सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलिभीत, मनकापुर गोंडा, सरवनखेड़ा कानपुर देहात, अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर,



मैनपुरी शामिल हैं।

उप निदेशक जे. राम ने बताया कि हर जिले में 5 एकड़ में बने इन विद्यालयों में सत्र 2025-26 में कक्षा 6 से 8 तक 2000 बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। इस पहल से न सिर्फ छात्रों का भविष्य संवर रहा है बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और सामाजिक समृद्धि का रास्ता भी खुल रहा है। मौजूदा समय में समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं को ःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से 58 जिलों में 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। 9 नए विद्यालयों के साथ अब 62 जनपदों में सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। 45 विद्यालयों में आवासीय सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इन 9 नए विद्यालयों के शुरू होने से यह संख्या 109 हो जाएगी। इन विद्यालयों में 85 फीसदी छात्र ग्रामीण व 15 फीसदी शहरी क्षेत्र से चयनित किये जाते हैं। इन विद्यालयों में 60 फीसदी अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, 25 फीसदी पिछड़ा वर्ग व15 फीसदी सामान्य वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है।आधुनिक सुविधाएं स्मार्ट क्लास कंप्यूटर लैब पुस्तकालय विज्ञान प्रयोगशालाएं, 34 टैब के टैब लैब, ऑनलाइन शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इन्ट्रेक्ट पैनल, एड, एयरोमॉडलिंग व आर्टीफीशियल इन्टेलिजेन्ट की कार्यशालाओं का आयोजन, ऑनलाइन लर्निंग मटेरियल आवासीय सुविधा पूरी तरह सुरक्षित और अनुशासित व्यवस्था, खाने से लेकरयूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की सामग्री, भोजन और नाश्ता की व्यवस्था कोचिंग सुविध नीट, जेईई जैसी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग केंद्र की स्थापना, कौशल विकास प्रशिक्षण शिक्षकों को भी अंग्रेजी में प्रशिक्षण, छात्रों के लिए बोलचाल की क्लास सीसीटीवी निगरानीर हर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम खेलकूदर खेलकूद के क्षेत्र में छात्र छात्राओं को ट्रेनिंग रोजगार स्कूल में छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। बढ़ी लाभार्थियों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में सरकार की इस योजना के चलते लाभार्थी छात्रों की संख्या में साल दर साल बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2018-19 में जहां यह संख्या 32,429 थी, वहीं 2025-26 में करीब 37,000 छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।

### सीपी ऑफिस व थाने के बाहर दो पक्षों में चले लात-घूंसे

**लखनऊ ।** लखनऊ में एसीपी कार्यालय और थाने के बाहर रविवार को खूब लात-घूंसे चले। इस दौरान एक सिपाही बीच-बचाव कराने की कोशिश करता रहा, लेकिन सफल नहीं हुआ। दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक-दूसरे को खदेड़-खदेड़कर मारा। हालांकि, बाद में अन्य पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना मोहनलालगंज एसीपी कार्यालय और मोहनलालगंज थाने के बाहर का है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में लगी थी। यहां पर पुलिस की संख्या कम थी। कम पुलिसवाले देखकर थाने में शिकायत करने आए लोग आपस में भिड़ गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## उत्तर प्रदेश की वार्षिक वन्यजीव गणना का काम पूरा, जल्द जारी होगी रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में वार्षिक वन्यजीव गणना पूरी कर ली गयी है और जल्द ही इसकी रिपोर्ट जारी की जाएगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्रों में वार्षिक वन्य जीव गणना पूरी हो गई है और इस गणना का परिणाम इस माह के अंत तक जारी किया जाएगा। ये वन्यजीव गणना 26 मई को शुरू हुई थी तथा 14 जून को सम्पन्न हुई।

इसके मुताबिक, इस वर्ष खासतौर पर बारहसिंघा, काला हिरन, चिंकारा, गैण्डा, घड़ियाल के साथ भालू और तेंदुए की भी गणना की गई है। इसके साथ ही अन्य शाकाहारी जीवों हिरन, सांभर, चीतल, नीलगाय, पाड़ा, बंदर और लंगूर की भी गणना कराई गई है। प्रदेश में वन्यजीव गणना का कार्य मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के निर्देशन में सभी मण्डल के मुख्य संरक्षकों की निगरानी में कराया गया है। उत्तर प्रदेश वन एवं वन्य जीव विभाग प्रतिवर्ष प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्रों में वन्यजीवों की गणना करवाता है। वन्यजीव गणना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वन्यजीवों की संख्या और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त करना है, जिसके आधार पर आगामी वर्षों में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए व्यापक योजनाओं का निर्माण किया जाता है।

### गुरुद्वारा सचखंड साहिब में विशेष समागम, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित गुरुद्वारा सचखंड साहिब में पंजाबी महीना आषाढ़ के आगमन पर मासिक गुरमति समागम का आयोजन किया गया। समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई मनजीत सिंह के श्री गुरबाणी कीर्तन से हुई। आलमबाग से आए रागी जत्था भाई सतबीर सिंह ने भी कीर्तन प्रस्तुत किया। इसके बाद ज्ञानी मनजीत सिंह ने आषाढ़ माह की विशेषताओं उन्होंने गुरबाणी के माध्यम से इस महीने के आध्यात्मिक महत्व को समझाया। साथ ही संगत को जीवन में गुरमत विचारों को अपनाने का संदेश दिया।

## आंधी-बारिश से कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में रविवार तड़के आई तेज आंधी और झमाझम बारिश ने राजधानी की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह हिला कर रख दिया। सबसे ज्यादा असर गोमती नगर विस्तार, आलमबाग, सीतापुर रोड, और राजाजीपुरम समेत कई इलाकों में देखने को मिला, जहां लोग घंटों अंधेरे में परेशान रहे।

गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 (खरगापुर) समेत कई हिस्सों में शनिवार,रविवार देर रात से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। भूमिगत केबल में फॉल्ट आ गया है और फॉल्ट लोकेटर की टीम मौके पर पहुंचने की तैयारी में है। निवासियों को सुबह तक इंतजार करना पड़ा। अम्बेडकर पार्क रोड, आजाद नगर, आलमबाग, बंगला बाजार, और सेक्टर जे अंबिका विहार जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी बिजली की सप्लाई पूरी तरह चरमरा गई। लोग गर्मी और उमस से परेशान होकर रात भर जागते रहे।



### राजधानी में हुई तेज बारिश, 14 दिन बाद बदला मौसम

**लखनऊ।** लखनऊ वासियों को भीषण गर्मी से आखिरकार बड़ी राहत मिली। शहर में आज रात 3 बजे आंधी के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। बादलों की गड़गड़ाहट के साथ खूब बिजली चमकी। करीब 14 दिन बाद लखनऊ और आसपास के इलाकों में मौसम बदल गया। तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह से बादल घिरे हुए हैं। 10-15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। शनिवार, रविवार की रात अचानक मौसम ने करवट ली और तप रहे शहर में बादल घिरे, फिर बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं (40-60 किमी,घंटा) के साथ हुई बरसात ने उमसभरी गर्मी से राहत दिलाई।

### व्यापार मंडल ने निकाली योग जागरुकता वाहन रैली

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व तैयारियां तेज हो गई हैं। आशियाना क्षेत्र में रविवार को योग जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से निकाली गई। रैली का शुभारंभ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं योग समिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने झंडी दिखाकर किया। रैली में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, व्यापारियों व सेवानिवृत्त अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आशियाना के जोनल पार्क से शुरू हुई रैली एलडीए कॉलोनी के विभिन्न मोहल्लों, बाजारों और पार्कों से होकर पुनः जोनल पार्क में समाप्त हुई। योग समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने बताया कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आशियाना क्षेत्र और गोमती नगर में विशाल योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में कार्य बहिष्कार स्थगित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में 17 जून से प्रस्तावित प्रांतव्यापी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय रविवार को लखनऊ के नरही स्थित विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के केंद्रीय कार्यालय में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया।

महासंघ के घटक संगठनों द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की कार्रवाई के विरोध में 17 जून से कार्य बहिष्कार की घोषणा की गई थी। किंतु प्रदेश में बढ़ते तापमान और उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए इस हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष आरएस राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि आगे की रणनीति को लेकर आगामी बैठक 29 जून को लखनऊ में होगी बैठक में प्रमुख रूप से पुनीत राय प्रभारी विद्युत संविदा मजदूर संगठन मोहम्मद कासिफ अध्यक्ष विद्युत संविदा कर्मचारी संघ दिनेश सिंह भोले महामंत्री केस्को संविदा कर्मचारी संगठन, कानपुर विनोद कुमार प्रांतीय अध्यक्ष निविदा संविदा कर्मचारी सेवा समिति अमित खारी महामंत्री विद्युत निविदा संविदा कर्मचारी सेवा संघ तथा मुदस्सिर राजपूत, शाहरुख खान, सोनू जाटव, मलिक पांडेय, सुरेन्द्र शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, बृजपाल शर्मा, विमलेश कुमार और परवेन्द्र आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांस्कृतिक व आध्यात्मिक स्थल भी होंगे योगमय

**लखनऊ ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की तैयारियां पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही हैं। हर बार की तरह इस बार योग दिवस को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हुए ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। गोरखपुर के गोरखधाम मंदिर, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम, सीतापुर के नैमिषारण्य चक्र तीर्थ और वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। लखनऊ के राजभवन और मथुरा के प्रेम मंदिर में भी योग से जुड़ी गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जाएगा।ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जिले के ऐतिहासिक स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित होंगे।

## चेन स्नैचिंग वारदात का पुलिस ने किया खुलासा, तीन लुटेरे व ज्वेलर्स गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन लुटेरों और एक ज्वेलर्स को गिरफ्तार किया है। मामला गोसाईंगंज के निजामपुर का है। यहां परचून की दुकान चलाने वाली सियारानी से बाइक सवार तीन लुटेरों ने 10 रुपए का गुटखा खरीदने के बहाने सोने की चेन छीन ली थी। पीड़िता के बेटे अजय साहू की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था।

घटना की जांच के लिए 5 पुलिस टीमें लगाई गईं। टीमों ने आसपास के करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। 14 जून की शाम को मुखबिर से संदिग्धों की पहचान दीपक श्रीवास्तव, हर्षित यादव और प्रांशु वर्मा के रूप में हुई। रात 9 बजे पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग के पास से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी की चेन को गोसाईंगंज स्थित श्रीकृष्ण ज्वैलर्स में 31,000 रुपए में बेच दिया था। पुलिस ने ज्वैलर्स के मालिक शुभम गुप्ता से पूछताछ की। शुरू में उसने चेन खरीदने से इनकार किया। बाद में उसने स्वीकार किया कि 9 ग्राम वजन की 18 कैरेट सोने की चेन, जिसकी कीमत करीब 70,000 रुपए थी, उसने 31,000 रुपए में खरीदी थी। पूछताछ में शुभम ने चोरी के कई अन्य जेवरात भी सस्ते दामों में खरीदने की बात कबूल की। शुभम गुप्ता चोरी के जेवरात खरीदता-बेचता था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से गांव के आउटर में स्थित दुकानों/गुमटियों में जाकर रेकी करते थे। जिन दुकानों में महिलाएं अकेली दुकान चलाती मिलती थीं और सोने-चांदी के आभूषण पहने रहती थीं।

## भीषण गर्मी में बिजली के 224 ट्रांसफार्मर जले, लोग परेशान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में जनवरी से अब तक बिजली के 224 ट्रांसफॉर्मर जले हैं। ज्यादातर ट्रांसफॉर्मर भीषण गर्मी के दौरान जले हैं। इससे संबंधित क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रही है। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई है। लोगों का कहना है कि विद्युत निगम को गर्मी से पहले तैयारियां करनी थी, जिससे इस तरह की दिक्कतें नहीं आतीं। विद्युत निगम ने इस साल ट्रांसफार्मरों की समय रहते क्षमता बढ़ाने और नए ट्रांसफॉर्मर लगाने का दावा किया था।

शहर को चार जोन में बांटकर प्रबंधन को बेहतर करने का काम हुआ था। बता दें कि साल- 2024 में 715 ट्रांसफॉर्मर जले या खराब हुए थे। वहीं, 2025 में अब तक ये आंकड़ा 224 है। लखनऊ मध्य जोन के पुराने लखनऊ में इस बार अब तक 63 और 100 केवीए के एक भी ट्रांसफॉर्मर नहीं जले। 100 से 1000 केवीए के पिछले साल 41 खराब हुए थे, इस बार अब तक 9 हुए हैं। गोमती नगर जोन के ग्रामीण हिस्से में शामिल चिनहट और मुंशी पुलिया में पिछले साल 63 केवीए के 35 ट्रांसफार्मर जले थे। इस साल अब तक सिर्फ 6 जले हैं। 100 केवीए के एक भी नहीं जला। 100 से 1000 केवीए के 55 ट्रांसफॉर्मर जले थे, इस बार 5 जले हैं। जानकीपुरम जोन में 10 और 16 केवीए के पिछले साल 11 ट्रांसफॉर्मर जले थे, इस बार 25 और 63 केवीए के 86 से घटकर 17 और 100 से 1000 केवीए के 16 से घटकर 2 जले हैं।

## फर्जी दस्तावेजों से जमीन बेचने की कोशिश, दो आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में जमीन की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों से जमीन बेचने की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला चंद्र किशोर की जमीन का है, जो वर्तमान में रायबरेली के सूरजपुर में रहते हैं। उनकी निगोहां थाना क्षेत्र में कुल 1.826 हेक्टेयर जमीन है। आरोपियों ने इस जमीन के आधे हिस्से यानी 0.913 हेक्टेयर को फर्जी दस्तावेजों के जरिए बेचने की साजिश रची। पुलिस ने इस मामले में महेंद्र यादव और सौरभ पटेल को गिरफ्तार किया है। महेंद्र यादव मलिहाबाद का रहने वाला है, जबकि सौरभ पटेल हरदोई के माधवगंज का निवासी है। दोनों की गिरफ्तारी 15 जून को भद्दीखेड़ा स्थित एक्मे रेजीडेंसी के पास से की गई। पूछताछ में महेंद्र यादव ने बताया कि उसने राहुल पाल, रंजीत यादव और सरदार तस्वीर सिंह के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। आरोपियों को पता था कि जमीन के मालिक चंद्र किशोर वहां नहीं रहते। उन्होंने डॉ. ईशा त्यागी को जमीन बेचने का प्लान बनाया और उन्हें विश्वास दिलाने की कोशिश की। थाना निगोहां में इस मामले में धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी। मुख्य आरोपी महेंद्र यादव ने पूछताछ में बताया कि राहुल पाल, रंजीत यादव और सरदार तस्वीर सिंह के साथ मिलकर एक साजिश रची गई। योजना के तहत डॉ. ईशा त्यागी के प्लॉट के पास स्थित जमीन, जो चंद्रकिशोर के नाम पर थी, को हड़पने का प्लान बनाया गया। आरोपियों ने डॉ. ईशा त्यागी को यह कहकर फंसाया कि वे उन्हें यह जमीन दिला सकते हैं। गिरोह ने एक व्यक्ति राजेश सिंह को जमीन मालिक चंद्रकिशोर के रूप में प्रस्तुत किया। राजेश सिंह आशियाना के एलडीए कॉलोनी में किराए पर रहता है और मूल रूप से फतेहपुर का निवासी है। इसके लिए फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाए गए। सौरभ पटेल ने खुलासा किया कि महेंद्र यादव ने उसे 12 लाख रुपए का लालच देकर इस धोखाधड़ी में शामिल किया।

राहुल पाल ने इस फर्जी रजिस्ट्री के लिए 11 लाख रुपए दिए। सौरभ ने अपने साथी राजेश सिंह को फर्जी चंद्रकिशोर बनने के लिए तैयार किया। यह लोग आपस में मिलकर कूटरचित दस्तावेज बनाए। राजेश सिंह को चन्द्र किशोर बनाकर डॉ. ईशा त्यागी से मिलवाया। उनको यह विश्वास दिलाया गया कि यह व्यक्ति वास्तविक चन्द्र किशोर है। इसे पैसों की जरूरत है। इसलिए यह जमीन बेचना चाह रहा है।

### पूर्व आईएएस की पत्नी के हत्यारोपियों पर गैंगस्टर लगा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे (58) की हत्या करने वाले आरोपी अखिलेश यादव, रवि यादव और रंजीत पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गैंग बनाकर अनैतिक काम करके आर्थिक लाभ ले रहे थे। इनके गैंग से इलाके के लोग डरे हुए हैं। कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। गैंग का लीडर राजीव नगर घोसियाना पीजीआई निवासी अखिलेश यादव है।

## जल जीवन मिशन (ग्रामीण) में लापरवाही : प्रबंधकों, अभियंताओं और ठेकेदारों को नोटिस

# सख्ती : कई परियोजनाएं अधूरी मिलने पर कार्रवाई शुरू

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रही 145 परियोजनाओं को पूर्ण बताकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर सख्त रुख अपनाया है। स्वतंत्र सत्यापन में परियोजनाएं अधूरी पाए जाने के बाद डीएम ने कार्यदायी एजेंसियों, एलएंडटी के परियोजना प्रबंधकों और जलनिगम के अधिकारियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर जनपद स्तर की अधिकारियों की टीमों द्वारा जल जीवन मिशन की 145 परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन कराया गया। इन परियोजनाओं को पहले पूर्ण बताया गया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान हकीकत निराशाजनक पाई गई। अधिकांश स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने, बाउंड्रीवाल निर्माण, स्नाझ्र्ष्ट (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन), ऑटोमेशन, सड़क पुनर्स्थापना, सोलर पैनल और जलाशयों में लाइटिंग कंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण कार्य अधूरे पाए गए।

**अधिशासी अभियंता को 3 दिन में जवाब देने का निर्देश**

उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता श्री धर्मेंद्र कुमार



को जिलाधिकारी ने तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि कार्यों की स्थिति अत्यंत खेदजनक है और यह अस्वीकार्य है कि अधूरी परियोजनाओं को पूर्ण बताकर रिपोर्ट भेजी गई। उन्होंने यह भी पूछा है कि ऐसी भ्रामक रिपोर्ट किस स्तर पर सत्यापित की गई थी।

**एलएंडटी के परियोजना प्रबंधकों को चेतावनी और कारण बताओ नोटिस**

जल जीवन मिशन की 145 में से 141 परियोजनाएं एलएंडटी (लार्सन एंड टुब्रो प्रा. लि.) द्वारा निष्पादित की गई हैं। इन परियोजनाओं को भी पूर्ण दर्शाया गया था।

1. मनोज कुमार, परियोजना प्रबंधक, एलएंडटी को 24 घंटे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

2. सुनील कुमार, दूसरे परियोजना प्रबंधक को भी कड़ा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि बिना ग्राउंड वेरिफिकेशन और ग्रामवासियों से निर्बाध जल आपूर्ति की पुष्टि के कोई भी परियोजना पूर्ण घोषित नहीं मानी जाएगी। उन्होंने एलएंडटी को निर्देश दिया है कि वे सभी 141 परियोजनाओं का स्वयं पुनःसत्यापन कराएं और एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों को दूर करते हुए अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने ठेकेदार फर्म मेसर्स केएलएसआर रेज पावर इन्फा प्रा. लि. को भी 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

**डीएम की दो टूक चेतावनी - तय होगी व्यक्तिगत जवाबदेही**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अभियंताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि 10 दिनों के भीतर कमियां दूर की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होता या जलापूर्ति नहीं होती, तो न केवल संस्थाओं बल्कि अधिशासी अभियंता एवं अधीनस्थ अभियंताओं की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**नौ अवर अभियंताओं के खिलाफ परिनिन्दा प्रविष्टि दर्ज**

जिलाधिकारी ने 10 अवर अभियंताओं के विरुद्ध मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि (परिनिन्दा) की कार्रवाई की है। साथ ही उन्हें 10 दिनों के भीतर अधूरी परियोजनाएं पूर्ण कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सभी अभियंताओं को आदेशित किया गया है कि वे कार्यों को पूर्ण कर अधिशासी अभियंता के माध्यम से अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें।

1. हर्षित मिश्रा (अवर अभियंता, करनैलगंज/नवाबगंज) : कुल 6 परियोजनाएं अधूरी होने के बावजूद उन्हें पूर्ण घोषित किया गया था। पाइपलाइन, जल कनेक्शन, सोलर पैनल जैसे कार्य अपूर्ण थे। डीएम ने युद्धस्तर पर कार्य पूर्ण कर 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है।
2. अंकुश गुप्ता (इटियाथोक) : 17 में से अधिकतर परियोजनाएं अपूर्ण थीं। रिपोर्ट में सोलर पैनल, पाइपलाइन, कनेक्शन आदि कार्य अधूरे पाए गए।
3. सरोज कुमार गुप्ता (हलधरमऊ/मनकापुर) : 15 परियोजनाएं अधूरी थीं।
4. नीष कुमार पांडेय (कटाराबाजार/बभनजोत) : 6 योजनाओं में सोलर पैनल, सड़क, पाइपलाइन अधूरी थी। डीएम ने कहा कि यह प्रशासनिक जवाबदेही से बचने का प्रयास है।
5. रियाज अहमद (तरबगंज/छपिया) : 18 योजनाएं अधूरी पाई गईं। डीएम ने उन्हें शासन की योजनाओं के साथ घोर खिलवाड़ करने का दोषी माना।
6. सचिन कुमार वर्मा (परसपुर/बेलसर) : 12 परियोजनाओं में कार्य अपूर्ण थे। जिलाधिकारी ने कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कड़ी चेतावनी दी।
7. विशाल पाठक (रूपईडीह/वजीरगंज) : 36 योजनाएं अपूर्ण पाई गईं।
8. अनुज कुमार (झंझरी/पड़रीकृपाल) : 27 योजनाएं अधूरी थीं।
9. रोहन कुमार वर्मा (मुजेहना) : 8 योजनाओं में पाइपलाइन, सोलर पैनल आदि कार्य अधूरे पाए गए। डीएम ने इस आचरण को गैर-जिम्मेदाराना रवैया बताया।

**68 अधूरी परियोजनाओं पर सहायक अभियंता को चेतावनी**

झंझरी, पड़रीकृपाल, मुजेहना, रूपईडीह, परसपुर और तरबगंज विकासखंडों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 68 परियोजनाएं अधूरी पाई गईं, जबकि इन्हें पूर्व में पूर्ण घोषित किया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता श्री अतुल कुमार त्यागी को चेतावनी पत्र जारी करते हुए 10 दिवस के भीतर सभी कमियां दूर कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**सहायक अभियंता नितिन किशोर को चेतावनी पत्र**

मनकापुर एवं छपिया विकासखंडों में सहायक अभियंता श्री नितिन किशोर के अधीन कुल 12 पेयजल योजनाएं अधूरी अवस्था में पाई गईं। जिलास्तरीय सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि अभियंता द्वारा बिना स्थल निरीक्षण के भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए चेतावनी पत्र जारी किया। डीएम ने निर्देशित किया है कि नितिन किशोर 10 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कर अनुपालन आख्या अधिशासी अभियंता के माध्यम से प्रस्तुत करें।

**चार सहायक अभियंताओं को चेतावनी**

स्वतंत्र सत्यापन में कई विकासखंडों की परियोजनाओं के अधूरे पाए जाने पर चार सहायक अभियंताओं को व्यक्तिगत रूप से चेतावनी पत्र जारी कर 10 दिनों की अंतिम मोहलत दी गई है। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कार्य समयसीमा में पूर्ण नहीं होते, तो दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी।

**सहायक अभियंता श्री शुभम मिश्रा को कड़ी चेतावनी**

करनैलगंज, कटरा बाजार एवं हलधरमऊ विकासखंडों में अधूरी परियोजनाओं को पूर्ण दर्शाने के आरोप में जलनिगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता श्री शुभम मिश्रा को जिलाधिकारी ने कड़ा चेतावनी पत्र जारी किया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि श्री मिश्रा 10 दिनों के भीतर सभी अधूरी परियोजनाओं की कमियों को दूर कराकर अधिशासी अभियंता के माध्यम से अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें।

## चिकित्सक की लापरवाही से गई महिला की जान, परिजनों में आक्रोश






समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** एक तरफ जहां सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक लगातार औचक निरीक्षण कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त नजर नहीं आ रही है। किस्सा सिर्फ वही है सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल तक की दौड़ जैसे कहावत है गिलहरी की दौड़ पीपल के वृक्ष तक मालूम हो कि मामला जनपद गोण्डा के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अशोकपुर बंजरिया गाँव की गीता मिश्रा से जुड़ा है जो अब इस दुनिया मे नही रही।

गीता आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल में आई थी बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने के लिए लेकिन डॉक्टर की लापरवाही से गीता का एक ऑपरेशन के बजाय डॉक्टर ने दो ऑपरेशन कर दिया जिससे कि इलाज के दौरान गीता की मौत हो गई। वहीं गीता के परिजनों ने आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल में डॉक्टर पर इलाज के दौरान कथित लापरवाही का आरोप लगाया है। गीता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और नगर कोतवाली में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**सात दिन में दो ऑपरेशन, 27 टांके**

परिजनों के अनुसार गीता मिश्रा को बच्चेदानी से संबंधित समस्या थी, जिसके चलते उन्हें तीन जून को गायत्रीपुरम चौराहे के पास आशा देव मेमोरि यल हॉस्पिटल में गीता को भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि भर्ती के सात दिनों के भीतर महिला का दो बार ऑपरेशन किया गया। दूसरे ऑपरेशन में पेट में 27 टांके लगाए गए थे। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती गईं लेकिन अस्पताल प्रबंधन उन्हें लगातार ठीक होने का भरोसा देता रहा। आशा देव मेमोरियल हॉस्पिटल के यमराज के विश्वास पर बैठे रहें फिर शनिवार को देर रात महिला की तबीयत अचानक फिर गंभीर रूप से बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और हंगामा किया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क किनारे खड़े ट्रक में मिला कानपुर निवासी व्यक्ति का शव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा इलाके में बकरा मंडी के पास खड़ी ट्रक में कानपुर निवासी व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने मृतक की पहचान कर स्वजन को सूचना दी है। कानपुर से स्वजन बहराइच के लिए रवाना हो गए हैं। शव दो-तीन दिन पुराना लग रहा है। नानपारा कोतवाली इलाके के बाईपास मार्ग पर अंगनूपुरवा तिराहा स्थित बकरा मंडी के पास सड़क किनारे ट्रक खड़ा था। ट्रक से रविवार को आवागमन करने वाले लोगों को दुर्गंध आई, जिस पर राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक से शव बाहर निकलवाया। साथ ही उसके पास मिले परिचय पत्र से उसकी पहचान करवाई। शव की पहचान कानपुर के शरचंडी इलाके के 42 वर्षीय राजभान सिंह के रूप में हुई। कोतवाल रामाज्ञा सिंह ने बताया कि शव दो-तीन पुराना लग रहा है। शव को मर्च्युरी में रखवा दिया गया है। स्वजन के आने पर शिनाख्त कर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण पता चल सकेगा। प्रथमदृष्टया मृतक ट्रक चालक लग रहा है। ट्रक में मोटरसाइकिलें लोड है। इनके हरिद्वार से बिहार जाने की जानकारी मिली है। अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### मसूद गाजी के उर्स का आखिरी दिन, चढ़ाई चादर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में स्थित सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर रविवार को उर्स का आखिरी दिन है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच से मिली अनुमति के बाद श्रद्धालुओं ने दरगाह में जियारत की। जिला प्रशासन ने पहले दरगाह पर होने वाले वार्षिक मेले पर रोक लगा दी थी। इसके विरोध में दरगाह प्रबंध समिति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने श्रद्धालुओं को दरगाह में जियारत की अनुमति दे दी। रविवार को दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने मजार पर चादर चढ़ाई और मन्नतें मांगी। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे श्रद्धालुओं ने आसपास की दुकानों से खरीदारी भी की।

### बराती-घराती भिड़े, लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, चार घायल



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के पुरैना बाजार में एक शादी समारोह उस समय रणभूमि में तब्दील हो गया जब भोजन को लेकर बराती और घराती आपस में भिड़ गए। मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर जमकर चले। जानकारी के अनुसार, मन्नान पुत्र भगेलू की पुत्री आश्मीन की शादी पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेसमाधि निवासी चाँद अली पुत्र द्दड़द के साथ तय थी। शादी समारोह के दौरान भोज व्यवस्था को लेकर बरातियों और घरातियों में कहासुनी हो गई जो कुछ ही पलों में खूनी संघर्ष में बदल गई। इस झड़प में बराती पक्ष से कोनू पुत्र अनोखी, अनोखी पुत्र बाउर और दानु पुत्र सफी घायल हो गए, वहीं लड़की पक्ष से बैदहे पुत्र काला जोगी निवासी कन्छर और ददऊ पुत्र भगेलू को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया। दोनों पक्षों की तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 20 वर्षों से एक ही पटल पर तैनात लिपिक अनुपम अकूत संपत्ति का मालिक

**70000 वेतन व पांच नौकर तथा भिन्न-भिन्न शहरों में अनगिनत मकान व संपत्ति का मालिक है अनुपम**

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** बेसिक शिक्षा के लेखा विभाग में पिछले 20 वर्षों से एक ही पटल पर तैनात लिपिक अनुपम पाण्डेय अकूत संपत्ति का मालिक बन बैठा। अलीगढ़ व लखनऊ में दो मकान के साथ ही गोण्डा में उसके चार आलीशान मकान हैं।

अनुपम पाण्डेय के राजसी ठाट-बाट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2024 में उसकी बेटी दुबई गयी थी। वहां वह जिस होटल में रूकी थी, उसका एक रात का किराया लगभग 77000 रूपए था, जबकि एक थाली भोजन की कीमत 6500 और एक बोतल पानी की कीमत 700 रूपए थी। जिले के बेसिक शिक्षा का लेखा विभाग आए दिन भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में रहता है। यहां पिछले 20 वर्षों से तैनात लिपिक अनुपम पांडेय की पत्नी कुमुद लता पांडेय का प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में खाता है, जो 16 नवंबर 2015 को खोला गया है। लिपिक अनुपम पांडेय द्वारा अपनी पत्नी को बंशीधर लघु माध्यमिक विद्यालय मिश्रौलिया तामापार, गोण्डा में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति दर्शाकर उक्त खाते में सरकारी कोष से धनराशि ट्रांसफर करना प्रारंभ किया गया।

18 जनवरी 2016 को उक्त बैंक खाते में 17 लाख 30 हजार 931 रुपए की धनराशि ट्रांसफर की गयी। खाते में मार्च 2019 में वेतन की राशि ट्रांसफर की गयी है। आईडीबीआई बैंक में भी अपनी पत्नी के नाम से खाता खुलवाकर लिपिक अनुपम पाण्डेय द्वारा अप्रैल 2019 से लाखों रूपए वेतन ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा लिपिक द्वारा





अपनी साली को वर्ष 2017 में फर्जी डिग्री के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय करमा छपरा में कार्यरत दिखाकर वर्ष 1998 से वर्ष 2023 तक वेतन के रूप में लाखों रुपए निकालकर वर्ष 2023 में उसकी सेवानिवृत्ति कराकर पेंशन, फंड तथा ग्रेच्युटी आदि का भुगतान कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि एक वेतनभोगी कर्मी की आय निश्चित होती है, लेकिन लेखा विभाग के लिपिक अनुपम पांडेय और उसके परिवार के सदस्यों तथा नौकरों के पास इतनी अकूत संपत्ति होने से साफ परिलक्षित होता है कि उनके द्वारा व्यापक स्तर पर वित्तीय अनियमितता की गयी है। अनुपम पांडेय द्वारा अनुचित लाभ लेकर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाया गया है। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि आखिर एक मामूली लिपिक के पास इतना धन कहां से आ गया कि लखनऊ जैसे महानगर में तीन मकान बनवा लिया। एक मकान निर्माणाधीन बताया जा रहा है, वहीं गोण्डा में 4 आलीशान मकान कहां से आ गए? आखिर लिपिक अनुपम पाण्डेय के परिजनों और नौकरों के खातों में इतना रूपया कहां से आ गया? इनकी पत्नी के खातों में सरकारी कोष से इतना पैसा क्यों ट्रांसफर किया गया? आरोप है कि अनुपम पांडेय ने अपने सगे संबंधियों और नौकरों के नाम तमाम लग्जरी गाड़ियां खरीद रखी हैं। स्कोडा गाड़ी अल्पना पांडेय के नाम पर, फॉर्च्यूनर गाड़ी अतुल कुमार श्रीवास्तव के नाम पर, आई 20 गाड़ी अनुपम पाण्डेय ने स्वयं के नाम, एक बाइक आदर्श के नाम, एक जावा गाड़ी कमलेश चंद्र के नाम, एक एमजी हेक्टर गाड़ी अजय के नाम, एक इनोवा क्रिस्टा मीनाक्षी के नाम, एक टोयोटा ग्लैंजा अमित बाजपेयी के नाम और एक थार अज्ञात के नाम लिए जाने का आरोप लगाया है।

**बीजेपी विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने की सीएम से शिकायत**

तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेमनारायण पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि लिपिक अनुपम पाण्डेय के भाई के पास एक वेगनआर कार, होंडा सिटी कार है, जो बलरामपुर में है। एक बजाज की बाइक उनके भाई के लड़के के पास है। दो स्कूटी उनके घर पर है, जिसमें से एक इनका नौकर व दूसरा इनका लड़का आर्यन पांडेय चलाता है। लिपिक अनुपम पांडेय के पास पांच नौकर अमित कुमार, अजय कुमार, प्रवीण मिश्रा, दिलीप व कमलचंद जोशी हैं। इनमें से अमित कुमार बाराबंकी का रहने वाला है। अनुपम पाण्डेय का प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, पंतनगर, गोण्डा में खाता है, जिसमें वह अपनी काली कमाई जमा करता है। नौकर अजय कुमार व दिलीप कुमार के खातों के साथ ही अपने भाई अमित पांडेय के खाते में भी अपनी काली कमाई जमा करता है। इन सभी खातों की भी जांच कराई जानी चाहिए। विधायक प्रेमनारायण पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने लिपिक के भ्रष्टाचार के संबंध में 17 मार्च 2025 को पत्र दिया था। इसके बावजूद वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में तैनात लिपिक अनुपम पांडेय के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। विधायक ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की है।

## पर्यटकों के लिए बंद हो गया कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग रविवार से पर्यटकों के भ्रमण के लिए बंद हो गया। इस दौरान न पर्यटक जंगल जा सकेंगे और न ही वन्यजीवों का दीदार कर सकेंगे। पर्यटन सत्र बंद होने से अब जंगल मार्ग पर वन्यजीव वाहनों के आवागमन से परेशान नहीं होंगे। मानसून सत्र के समापन पर लगभग पांच माह बाद पुनः नवंबर में जंगल पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। जंगल में बाघ, तेंदुआ, हाथी, बारहसिंघा समेत अन्य दुर्लभ वन्यजीव पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इतना ही नहीं जंगल में बहने वाली गेरुआ, कौड़ियाला नदियों में डाल्फिन, कछुआ, मगरमच्छ और घड़ियाल की उछलकूद भी धमाचौकड़ी भी पर्यटन को बढ़ावा देती है, लेकिन अब वन और जलीय जीवों का दीदार पर्यटक नजदीक से नहीं कर सकेंगे। मानसून सत्र के चलते जंगल में पर्यटन सत्र को बंद कर दिया गया है। पर्यटन सत्र बंद होने से अब जंगल भ्रमण पर पर्यटक नहीं जा सकेंगे। सड़क मार्ग से दूर ही वन्यजीवों का दीदार कर सकेंगे। प्रभागीय वनाधिकारी बी शिवशंकर ने बताया कि 15 जून से जंगल में पर्यटन सत्र बंद कर दिया गया है। मानसून सत्र समापन के बाद पुनः कतर्निया के द्वार खुलने पर ही पर्यटक जंगल का भ्रमण कर सकेंगे।

## सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों ने कर लिया कब्जा डीएम से शिकायत

**बहराइच।** चित्तौरा ब्लाक के रिसिया जमाल गांव के लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। गांव में सार्वजनिक स्थान पर ग्राम प्रधान व अन्य लोगों पर कब्जा कर मिट्टी पटाई का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कब्जा हटवाने और कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम रिसिया जमाल निवासी राज बहादुर की अगुवाई में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में सार्वजनिक रास्ते की जमीन स्थित है। इस पर पुलिया बनी हुई है, लेकिन ग्राम प्रधान व पांच अन्य लोगों ने जमीन पर कब्जा कर मिट्टी पटाई कर दी है।

साथ ही पुलिया को पाट दिया है। इसके चलते जल निकासी बाधित है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच एसडीएम सदर को देते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## कैसरगंज में निकाली गई भव्य योगा रैली

समृद्धि न्यूज



**स्लोगनों व नारों के माध्यम से योग के लाभ व स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का किया आह्वान**

**बहराइच/कैसरगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजन के तहत ब्लॉक कैसरगंज परिसर से भव्य योगा रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बृजेश सिंह ने किया। रैली में ब्लॉक के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र में योग के प्रति जनजागरूकता का संदेश फैलाया।

रैली ब्लॉक मुख्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए पुनः ब्लॉक परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान कर्मचारियों ने विभिन्न स्लोगनों और नारों के माध्यम से योग के लाभ और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का आह्वान किया। रैली के समापन पर एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन की राह भी दिखाता है। सभी पंचायत कर्मचारी 15 जून से 21 जून तक अपने-अपने ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से योग कार्यक्रम आयोजित करें और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। प्रत्येक व्यक्ति को दिनचर्या में योग को कम से कम आधे घंटे के लिए शामिल करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। यदि हम स्वस्थ हैं, तो समाज, परिवार और देश की उन्नति में बेहतर योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव आशीष कुमार सोनकर, कृष्ण श्रीवास्तव, सौजन्य मिश्रा, रामप्रवेश, गुलाबचंद, पंकज मौर्य, एवं ब्लॉक कर्मचारी सुधीर कुमार मौर्य, हरीश कुमार, राम गणेश, निरंकार वर्मा, सज्जन लाल, हबीब अहमद, विनोद कुमार यादव, नियाज अहमद, रिजवान अहमद, राहुल कुमार, नसीम अली, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, मोहम्मद इमरान, प्रमोद यादव, मृत्युंजय सिंह, राकेश कुमार, राजेश सोनी, इमरान अहमद, राजेश कुमार सहित अनेक रोजगार सेवक और पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

समृद्धि न्यूज

**जांच कराकर की जाएगी नियमानुसार कार्रवाई : एक्सईएन**

**बहराइच।** घटिया सड़क निर्माण कार्य को देखकर ग्रामीण भड़क उठे और निर्माण की जांच कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर गिट्टी डालकर खानापूर्ति की जा रही है। निर्माण कार्य की जांच होनी चाहिए। उसके बाद आगे का कार्य किया जाए। ऐसा न होने पर कुछ महीने बाद ही सड़क उजड़ जाएगी और लोगों की समस्या फिर वैसे हो जाएगी। एक्सइएन ने जांच कराने की बात कही है। फखरपुर विकास खंड के ग्राम अचौलिया स्टेडियम से होलपारा जाने वाला मार्ग काफी बदहाल है। सड़क जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इसके चलते लोगों को आवागमन में समस्या हो रही है। जनप्रतिनिधियों की मांग पर सरकार की ओर से नई सड़क निर्माण व मरम्मतीकरण को हरी झंडी मिल गई। सड़क का निर्माण शुरू हो गया। निर्माण में मानक की अनदेखी किए जाने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। नाराज ग्रामीण मुमताज, आलोक सिंह, मायाराम, रामउदित, बनवारी पाल, टुनटुन, सुरेश कुमार, ननकू निषाद, रिंकू श्रीवास्तव, उत्तम, भगेलू आदि ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की माने तो पुरानी सड़क को पहले उजाड़ना चाहिए। इसके बाद सड़क की सफाई कर गिट्टी व तारकोल का प्रयोग कर ऊपर से गिट्टी डालने के बाद उसकी रोलिंग की जानी चाहिए, जिससे सड़क मजबूत बने और टिकाऊ रहे। सड़क पर पड़ी धूल तक साफ नहीं किया जा रहा है, डामर डाल कर महज खानापूर्ति की जा रही है। इससे सड़क एक ओर बन रही है तो दूसरी ओर उजड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे निर्माण कार्य की जांच कराई जाए। अनियमितता करने वाले ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं था। अब आया है, इसकी जांच कराकर अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों चलते सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**सौरिख/कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** पड़ रही भीषण गर्मी व लगातार बढ़ रहे तापमान चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया वही सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जून के महीने में जैसे ही विजय दशहरा बीतते ही गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है।वही बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज के चलते आम नागरिकों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। आम नागरिकों ने घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया जिसके चलते सुबह 11:00 बजते ही सड़को पर सन्नाटा छा जाता है। वहीं पशु पक्षी भी दिखाई नही पड़ते। ग्रामीण क्षेत्रों बिजली अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान।मझिगंवा निवासी गिरजेश दुबे ने बताया कि बीती रात से बिजली नहीं आई है। सुबह से एक्सप्रेस वे अंडर पास पर फाल्ट हुआ हैं।जिसके चलतेसमूचे गांव बिजली सप्लाई अवरुद्ध होने कारण गांव पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। वही बेजुबान जानवर भी गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं। जेई सुनील कुमार ने बताया की अंडर केबिल फाल्ट हो गई है। जिसको जल्द से जल्द सुधरबाकर सप्लाई सुचारू रूप से चालू कराई जाएगी।

### रुखसार ने तोड़ा धर्म का बंधन, बनी मुस्कान

**बहराइच।** मजहब की दीवार तोड़कर रुखसार ने अपने प्रेमी अजय संग सात फेरे लिए और अब वह मुस्कान के नाम से जानी जाएगी। शुक्रवार की शाम बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ स्थित औसनेश्वर महादेव मंदिर में ये शादी देखने के लिए दर्जनों लोग मंदिर पहुंचे और सभी ने उन्हें आशीर्वाद दिया। कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत सिसई हैदर अजय की ननिहाल कोतवाली क्षेत्र के चेतरा गांव में है। अजय अक्सर अपने नाना के घर चेतरा जाया करते थे। अजय बताते हैं, रुखसार का घर उनके नाना के घर के पास ही है। पहली बार उन्होंने रुखसार को नाना के घर के पास देखा था और उन्हें पहली नजर में उससे प्यार हो गया। दोनों ने शादी करने का मन बनाया। लेकिन शादी के बीच उनके मजहब आ गए। रुखसार के परिजनों ने इस रिश्ते से इन्कार कर दिया। दोनों ने शुक्रवार को बाराबंकी में भगवान महादेव को साक्षी मानकर दोनों को एक दूसरे के गले में वरमाला डाल दी। दोनों का विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**शुभारंभ** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ, कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ हुआ वृहद पथ

# इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित हुआ योगाभ्यास

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** इंदिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव एवं ज़िला विकास अधिकारी राजकुमार ने भगवान धनवंतरी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इससे पहले प्रातः 6 बजे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से इंदिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए एक वृहद पथ संचलन को अपर जिलाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।





जिला विकास अधिकारी राजकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम लोगों को योग को एक दिन या सप्ताह तक ही सीमित नहीं रखना है वरन इसको अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए। आज पूरे विश्व ने योग की क्षमता को स्वीकार कर अपने दिनचर्या का अंग बनाया है और इससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम की भूमिका में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि योग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक बनाकर अखिल विश्व को स्वास्थ्य प्रदान करने की गारंटी दी है। आज विश्व के 180 से अधिक देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हृदय से स्वीकार किया है और इसको पूरे मन और उत्साह से मनाते है। इन्दिरा स्टेडियम में मास्टर योग प्रशिक्षक जय प्रकाश वर्मा और राकेश कुमार दुबे ने योग प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी को योगाभ्यास कराया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम से प्रारंभ कर ताड़ासन, वृक्षासन, कटि चक्रासन, पादहस्तासन, भुजंगासन, शलभासन, उष्ट्रासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन शवासन, कपालभांति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, ज़िला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ यूनुस अली अंसारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद प्रमिता सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भूपेंद्र, डॉ राजेश कुमार, डॉ विक्रम, डॉ अंतरिक्ष बैसवार, डॉ अजय सिंह, डॉ प्रभात मिश्रा, डॉ उपेंद्र रावत, डॉ उमेश चंद्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण सहित सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने तथा योग प्रोटोकॉल का संचालन जय प्रकाश वर्मा ने किया।

# योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के क्रम में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ,परियोजना निदेशक सतीश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह, डॉ रवि प्रकाश सोनकर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक अमित एवम राहुल जिला प्रचारक बृजेश द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मास्टर योग ट्रेनर डॉ रवि प्रताप सिंह ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। डॉ रवि प्रकाश सोनकर ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि 21 जून के सफल कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए अलग अलग कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। जिनमें योग प्रतियोगिताएं, महिलाओं, कुष्ठ रोगी, बंदी, वृद्ध जन आदि के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं आयुष योग ग्राम दिवस के रूप में समस्त ग्राम पंचायतों में योग शिविर और चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के उपरांत उद्यान परिसर में समस्त अतिथियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोघ्न सोनकर, भारत विकास परिषद से राजाराम मौर्य ,वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति रायबरेली के अध्यक्ष युगल किशोर तिवारी, परशुराम योगाचार्य गायत्री परिवार, पतंजलि योग समिति के राम शरण, डॉ आर पी सिंह हार्टफुल इंस्टिट्यूट, संदीप जैन एवम महेंद्र अग्रवाल व्यापार मंडल आदि उपस्थित रहे।

### मंदिर में दर्शन करने गए श्रद्धालुओं के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की मारपीट

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हनुमंत नगर कनावा धाम में स्थित हनुमान धाम में रायबरेली से दर्शन करने के लिए अपने परिवार के साथ तभी हाथ पैर धोने के लिए पास में लगे हैंडपंप पर हाथ पैर धोने श्रद्धालुओं के साथ लड़कियां जाती हैं वहां पर मुस्लिम संप्रदाय के लड़के लड़कियों के साथ उल्टा सीधा कमेंट बाजी करते हैं जब हाथ पैर धोने गए श्रद्धालु हैंडपंप पर उन मुस्लिम संप्रदाय लड़कों को मना करते हैं तो उनके परिवार के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं उतने में मंदिर के पुजारी राजेंद्र गुप्ता उन सभी को मना करते हैं फिर भी लड़ाई झगड़ा बढ़ता चला जाता है लड़ाई झगड़े के दौरान मंदिर के पुजारी एवं दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के साथ मुस्लिम बाहुबल क्षेत्र के समुदायों द्वारा मारपीट करी जाती है लाठी डंडों से जिस मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालुओं को गंभीर चोटे आई हैं श्रद्धालुओं और मंदिर के पुजारी को रायबरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ब्लॉक सभागार में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम आयोजित




**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री विजय सिंह और पूर्व विधायक राम लाल अकेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विकसित भारत की दिशा में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही पार्टी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने भाजपा की जनसेवा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, रहमत अली, अवधेश मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### भर्ती पुलिस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र हेतु एसपी ने लखनऊ किया रवाना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस आरक्षी भर्ती 2023 के चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के संबंध में मंगलम इण्टर कालेज थानाक्षेत्र मुसाफिरखाना एवं हुडा चिल्ड्रेन एकेडमी जगदीशपुर में ठहरे अभ्यर्थियों से मिलकर वर्ता की गयी एवं मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थों का जायजा लिया गया तथा अभ्यर्थियों व ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग में चयनित अभ्यर्थियों, उनके परिवहन हेतु निर्धारित बस चालकों, ड्यूटी पर नामित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन तथा समयबद्ध संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं जैसे पानी की बोतल, ग्लूकोन-डी आदि अभ्यर्थियों को साथ रखने एवं प्रत्येक बस में फर्स्ट एड किट की व्यवस्था किया गया। ब्रीफिंग के उपरांत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने चयनित अभ्यर्थियों के साथ भोजन कर सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी।

### दर्शनार्थियों की कार टकराई, सात लोग घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर हरियाणा के बल्लभगढ़ से काशीविश्वनाथ दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार रविवार को थाना क्षेत्र कमरौली के सिरियारी गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई, जिस में सात लोग घायल हो गए हैं। दर्शनार्थियों की कार को पीछे से पिकअप ने जोरदार टक्टर मार दी जिससे कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गयी, कार में पांच लोग सवार थे जो सभी घायल हो गए तथा ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे बैठे दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान सोम प्रकाश, राजकिशोर झा, सुबोध मिश्र, धीरू झा, अब्दुल मोइद और इकलाक अहमद के रूप में हुई है। कार सवार राजकिशोर झा ने बताया कि हम सभी लोग काशीविश्वनाथ दर्शन करने के लिए जा रहे थे। सभी घायलों को ट्रामा सेन्टर जगदीशपुर में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना पर थाना कमरौली तथा थाना जगदीशपुर की पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी मुसाफ़िर खाना भी ट्रामा सेन्टर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रोडवेज परिचालक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद अयोध्या निवासी परिचालक संजय श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के अमेठी डिपो में तैनात थे। शनिवार की देर रात संजय श्रीवास्तव अमेठी से रोडवेज बस लेकर सुल्तानपुर गए थे संजय श्रीवास्तव को रविवार की सुबह अमेठी वापस लौटना था, सुबह जब चालक ने बस पर जाकर संजय श्रीवास्तव को देखा तो संजय श्रीवास्तव अचेत अवस्था में दिखाई दिए, नजदीक जाकर देखने पर पता चला कि परिचालक संजय श्रीवास्तव की मौत हो चुकी है। पुलिस ने संजय श्रीवास्तव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है संजय श्रीवास्तव की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा संजय श्रीवास्तव की मौत से रोडवेज कर्मचारियों में गम का माहौल है।

### मोदी हैं तो मुमकिन है अब नारा नहीं, हकीकत है: हरेंद्र प्रताप

**जौनपुर।** मोदी है तो मुमकिन है अब नारा नही हकीकत है। पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की चर्चा होती थी, अब नवाचार और विकास की बात होती है। मोदी सरकार का शुरू से ही विजन रहा है कि समाज के निम्न वर्ग मजदूर तथा गरीबों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए हर प्रयास किए जाएं जिसमें यह सरकार काफी हद तक सफल भी रही 27 करोड लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं उक्त बातें गौराबादशाहपुर की मैरिज हॉल में आयोजित मोदी के सुशासन के 11 साल समारोह के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं। उन्होंने ऑपरेशन आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारत के साहस और संकल्प का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक खत्म करने, जीएसटी लागू करने और वक्फकानून में बदलाव जैसे साहसिक फैसले लिए हैं। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मापुर संतोष कुमार मौर्य, शाहिद, नेहा भारती, मनोज सिंह, लल्लन सिंह,अजय पाल, अजीत चौहान, बुधराम, विकास सिंह, गुल्लू यादव, शीलू सिंह, प्रदीप पांडे, विनय सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### रेल रोको आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन, सरकार से मांगों को मानने की अपील

**जौनपुर।** सरायहरखू व बक्शा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर जारी रेल रोको आंदोलन को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह बक्शा ब्लॉक परिसर में चल रहे आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे और अनशनरत अमरनाथ साथी से मुलाकात कर आंदोलन की मांगों को जायज बताते हुए उन्हें सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिया। डॉ. प्रभात विक्रम सिंह ने कहा कि यह जनता के हितों की लड़ाई है और जब तक सरकार मांगें नहीं मानती, संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान शेर बहादुर सिंह, देवराज पांडेय, कृष्ण कुमार गुप्ता (बबलू), अरुण शुक्ला, इरशाद खान, अखिलेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर, तीन की मौत व दो घायल

**सुलतानपुर।** जिले में रविवार को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। किलोमीटर संख्या 131 के पास स्कॉर्पियो और ट्रक की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त स्कॉर्पियो गुड़गांव से बिहार के मुंगेर जा रही थी। गाड़ी में चालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। हादसा उस समय हुआ जब चालक पिंकू कुमार (32) को नींद आ गई और वाहन ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में 72 वर्षीय कुमार विनय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 65 वर्षीय कलावती देवी और चार वर्षीय विदुषी ऊर्फपुग्गी ने जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल नूतन देवी (25) और चालक पिंकू कुमार (32) का अभी भी इलाज जारी है। सभी घायलों को बिरसिंहपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी, सुरक्षा अधिकारी कपिल देव सिंह यादव, उपनिरीक्षक परमानंद पांडे, और कांस्टेबल अश्विनी कुमार यादव पहुंचे। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को क्रेन की मदद से थाना जयसिंहपुर भिजवाया गया है।

### विकसित भारत संकल्प सभा में बोले भाजपा नेता, भारत बना दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

**सुलतानपुर।** जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि भारत ने विकास का नया इतिहास रचा है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। भारत अब आर्थिक विकास में जापान और ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। रघुवंशी ने आपरेशन सिंदूर को नए भारत की वैश्विक शक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवाकांत मिश्रा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश की स्थिति खराब थी। कांग्रेस सरकार के समय में विकास की जगह भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां बनती थीं। लंभुआ मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से 2047 तक विकसित भारत बनाने में योगदान का आह्वान किया गया।

# मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय के लोगों में मारपीट, चार गंभीर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। दोनों पक्ष के बीच झड़प में दर्जन भर से ज़्यादा ज़ख्मी हुए हैं। घायलों में चार की हालत गंभीर है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला बछरावां थाना इलाके के कन्नावा गांव का है। यहां बालाजी मंदिर के पास हैण्डपम्प लगा है। बताया जा रहा है कि पास में ही फ़कीर बिरादरी के कुछ मुसलमान रहते हैं। कल घटना के समय इन्हीं में से मुसलमान बिरादरी का कोई युवक हैण्डपंप पर पहुंचा तो उसके मोबाइल पर पानी चला गया। मोबाइल पर पानी जाने के बाद वह हैण्डपंप पर चला रहे बच्चों को डाटने लगा। यह देखकर मंदिर के पुजारी राजा ने वहां पहुंच कर बीच बचाव करना चाहा तो मुसलमान युवक के अन्य साथी आये और आक्रामक हो गए। देखते देखते दोनों पक्ष की तरफ से लाठी डंडे चलने लगे।

मामला सांप्रदायिक रंग लेता उससे पहले ही एसओ पंकज त्यागी और सीओ महाराजगंज प्रदीप कुमार ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्ष में काबू में करते हुए घायलों को इलाज के लिये रवाना किया। सीओ प्रदीप ने कहा कि हैंडपंप पर पानी पीने के दौरान विवाद हुआ है जिसमें दोनों पक्ष घायल हैं। उन्होंने कहा तहरीर मिलते ही अवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी। उधर चिकित्सकों ने चार घायलों को जिला अस्पताल के लिये रवाना किया है।

# आगामी 16 जून को शिवगढ़ ब्लॉक में कृषि निवेश मेले का होगा आयोजन

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेती किसानी से संबंधित जानकारी एवं तकनीकी खेती की जानकारी दी जाएगी जानकारी के मुताबिक आगामी 16 जून को विकासखंड शिवगढ़ के परिसर में कृषि विभाग द्वारा बृहद कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जाएगा इसके बारे में



जानकारी देते हुए राजकीय कृषि केंद्र शिवगढ़ के प्रभारी अधिकारी शिव शंकर वर्मा ने बताया कि कृषि निवेश मेले में कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए जाएंगे जिनके माध्यम से क्षेत्र के किसानों को खेती किसानी से जुड़ी जानकारी एवं तकनीकी खेती के बारे में कृषि विशेषज्ञ एवं जनपद के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जाएगी जिससे किसान तकनीकी रूप से खेती करके अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस कृषि निवेश मेले में कृषकों को मृदा परीक्षण, फसलों की अधिक पैदावार के साथ ही मुख्य रूप से धान की फसल में लगने वाले रोग एवं कीट से बचाव एवं धान की फसल रोपाई के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।

### आठ वर्ष की बच्ची से पड़ोसी युवक ने किया गंदा काम, आरोपित गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ में मां के साथ रिश्तेदार के घर गई आठ वर्षीय बालिका के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। आरोप है कि शिकायत पर युवक के परिवार के लोगों ने पहले तो माफी मांगी गई फिर बालिका उपचार कराने से मना करते हुए महिला को धमकाया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी आठ वर्षीय बेटी के साथ एक गांव में अपने रिश्तेदार के यहां गई थी। महिला का कहना है कि छह जून को पड़ोस में रहने वाली युवती रिश्तेदार के घर आई और अपरान्ह करीब तीन बजे बेटी को लेकर अपने घर चली गई। महिला के मुताबिक युवती ने बेटी को रात में अपने घर में रखा। आरोप है कि जब युवती के परिवारजन सो गए तो उनके घर के युवक ने देर रात बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बेटी ने जब आरोपित के परिवारजन से शिकायत की तो उसे ही डरा-धमकाकर चुप करा दिया और कहा कि इस बारे में किसी से कुछ नहीं बताना। महिला के मुताबिक आरोपित के परिवारजन ने बेटी को तीन दिनों तक अपने घर में रखा। इसके बाद उनकी बेटी जब घर आई तो उसने पूरी बात बताई। इस पर महिला ने मामले की शिकायत आरोपित के परिवारजन से की गई तो फोन पर पहले तो घटना को लेकर खेद प्रकट किया और माफी मांगी गई। इसके बाद बेटी के इलाज के लिए उन्हें दो हजार रुपये दिए, लेकिन आराम न मिलने पर उन्होंने आरोपित के परिवारजन से बेटी का उपचार किसी निजी अस्पताल में कराने के लिए कहा गया। महिला का आरोप है कि इस पर आरोपित के परिवारजन ने उपचार कराने से मना कर दिया गया और अपने बेटे को बेकसूर बताते हुए उन्हें धमकाया गया। प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल का कहना है कि महिला की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित बबुला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# डलमऊ के होनहार भाई-बहन ने फिर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव, नीट परीक्षा की उत्तीर्ण

- भाई-बहन ने दादी के सपनों को किया साकार, मां-बाप एवं परिवार का नाम किया रोशन
- यूपी बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स हैं भाई-बहन

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जीवन में सफल व्यक्ति कुछ अलग नहीं करता किंतु वह चीजों को अलग तरीके से करता है बेहतर से भी बेहतर की तलाश मैं जो रहते हैं उन्हें शिखर पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता कुछ ऐसा ही कर दिखाया है डलमऊ कस्बे के आदर्श नगर मोहल्ले के रहने वाले आस्था एवं अथर्व श्रीवास्तव ने शनिवार को घोषित हुए राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा (नीट यूजी) के परिणाम में दोनों भाई बहन ने एक बार फिर से सफलता अर्जित कर क्षेत्र को दोबारा गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है इससे पूर्व आस्था एवं अथर्व श्रीवास्तव ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में यूपी की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं अथर्व श्रीवास्तव ने हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश में पांचवा स्थान स्थान प्राप्त किया था तो वही आस्था श्रीवास्तव ने हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश में सातवां तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में नौवां स्थान प्राप्त किया था दोनों मेधावियों ने बताया कि उनकी दादी एएनएम थी और उनका सपना था कि वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करें दादी की प्रेरणा माता-पिता के



आशीर्वाद और कठिन परिश्रम के दम पर नीट की परीक्षा मैं सफलता अर्जित की और दादी के सपनों को साकार किया दोनों मेधावियों ने बताया कि वह दोनों भाई बहन नीट परीक्षा की तैयारी को लेकर एक दूसरे से कंपटीशन करते थे जिससे उनको तैयारी को लेकर पूर्वानुमान हो जाता था ऐसा करके वह दोनों 6 से 8 घंटे परीक्षा की तैयारी करते थे नीट यूजी 2025 परीक्षा के घोषित हुए परिणाम में अथर्व श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंकिंग 11303 रही तथा आस्था श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 55076 रैंक हासिल किया है दोनों बच्चों ने बताया कि डॉक्टर बनने के बाद क्षेत्र में रहकर समाज की सेवा करेंगे आस्था एवं अथर्व के पिता प्रभाकर श्रीवास्तव पेशे से सरकारी अध्यापक हैं माता दीपशिखा श्रीवास्तव ग्रहणी है पिता प्रभाकर श्रीवास्तव ने बताया कि उनके दोनों बच्चों की पढ़ाई में विशेष रुचि रही है और दादी की प्रेरणा से बच्चे डॉक्टर बनना चाहते थे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से दादी के डॉक्टर बनने के सपने को साकार किया बच्चों की सफलता से उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है उन्होंने बताया कि उनके दोनों बच्चे डॉक्टर बनना चाहते थे उनकी रुचि को देखते हुए उन्होंने नीट की तैयारी के लिए प्रेरित किया और आकाश इंस्टीट्यूट रायबरेली में तैयारी के लिए भेज दिया दोनों बच्चे वर्तमान समय में विज्ञान वर्ग से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं बच्चों की सफलता से डलमऊ क्षेत्र को एक बार फिर गौराणात होने का अवसर मिला है होनहारों की सफलता पर राजनीतिक व्यापारिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने घर पहुंचकर बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में रविवार को योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए। बताते चलें कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन द्वारा 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में रविवार को प्रातः 6:00 बजे से 8:00 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया इसके साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर, अमृत सरोवर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी ने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग के माध्यम से शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर योगाभ्यास के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# ट्रिपल हत्याकांड के चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** जफराबाद।क्षेत्र के महरुपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास रविवार को पुलिस ने ट्रिपल हत्याकांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के लिए यह हत्याकांड चुनौती बना हुआ था। ज्ञात हो क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी तथा उसके दो पुत्रों गुड्डू तथा यादबीर की 25 मई के शाम पांच से छह बजे के बीच नेवादा अंडरपास के समीप स्थित कारखाने में लोहे के सरिया हथौड़ा आदि से मारकर हत्या कर दी गयी थी।हत्या के बाद तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुध्द मुकदमा दर्ज हुआ था।दो आरोपियों को पुलिस ने 27 मई को गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद से ही पुलिस अन्य बदमाशों को पकड़ने के प्रयास में लगी हुई थी।पुलिस हर सम्भव प्रयास कर रही थी।घटना के खुलासे के लिए सीओ सिटी देवेश सिंह के नेतृत्व में टीमों



का प्रयास चल रहा था।रविवार को सीओ सिटी देवेश सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ऊक्त घटना के दो आरोपी प्रिंस निषाद पुत्र सुजीत निषाद निवासी टिसौरी थाना केराकत सौरभ बिंद पुत्र पन्नालाल निवासी बुमकहां थाना सरपतहा उक्त रेलवे ओवरब्रिज के पास मौजूद हैं। सूचना मिलते ही सीओ सिटी देवेश सिंह ने थानाप्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह को सूचना देकर तत्काल मौके पर भेजा।थानाप्रभारी एस आई सजंय कुमार,विपुल राय आदि के साथ मौके पर जाकर दोनो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद किया। इस घटना के बारे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीओ सिटी देवेश सिंह ने बताया कि घटना के में मुख्य आरोपी अरविंद कुमार नागर उर्फगोलू पुत्र पलटू राम नागर के साथ यह दोनो 25 मई की शाम पांच से छह बजे के बीच सौरभ बिंद तथा प्रिंस निषाद नेवादा अंडरपास के पास स्थित लालजी के कारखाने में पहुंच गए।वहां बाद में अरविंद उर्फ गोलू भी पहुंच गया। वहाँ जाकर कमरे के अंदर बैठे लालजी को हथौड़े से हमला करके मार दिया गया।पिता के हमले को लेकर जैसे ही गोलू कमरे की तरफ जाने लगा तभी उसको भी तीनो ने दबाकर मारा। उसके बाद उसके ऊपर हथौड़े से वार कर दिया। वह भी जमीन पर गिर गया उसको खींचकर लालजी जहा था वहां सुलाया गया।

# मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत पर हंगामा, तोड़फोड़

**सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में रविवार दोपहर को एक युवक को सांप ने काट लिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। परिजनों का आरोप उसे इमरजेंसी में सही से इलाज नहीं मिला। वह डॉक्टर और स्टाफ से कहते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।इलाज के अभाव में युवक की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। तोड़फोड़ की। शीशे तोड़ दिए। इस दौरान परिजनों के भी चोट लग गई। फर्श पर खून फैल गया। पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया। दरअसल, अयोध्या के बीकपुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार निवासी शिवम (21) पुत्र अशोक को रविवार दोपहर सांप ने काट लिया। परिजन उसे लेकर निजी वाहन से कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया। शिवम के भाई सोनू ने बतायादृ इमरजेंसी पहुंचने पर एक डॉक्टर आए। उन्होंने इंजेक्शन लगाया, फिर वो कहां चले गए पता ही नहीं। भाई की हालत बिगड़ने लगी तो बेहतर इलाज के लिए उसने वहां मौजूद स्टॉफ से हाथ जोड़कर मिन्नतें की, लेकिन मरीज को एक इंजेक्शन के बाद कोई हाथ लगाने को तैयार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि बेहतर इलाज नहीं मिलने से शिवम की मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में हंगामा किया, तोड़फोड़ की। इस दौरान परिजन भी लहूलुहान हो गए। खून फर्श पर बिखर गया। हंगामे से इमरजेंसी वार्ड में मौजूद स्टॉफ जान बचाकर भाग गए। सूचना पर सीएमएस आरके मिश्रा इमरजेंसी पहुंचे। नगर कोतवाली से भी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। परिजनों और अस्पताल से डॉक्टर से पूछताछ के बाद शव को टेम्पो पर लादकर मॉर्चरी लाया गया। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।रविवार सुबह इलाज में लापरवाही से आशा देवी नाम की महिला की भी मौत हो गई थी। भाई रंजीत के अनुसार, बहन को पेट में तेज दर्द की शिकायत थी। जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत ठीक बताते हुए वार्ड में शिफ्ट कर दिया। रात को मरीज की स्थिति सामान्य थी। आज सुबह 8 बजे फिर से तेज दर्द शुरू हुआ। मौके पर नर्स को बुलाया गया। नर्स द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद आशा देवी की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार डॉक्टर को बुलाया। नर्स ने भी कई बार फोन किया, लेकिन डॉक्टर नहीं आए। जब मरीज की मृत्यु हो गई, तब डॉक्टर मौके पर पहुंचे थे।

# विकलांग मां को घर में घुसने से बेटे ने किया मना, विरोध पर भाई ने भाई को पीटा

**सुलतानपुर।** शहर के चौक गल्ला मंडी में एक परिवारिक विवाद सामने आया है। आनंद कुमार ने अपने भाई पर घर पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। वह अपनी विकलांग मां को घर ले जाने गया था। भाई ने मां-बेटे को घर में प्रवेश करने से मना कर दिया। विरोध करने पर शनिवार रात शीतला प्रसाद, पप्पू, राहुल, शुभम, आदित्य और रितेश ने लोहे की रॉड से आनंद कुमार पर हमला कर दिया। हमले में वह बेहोश हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि पुलिस ने 3 घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिलाधिकारी के आवास पर जाने पर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। आनंद कुमार छह भाइयों में से एक हैं। एक भाई की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन बहनें भी हैं। उनकी मां विकलांग हैं और चल-फिर नहीं सकतीं। आनंद अपनी मां की देखभाल करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई मकान को खाली कराकर किसी और को बेचना चाहते हैं। आनंद के पास कोई आय का स्रोत नहीं है। वह मां के साथ मकान में रहकर छोटी दुकानदारी करना चाहते हैं। पट्टीदारों के बीच चल रहे इस विवाद में भाइयों ने मकान में ताला लगा दिया है। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है। वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है।

# वैश्विक संकट खड़ा कर रहे युद्ध

**प्रेम शर्मा**

वैश्विक स्तर पर लगभग प्रतिवर्ष किसी न किसी राष्ट्र के बीच युद्ध और गृह युद्ध ने तबाही का मंजर ही दिखाया है। इन युद्धों के बाद इंसान की मौतों और उनके विस्थापन की संख्या अब चौकाने लगी है। एक लम्बे अरसे तक चले रूस-ब्रिटेन युद्ध ने भारी तबाही का दौर देखा है। हजारों लाखों में मौते और अरबों-खरबों की सम्पत्ति नष्ट होने के साथ उस युद्ध असर वैश्विक स्तर पर पड़ा है। आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है।

गृहयुद्ध से जूझ रहा से सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। अब इजरायल और ईरान के बीच जो जंग छिड़ गई है। उसका तात्कालिक असर भी दिखने लगा है। रूस और ब्रिटेन के बीच संघर्ष के इन पहले आठ वर्षों में नौसैनिक घटनाएं और साइबर युद्ध भी शामिल थे। फरवरी 2022 में, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया और देश के अधिक हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर दिया था, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष कहा गया। अब इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अचानक हमला करके सबको चौंका दिया है, जिससे क्षेत्र में अनिश्चितता बढ़ गई है। अमेरिका ने इस कार्रवाई में अपनी भागीदारी से इनकार किया है। इसके जबाव में ईरान ने इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। यही नही ईरानी अधिकारियों की तरफ से अमरीका, ब्रिटेन और फ्रांस के सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी गई है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत प्रतिशत बढ़ गई।

इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फसबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है।

अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है।



**अमेरिका ने तत्काल यह साफकिया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। इजरायल ने ईरान के खिलाफअपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है।**

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यह बात भी सच है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। रविवार को दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इजरायल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है।

अगर ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप इजरायल तक सीमित रखता है तो ठीक वरना अगर अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता तो खतरनाक होगा। क्योकि यहां से 21 प्रतिशत ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गई। वैश्विक स्तर पर आए दिन होने वाले युद्धों को परिणाम स्वरूप आम आदमी को अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगह ठिकाना तलाशने की मजबूरी जीवन की डगर को और कठिन बना देती है। ऐसे लोगों के पास विस्थापन का दर्द झेलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। यह किसी एक देश की बात नहीं है, बल्कि दुनिया भर में विभिन्न कारणों से विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में जबरन विस्थापितों का आंकड़ा 12.2 करोड़ से अधिक हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख अधिक है। बीते दशक की अपेक्षा लगभग दोगुना है। लोगों के विस्थापन के लिए युद्ध, आंतरिक हिंसा और उत्पीड़न मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

गौरतलब है कि वर्तमान में दुनिया में मुख्य रूप से दो मोर्चों पर आमने-सामने का युद्ध हो रहा है। इनमें रूस-यूक्रेन और इजराइल- हमास और अब इजरायल और ईरान में संघर्ष चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए हैं। निकट भविष्य में इस युद्ध का अंत होने के आसार अभी नजर नहीं आ रहे हैं। इजराइल-हमास के बीच युद्ध में ईरान का हस्तक्षेप भी किसी से छिपा नहीं है। दूसरी ओर, सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है।

## विचार

# गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने-कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देश की खुशहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हालांकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है।



इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल, अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी विडम्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है।

इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज औने-औने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आढ़तिये को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देश में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हालांकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं।

डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितैषी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए। कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी।

आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राशि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इस तरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढ़ेगी और इसका लाभ देश को ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

# साहित्य ज्ञानमार्गी दुख की औषधि

**हृदयनारायण दीक्षित**

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है।

खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है। डॉ. बी0 आर0 आम्बेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डा. आम्बेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है।

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था। डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, ÷आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।÷ आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं।

पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, ÷शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।÷ प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है। वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल तत्वज्ञान से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।



# राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# वैवाहिक संबंधों में निर्ममता से मिटता भरोसा

**डॉ. मोनिका शर्मा**

भारतीय समाज के ढांचे में वैवाहिक संबंधों की क्रूरता किसी एक व्यक्ति या परिवार का किस्सा नहीं होती। ऐसे वाकये समग्र समाज के लिए बहस व चिंता और चर्चा का विषय बन जाते हैं। साथ ही ढहा देते हैं भरोसे की बुनियाद। जिस समाज में स्त्रियां जीवनसाथी के दुर्व्यवहार और जानलेवा हमलों को झेलती आई हैं, वहां अब पति की जान ले लेने की घटनाएं भी होने लगी हैं। हालिया दिनों में सामने आई जीवनसाथी को मौत के घाट के उतार देने वाली भयावह योजनाएं स्तब्ध करने वाली रहीं। इंदौर के नवविवाहित जोड़े से जुड़ी घटना का हर पक्ष अब तक आम लोगों को अविश्वसनीय सा लग रहा है।

मेघालय के शिलांग में हनीमून पर गए राजा रघुवंशी हत्याकांड में बहुत से खुलासों के बाद पत्नी सोनम द्वारा पति की हत्या करवाने की बात स्वीकारना कितने ही परिवारों का भरोसा डिगाने वाला है। यहां तक कि सोनम का परिवार भी उसके साथ नहीं है। बीते दिनों मेरठ में भी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी थी। इस मामले में युवती के माता-पिता ने ही उसके लिए कठोर दंड की मांग की। कर्नाटक के हसन जिले में एक महिला ने अवैध संबंध छिपाने के लिए अपने परिवार को जहर देकर मारने की कोशिश की। इन्हीं दिनों फरीदाबाद में पत्नी पर शक के चलते एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसे मामलों के बहुत से उलझाऊ पक्ष भी हैं।

ऐसी घटनाएं सामाजिक-पारिवारिक विखंडन की बानगी हैं। समाज-परिवार वैवाहिक सम्बन्धों में बर्बरता के मामलों में युवक-युवतियों की दिशाहीनता को लेकर चिंतित हैं। जीवनसाथी के साथ वीभत्स कारनामे करने का यह दुस्साहस आखिर कहां से आ रहा है? शादीशुदा जीवन में साथ देने का भाव कहां खो गया है? प्रेम विवाह कर घर बसाने वाले भी साथ निभाने की समझ से दूर हो रहे हैं। इन स्थितियों को दायित्व निर्वहन से भागने की मनःस्थिति से जोड़कर ही देखा जा सकता है। यह पीढ़ी मन ना मिलने पर वैवाहिक रिश्ते में अलगाव का रास्ता चुनने के बजाय अपराध कर बैठने का मार्ग पकड़ रही है। यह सिलसिला पारिवारिक व्यवस्था की नींव ढहाने वाला है। भयावह यह कि ये घटनाएं आक्रोश भर नहीं बल्कि सोची-समझी रणनीति के तहत जीवनसाथी बने व्यक्ति की जान लेने के दुस्साहस को सामने रखती हैं।

**विवाह व्यवस्था के छीजते हालात को सामने रखती हैं। ध्यातव्य है कि मेरठ जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारने के बाद शव के टुकड़े कर ड्रम में रखकर चिनाई करा दी। योजना पिछले साल से ही बनाई जा रही थी। यह बर्बरता करते हुए अपनी पांच वर्षीय बेटी के भविष्य की भी चिंता नहीं की। वहीं इंदौर की घटना में भी नवविवाहिता ने पति की जान लेने के लिए 20 लाख सुपारी दे डाली। शादी की रस्मों के बीच हत्या की रणनीति बनाती रही। कहीं पति द्वारा पत्नी और कहीं पत्नी द्वारा पति की बर्बर हत्या के मामले अब आम हो चले हैं। ऐसे अधिकतर मामलों के पीछे अवैध संबंध, लालच या साथी से छुटकारा पाने जैसे कारण हैं।**

विवाह व्यवस्था के छीजते हालात को सामने रखती हैं। ध्यातव्य है कि मेरठ जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारने के बाद शव के टुकड़े कर ड्रम में रखकर चिनाई करा दी। योजना पिछले साल से ही बनाई जा रही थी। यह बर्बरता करते हुए अपनी पांच वर्षीय बेटी के भविष्य की भी चिंता नहीं की। वहीं इंदौर की घटना में भी नवविवाहिता ने पति की जान लेने के लिए 20 लाख सुपारी दे डाली। शादी की रस्मों के बीच हत्या की रणनीति बनाती रही। कहीं पति द्वारा पत्नी और कहीं पत्नी द्वारा पति की बर्बर हत्या के मामले अब आम हो चले हैं। ऐसे अधिकतर मामलों के पीछे अवैध संबंध, लालच या साथी से छुटकारा पाने जैसे कारण हैं। अब युवतियां भी भटकाव का शिकार हो रही है। बिखराव भरा मानस न केवल पारिवारिक सम्बन्धों से जुड़े दायित्व बोध से दूर कर रहा है बल्कि स्वयं को संभालने की सोच भी नदारद है। सशक्त होने की गलतफहमी में दूसरों पर भावनात्मक निर्भरता बढ़ रही है।

शिक्षित-सजग और तकनीकी दुनिया में हर जानकारी जुटा लेने वाली युवतियां अपने ज्ञान का इस्तेमाल अपनों ही नहीं, कानून को भी गुमराह करने में कर रही हैं। हालिया योजनागत आपराधिक घटनाएं नकारात्मक सोच की अति का उदाहरण हैं। विफल विवाह से विषाक्त हुई मनःस्थिति की बानगी हैं, वहीं सम्बन्धों में अव्यावहारिकता की भी तस्दीक करते हैं। ऐसे मामले विशेषकर अवैध रिश्तों के चलते साझे साथ में आत्मीय जुड़ाव खत्म हो जाने का परिणाम हैं। वैश्विक डेटा एजेंसी बेडबाइबल रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट कहती है कि 23 फीसदी लोग किसी न किसी रूप में अपने साथी को धोखा दे रहे हैं व 60 प्रतिशत मामले किसी नजदीकी मित्र या सहकर्मी से शुरू होते हैं। भारत समेत एशियाई-यूरोपीय देशों जुड़े इस अध्ययन में सामने आया है कि शादी के 7 साल बाद महिलाएं पति के प्रति और विवाह के 3 साल बाद पति अपनी पत्नी के साथ धोखेबाजी की सोच रखने लगते हैं। आखिर क्यों साझी यात्रा में अविश्वास जगह बना लेते हैं ? किसी की जान लेने की युक्तियां खोजने वाले युवा कानूनी ढंग से अपने रास्ते अलग करने की समझ नहीं जुटा पाते। एक उलझाऊ रिश्ते से निकलने के बजाय दूसरे दिशाहीन करने वाले सम्बन्धों में उलझते जाते हैं। तलाक, आत्महत्या के ऐसे मामले भी तेजी से बढ़े हैं, जिनकी वजह रिश्ते में शक का जगह बना लेना है।जिंदगी के वास्तविक सच को समझने-स्वीकारने का भाव ही नदारद है। वर्चुअल दुनिया में गुम युवाओं ने मानो जिंदगी को भी रील ही समझ लिया। युवा पीढ़ी यह भूल रही है कि रिश्तों में निबाह के लिए समर्पण का भाव आवश्यक है, भरोसे के भाव को पोषण मिलना जरूरी है। कुछ समय पहले उच्चत्तम न्यायालय द्वारा कहा गया था कि सहनशीलता और सम्मान शादी की बुनियाद है। शादी में दायित्वों का भान और भरोसा ना हो वैवाहिक संबंध डगमगाने लगता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

# 'मोदी सरकार ने गरीब व किसानों के हित में अभूतपूर्व कदम उठाये'

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह ने सभा को किया संबोधित, कहा- मोदी सरकार के आने से अब तक देश में हुए बहुत बदलाव
- ग्यारह वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने आयोजित की संकल्प यात्रा



**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर द्वारा कस्बे के एक गेस्ट हाउस में संकल्प सभा का आयोजन मण्डल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मोदी सरकार के आने से अब तक देश में बहुत बदलाव हुए हैं जहां एक ओर देश ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है वहीं दूसरी ओर हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों का भी पुनरुत्थान हुआ है तथा गांव गरीब और किसानों के हित में भी अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं किसान सम्मान निधि के साथ साथ कृषि उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि की गई जिससे किसानों की हालत में सुधार आया है। कोरोना के समय से अब तक देश भर में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा पीएम स्वनिधि और मुद्रा योजना से रेहड़ी पटरी और छोटे दुकानदारों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध करवाए गए हैं तो युवाओं के लिए कौशल विकास मिशन और स्किल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की योजनाऐं भी चलाई जा रही हैं। मेक इन इंडिया के अंतर्गत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत में निवेश हेतु विभिन्न सुविधाएं दी गई जिससे देश में रोजगार के अवसर बढ़े जिसके फलस्वरूप देश की अर्थ व्यवस्था को गति मिली और आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित भारत बनाने के मार्ग पर बढ़ रहा है । सभा में ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कामता कुशवाहा, हरनारायण हिंदू, रामविलास श्रीवास कार्यक्रम संयोजक विनय भटनागर दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन, भाजपा ने मोदी के गाये गुणगान



**मौदहा (हमीरपुर)।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा मण्डल मौदहा में नगर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलदीप निषाद अध्यक्ष नगर पालिका हमीरपुर ने केन्द्र सरकार की योजनाओ का गुणगान करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने अपनी योजनाओं को अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है इसके लिए उन्होंने सारी योजनाओं को ऑनलाइन प्रक्रिया कर दी गई है, इससे विकास कार्यों की पारदर्शिता बनी रहती है। वरिष्ठ नेता जगदीश प्रसाद व्यास ने कहा कि मोदी सरकार में हमारा देश सुरक्षित ही नहीं विकास की ओर अग्रसर है युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार में युवाओ को मेकइन इंडिया से जोड़ने के लिए कुटीर उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मण्डल अध्यक्ष अनूप सिंह, सभा संयोजक प्रहलाद सिंह, रेनु अनुरागी, उमा दीक्षित, राकेश सोहाने, नितिन ओमर, सुबोध गुप्ता, छोटेलाल प्रजापति सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### राहगीर पेयजल के लिये भटक रहे इधर-उधर

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के बेरी तिराहा में लगा फ्रीजर खराब रहने से राहगीरों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। बेरी तिराहा में नगर पंचायत द्वारा लगा फ्रीजर ठंडा पानी नहीं दे पा रहा है। इसमें एक टोटी लगी है। तथा एक टोटी के स्थान पर लकड़ी लगी हुई है। तथा इसका पल्ला उखड़ गया है। इसकी मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है। इस स्थान पर राहगीरों का आवागमन रहता है। तथा भीड़ भाड़ वाले स्थान होने के बाद भी पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इससे आने जाने वाले लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

### वात रोग से पीड़ित मरीजों में देवी के दर्शन कर लाभ उठाया

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के झलोखर गांव में स्थित भुइंयारानी मंदिर प्रांगण में आषाढ माह के प्रथम रविवार को मेला का आयोजन किया गया। दूर दूर से आकर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। आषाढ माह के प्रथम रविवार से झलोखर गांव स्थित मां भुइंयारानी मंदिर में मेला का आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों के आवागमन का सिलसिला लगा रहा। वात रोग से पीड़ित लोगों को इस मंदिर की मिट्टी का लेपन करने से दर्द दूर होता है। आषाढ माह के चार रविवार को भक्तों की भारी भीड़ रहती है। तथा दूर दूर से लोग आकर मंदिर में पूजा अर्चन करते है। मंदिर प्रांगण में लोग कीर्तन भजन का कार्यक्रम चलता है। तथा बाहर मेला लगा रहता है। जिसमें महिलाएं खरीदारी करती नजर आई। पहले रविवार को लोगो को भीड़ रही । वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मौजूद रही।

### जबरन शौचालय बनाने में हुई मारपीट, सात पर मुकदमा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** निजी जमीन पर जबरन शौचालय निर्माण का विरोध करने पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बदनपुर गांव निवासी रामस्वरूप ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही शिवशंकर रामशरन राममिलन श्याममिलन शिवमिलन सुनील और कमल उसकी निजी भूमि पर जबरन शौचालय निर्माण करा रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो सभी ने गाली.गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सातों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रसोई में सर्पदंश से नवविवाहिता की मौत

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** रविवार सुबह चाय बनाने रसोईघर में घुसी नवविवाहिता को सांप ने डस लिया। परिजन उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल लेकर पहुंचेए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसारए बांकी गांव निवासी श्रीराम यादव की 25 वर्षीय पुत्री अभिलाषा की शादी महोबा जिले के सिरसी खुर्द गांव में हुई थी। इन दिनों वह मायके आई हुई थी। रविवार सुबह वह रसोई में चाय बनाने गई थी। इस दौरान बर्तन की डलिया से बर्तन निकालते समय उसे सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

### बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की उपचार दौरान मौत

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के फैक्ट्री एरिया में हाईवे किनारे बेहोशी की हालत में पड़े एक व्यक्ति की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। जानकारी के अनुसार हमीरपुर के रमेडी मुहाल निवासी ओमप्रकाश(48) किसी कार्य से फैक्ट्री एरिया की ओर गया था। रात में वह एचयूएल के समीप हाईवे किनारे अचेत अवस्था में मिला। राहगीरों ने तत्काल उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे और बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए।

### संदिग्ध परिस्थितयों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी विनोद(45) पुत्र कल्लू प्राइवेट सफाई कर्मी का कार्य करता था। रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे विनोद मकान में संदिग्धहालात में पड़ा हुआ मिला। जब स्वजनों ने उसे देखा तो हड़कंप मच गया और आनन.फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉ नेहा ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अजय ने बताया कि उसका भाई सफाईकर्मी था। वह अपने दूसरे मकान में रहता था। बताया कि वह शराब पीने का आदि था।

### ओवरलोड के चलते 33 केवी सब स्टेशन में लगा 5एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब



**महोबा।** ओवर लोड के चलते 33 केवी सब स्टेशन में लगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, ट्रांसमिशन के अभियंता इसे सुधार कर किसी तरह विद्युतापूर्ति करने के प्रयासों में जुटे हैं, भीषण उमस भरी गर्मी से सभी बेहाल है और अफसरों और नेताओं को कोस रहे है। कागजों पर सिंचाई,पेयजल और बिजली उपभोक्ताओं के लिए अलग अलग फीडर बनाए गए है, अतिरिक्त खंभे, तार,और ट्रांसफार्मरों पर जैतपुर अजनर और धौर्रा सब स्टेशन पर 16 करोड़ रु. खर्च होने के बाद भी बिजली व्यवस्था बदतर बनी हुई है,लगाए गए खंभे आंधी में टूट जा रहे है, कोलकाता की जिस ल्यूमिनिया कंपनी को काम सौंपा गया था उसके एमडी पी एस राजपूत कहते है तत्कालीन अधीक्षण अभियंता आर एस गौतम बिल पास करने की एवज में 20 फीसदी कमीशन लेते थे, उन्होंने बताया यही कारण है कि लगाई गई केविल लोड नहीं ले पा रही, ट्रांसफार्मर फूंकने का क्रम जारी है, बुधवार को 33 केवी सब स्टेशन जैतपुर में लगा 5 एमबीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है,जिसे ठीक करने को अभियंता पसीना बहा रहे हैं, एस डी ओ प्रदीप कुमार कहते हैं लोड अधिक होने से सप्लाई एरिया वार देनी मजबूरी है, विद्युत वितरण खंड ( ग्रामीण) के अधिशाषी अभियंता अनिल कटारिया कहते हैं 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर रिप्लेस करना ही होगा। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से आहत उपजा के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र द्विवेदी ने चार दिन पूर्व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को व्हाट्सएप पर समस्या की शिकायत भेज निदान की मांग की, जिसे श्री शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल विभागीय उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया, जिसके फलस्वरूप विभाग के अधीक्षण अभियंता ने आकर स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश जारी किए, पर जिले के अधिकारियों का ट्रांसफार्मर के पूरी तरह डेड होने का इंतजार करते देख शनिवार को महेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से फोन पर बात कर अधिकारियों की उदासीनता व विजली की गंभीर समस्या से अवगत कराया गया। मंत्री की जनहित में संवेदनशील कार्यप्रणाली की उपभोक्ताओं द्वारा सराहना की जा रही है। ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत, व्यापार संगठन के जिला उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ कौशल सोनी, किसान नेता राजेश राजपूत, महेंद्र द्विवेदी ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री की आमजन के प्रति संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए साधुवाद दिया।

### कैंप में बुजुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** बर्रा वार्ड 77 पार्षद अखिलेश बाजपेई के कार्यालय पर आयुष्मान कार्ड कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें बुजुर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पार्षद अखिलेश बाजपेई ने कहा कि मोदी सरकार की आयुष्मान योजना बुजुर्गों के लिए किसी वरदान से कम नहीं ये कार्ड न सिर्फ उनकी सेहत की रक्षा करेगा, बल्कि हर परिवार को सम्मान और आत्मविश्वास भी देगा मंडल अध्यक्ष बिट्टू परिहार ने कहा कि बुजुर्गों का इलाज का खर्च परिवारों की एक बड़ी जिम्मेदारी है। काफी कमाई इलाज पर खर्च हो जाती है। जिसे केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा बुजुर्गों को राहत दी जा रही हैं। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कैंप का शुभारंभ फीता काटकर किया। कैंप में आए बुजुर्गों को शरबत एवं ठंडा जल पार्षद ने बांटते हुए आशीर्वाद लिया। इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

### क्षत्रिय संगठनों ने निकाली महाराणा प्रताप स्वाभिमान शौर्य यात्रा



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** वीर शिरोमणि क्षत्रिय हिन्दू सम्राट महाराणा प्रताप स्वाभिमान शौर्य यात्रा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया के द्वारा प्रदेश कार्यालय से निकली। बड़ी संख्या में मौजूद नगर के समस्त क्षत्रिय संगठनों ने साकेत नगर स्थित रेलवे ग्राउंड चौराहे पर एकत्रित हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने कहा कि देश के महापुरुषों को समर्पित स्वाभिमान शौर्य यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की एकता अखंडता बनाए रखना है युवाओं को अपने धर्म और मातृभूमि की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा। श्री भदौरिया ने कहा कि देश में जब जब आक्रांताओं ने घुसपैठ की कोशिश की हमारे मातृभूमि के वीर सपूतों ने उन्हें धूल चटाने का कार्य किया। बड़ी संख्या में क्षत्रिय संगठनों ने हजारों पदाधिकारियों के साथ एस पी एम मेट्रो स्टेशन से जरीब चौकी तक यात्रा निकाली। यात्रा में चल रहे पदाधिकारियो ने जय मां भवानी जय राजपूताना की जोरदार नारे लगाए। यात्रा जैसे ही महाराणा प्रताप चौक पहुंची। प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विभु ठाकुर, संजय भदौरिया, डॉ. यूएस सिंह, हेमन्त सिंह सेंगर, प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत, पंकज तोमर, रणधीर चौहान, सूरज ठाकुर, रोहित वैश्य, हिमांशु भदौरिया, जितेंद्र चंदेल, सुखवीर सिंह चौहान, राकेश राणा, दीपक अन्नत भदौरिया, सनी सेंगर, दर्पण भदौरिया, राजेश कछवाह, आशुतोष सिंह वैश्य, प्रियांशु ठाकुर सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र में धड़ल्ले से गांजा की बिक्री होने से युवा पीढ़ी का बिगड़ रहा भविष्य

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस जान कर बनी अनजान, कई गांव गांजा बिक्री के बन चुके हैं हब, दूरदराज के लोग यहां आते हैं गांजा की बिक्री करने

नगर समेत क्षेत्र में गांजा की अवैध रूप से बिक्री होने के कारण नई पीढ़ी के युवा इस नशे की लत में पड़कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नगर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से गांजा बेचा जा रहा है स्थानीय पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अपने फायदे के चलते अपनी आंखें मूंदे है। नगर समेत क्षेत्र में गांजे की मांग अधिक होने के चलते मध्य प्रदेश उड़ीसा व छत्तीसगढ़ आदि स्थानों से यहां गांजे की आपूर्ति काफी अरसे से की जा रही है जिसमें नगर के कुछ सफेद पोश नेताओं समेत अन्य लोगों को गांजा के मामले में जेल भी भेजा जा चुका है। वर्तमान समय में क्षेत्र में बाहर से आने वाले केमिकल मिक्स गांजे की कीमत तीस हजार से लेकर 40 हजार रुपए प्रति किलो है तो वहीं देसी गांजे की कीमत 50 हजार रूपये से लेकर साठ हजार रुपये प्रति किलो है इसलिए देसी गांजा पीना सबके बस की बात नहीं है जिसके चलते अधिकांश लोग केमिकल वाला गांजा पीकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नगर के साजन तालाब बड़ा चौराहा सिंचाई विभाग के पीछे मलिकुंआ चौराहा व स्टेशन मार्ग समेत अन्य स्थानों पर धड़ल्ले से गांजा बिक रहा है गांजा बेचने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक है। गांजा तस्कर गरीब युवक व महिलाओं को कुछ रूपो का लालच देकर उनसे यह धंधा करवा रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र के इचौली टिकरी सिसोलर छिरका कम्हरिया सायर बिवार व बड़ी छानी आदि गांवों में भी गांजे की पुड़िया सौ व 50 रुपये में आसानी से उपलब्ध होजाती है। इस नशे की लत में पड़कर युवा पीढ़ी अपना जीवन बर्बाद करने पर तुली हुई है। कोतवाली पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अपने फायदे के चलते इन गांजा बेचने वालों पर कार्यवाही करने में परहेज बरत रही है यहबात लोगों की समझ से परे है फिलहाल कोतवाली पुलिस कभी कभार गांजा बेचने वालों को गांजा समेत जेल भेज अपनी पीठ स्वयं थपथपाती रहती है। इंचार्ज कोतवाली प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि जांच करा कर अगर कही भी बेचता गांजा मिला तो कार्यवाही कि जाएगी।

## घर में घुसकर शादी का प्रस्ताव रखा, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** युवती ने युवक पर घर में घुसकर शादी का प्रस्ताव रख उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती ने बताया कि रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह घर पर बैठी थी। मां कपड़े धो रही थी। तभी उसके रिश्तेदारी का एक युवक आया और शादी का प्रस्ताव रखते हुए उसका हाथ पकड़ने लगा। आरोप लगाया कि युवक उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। मां को आता देख युवक भाग खड़ा हुआ। थोड़ी देर बाद युवक अपने पिता सहित अन्य दो लोगों को घर पर लेकर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर दी। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## पत्नी समेत ससुरालीजनों पर आत्महत्या को मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अरतरा में गुरुवार की शाम दिनेश ने संदिग्ध हालत में फांसी लगा ली थी इस मामले में कोतवाली पुलिस ने दिनेश की मां की तहरीर पर उसकी पत्नी समेत ससुरालीजनों पर दिनेश को आत्महत्या करने को मजबूर करने का मामला दर्ज कर कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम अरतरा निवासी दिनेश (35) पुत्र राम औतार सोनकर का गुरुवार की शाम उसकी पत्नी कपूरी से किसी मामले में विवाद हो गया जिसको लेकर कपूरी ने वहां मौजूद अपनी मां माया व भाई मोनू व सोनू निवासी जाजपुर घाटमपुर समेत समेत अन्य परिवारीजनों की मदद से दिनेश को जमकर मारा पीटा उसके कुछ देर ही बात दिनेश का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में लटकता मिला। इस घटना से उसके परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी सास व साले पर अपने भाई की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कर मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। शनिवार को मृतक की मां मीना बेवा राम अवतार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मृतक दिनेश की पत्नी कपूरी, सास माया पत्नी रमाशंकर, साले सोनू व मोनू निवासी जाजपुर घाटमपुर तथा कुंवर बाबू पुत्र राम शंकर निवासी सुमेरपुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## डीएम ने मासिक समीक्षा बैठक में कई विभागों के अधिकारियों के खिलाफ दिए कार्यवाही के आदेश

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार में निर्माण कार्य और सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**आधार सेंटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश:** जिलाधिकारी ने जनपद में आधार सेंटर की संख्या बढ़ाकर 500 करने के निर्देश दिए। वर्तमान में 262 आधार केंद्र कार्यरत हैं। आधार अपडेशन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने आधार में पता, नाम, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ्स, बायोमैट्रिक आदि अपडेशन करना आसान हो जाएगा।

**निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा:** जिलाधिकारी ने 1.00 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में आ रही किसी भी समस्या के संबंध में प्रतिदिन मुख्य विकास अधिकारी या उन्हें अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई:** जिलाधिकारी ने अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**फैमिली आईडी की प्रगति:** डीएम ने समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीडी एजी, बेसिक शिक्षा अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जून माह में फैमिली आईडी की लक्षित प्रगति प्राप्त नहीं की गई तो उनका जून माह का वेतन आहरित नहीं होगा। डीएम ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण और निपुण परीक्षा आकलन की समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद की रैंकिंग डी है, जिसे 31 जून 2025 तक ए ग्रेड में लाने के निर्देश दिए गए।

## दो दिन चले मरम्मतीकरण कार्य के बाद आज से खुलेगा यमुना पुल, लोगों को मिलेगी राहत

- अगले शनिवार व रविवार भी पूर्ण रूप से बंद रहेगा पुल पर आवागमन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार से चल रहे यमुना पुल पर मरम्मतीकरण के काम का रविवार को आखिरी दिन रहा। जहां दो दो दिनों में पुल की कोठी नंबर 14 पर कार्य किया गया और उसे ठीक किया गया है अब सोमवार की सुबह छह बजे से पुल पर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। जिससे लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन अगले शनिवार व रविवार फिर से कार्य के चलते पुल पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। पीएनसी द्वारा निर्धारित किए गए शेड्यूल के अनुसार शनिवार व रविवार दो दिनों तक पुल को पूरी तरह से सील करने के बाद कोठी नंबर 14 को दुरुस्त करने का काम किया गया। पीएनसी के प्रोजेक्ट मैनेजर एमपी वर्मा ने बताया कि इन दो दिनों में कोठी नंबर 14 पूरी तरह से दुरुस्त कर दी गई है। इसकी दो वेयरिंग बदली गई हैं और शेष वेयरिंग में ग्रीसिंगए क्लीनिंग और आयलिंग की गई है। इसके अलावा अन्य जो उपकरण खराब थे उसे भी टीम ने बदलने का काम किया है। ताकि किसी भी तरह की कोई कमी न रह जाए। अब पूरी तरह से यह कोठी तैयार हो गई है। वहीं बताया कि आगामी शनिवार व रविवार टीम पुनरू मरम्मतीकरण का काम शुरू कर करेगी। जिससे शनिवार व रविवार वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से रोग रहेगी। साथ ही बताया कि जब तक पुल की चिन्हित सभी कोठियों का कार्य नहीं हो जाता है 40 टन से अधिक वाहनों की निकासी पर रोक रहेगी।

## शव की हुई शिनाख्त, महोबा का रहने वाला था मृतक

**राठ(हमीरपुर)।** तीन दिन पहले रोडवेज बस स्टैंड परिसर में शव मिला था। रविवार को शव की शिनाख्त हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।गुरुवार को रोडवेज बस स्टैंड में एक युवक का शव मिला था। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया था। जिसकी शिनाख्त रविवार को महोबा जनपद के चरखारी थाने के गुढ़ा गांव निवासी 37 वर्षीय जगदेव पुत्र भवानीदीन पाल के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई दीनदयाल पाल ने बताया कि वह प्रतिदिन मजदूरी करने के लिए राठ कस्बे के पड़ाव स्थित लेबर चौक पर आता था। मृतक अविवाहित था। मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। मृतक के पिता भवानीदीन पाल के नाम 12 बीघा जमीन है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी ने ब्लू स्टार क्रिकेट एकेडमी कानपुर को 123 रनों से हराया

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को खेले गए फ्रैंडली मैच में घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी ने ब्लू स्टार क्रिकेट एकेडमी कानपुर को 123 रनों से हरा दिया, कानपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया और घाटमपुर को बैटिंग करने का आमंत्रण दिया घाटमपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 237 रन 9 विकेट खोकर बनाए जिसमे घाटमपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए अनमोल ने 59 और आरुष सिंह ने 40 रन ओर सुयश ने 26 रन बनाए और आशु ने 24 रन बनाए कानपुर की तरफ से बोलिंग करते हुए नयन सिंह और नक्षय पांडे ने 3-3 विकेट लिए और लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर 114 रनो पर ही ढेर हो गई कानपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए तनिष्क ने 11 रन बनाए घाटमपुर की तरफ से बोलिंग करते आरुष सिंह ने 3 और कृष्णा गुप्ता ने भी 3 विकेट लिए और आज का मैंन ऑफ़ द मैच आरुष सिंह को राका यादव द्वारा दिया गया और बेस्ट बैटिंग का पुरूषकार भूप किशोर द्वारा अनमोल को दिया गया और बेस्ट बोलिंग का पुरुष्कार नयन सिंह को भूप किशोर विश्वकर्मा द्वारा दिया गया।

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत कीरत सागर तट आल्हा मंच पर योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत कीरत सागर तट आल्हा मंच पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नें कहा कि युवा एवं वृद्धजन योग से जुड़ेयोग न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखने का जरिया है। अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर भी पूरी दुनिया यह जानती है कि बहुत सारे ऐसे रोग हैं जो योग से ठीक किये जा सकते हैं। इस पूरे योग सप्ताह में जनपद में बहुत सारी एक्टिविटी हो रही है खासकर जो हमारे ऐतिहासिक स्थल, तालाब के किनारे, गांव में, स्कूलों में अलग-अलग जगह पर जो एक्टिविटी हो रही हैं उससे हर व्यक्ति जुड़े। न कि इस सप्ताह बल्कि अपनी पूरी दिनचर्या में योग को सम्मिलित करें। महोबा जनपद में हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के मनोयोग से योग करने का प्रण ले। इस समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया, सीडीओ हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) रामप्रकाश, डीसी मनरेगा, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, शरद तिवारी (दाऊ) सहित जनसमूह ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन सी एल साहू ने किया। योग प्रशिक्षकों में बिकरण, सचिन गुप्ता, शिखा अरजरिया, सुशील कुमार, राकेश गुप्ता (पतंजलि योग समिति) द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल, बी के सुधा ब्रह्माकुमारीज द्वारा ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ ममता वर्मा, डॉ रामकिशोर, डॉ बृजराज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित देवरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 250 योग प्रेमियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश कुमार, यशपाल, जितेन्द्र, पुष्पेन्द्र, विपिन का विशेष सहयोग रहा।

## सनातनी महायज्ञ अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच द्वारा किया गया राम लीला का आयोजन

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**





सनातनी महायज्ञ अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच ने ग्राम गुढ़ा में कथा वाचन, शोभा यात्रा, कलश यात्रा, रामलीला, अखण्ड रामायण, सुन्दर कांठ का पाठ आदि कार्यक्रम सनातनियों को एक मंच पर लाने का काम किया जा रहा है ।

अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं सनातनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 बालकानंद गिरि महाराज एवं भगवाधारी केशव महाराज के नेतृत्व में एवं ग्रामीणों के सहयोग से श्री सिद्ध बाबा शिवधाम गुढ़ा अटकौहा लुहारी जंजीर उत्तरप्रदेश में कथा वाचक हनुमानदास महाराज के द्वारा कथा वाचन, वेदाचार महाराज के द्वारा एवं साधु संन्यासियों, ऋषि मुनियों तथा पुरोहितों के द्वारा सनातनी महायज्ञ का आयोजन 8 जून को कलश यात्रा के माध्यम से शुभारंभ किया गया है। और रात्रि में तीन दिवसीय रामलीला आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस में प्रभु श्रीराम व लक्ष्मणजी झांकी और रामजी आरती और राम कलेवा से शुरू किया राम जी किरदार निभा रहे भानु प्रताप द्विवेदी (कदौरा ), पुष्पेन्द्र दिलीप पाठक (राठ), जोकर पिन्टू मिश्रा (बांदा) बुन्देलखण्ड के में अपनी एक पहचान बनाने वाले बहुत ही अच्छे व्यास विकाश द्विवेदी (गहरौली ) उनका साथ दे तबला वादक आशीष (छतरपुर) सखियां देवेन्द्र मसगांव, छोटी गुड़िया कानपुर, नैना रानी राठ, चौमुखी शनि महाराज गहरौली, राहुल द्विवेदी कानपुर द्वारा रामलीला में जोकर पिन्टू मिश्रा ने दर्शकों को खूब हंसा हंसा कर दर्शकों का मन विभोर कर आज लीला में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामजी और श्रीलक्ष्मणजी झांकी और रामजी की आरती के बाद रावण का किरदार निभा रहे पप्पू अनजाना कानपुर मामा मारीच पिन्टू मिश्रा के बीच हास्य संवाद इसके बाद सीता जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी मृग की छाल लाने को कहा प्रभु श्री राम जी मृग की छाल को लाने के लिये गये तब सीता मइया हाये हाये लक्ष्मण हाये हाये सीते की आवाज सुनाई दी और बुन्देलखण्ड में एक अच्छी पहचान बनाने वाले विकाश द्विवेदी व्यास जी द्वारा बीच बीच में अपने भजनों से सभी दर्शकों को भाव विभोर। और 8 जून से 15 जून तक चलेगा।इस कार्यक्रम का विशाल भण्डरा हुआ। में अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातनी अखाड़ा के संस्थापक संयोजक स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं सनातनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 बालकानंद गिरि महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं अनुसुइया धाम के महन्त श्रीश्री 1008 राम शिरोमणी दास लल्ली महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के राष्ट्रीय महामंत्री भगवाधारी केशव महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ओमकार गिरि महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के प्रदेश महामंत्री शंकर भोला नाथ महाराज, प्रभु दयाल अधिवक्ता, ओमकार दास एवं अन्य पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित हैं। यज्ञ शाला के जजमान राजा ओमप्रकाश तथा वन्दना एवं राम कथा के यजमान अरुण कुमार, मीरा राजपूत हैं। ओमप्रकाश उर्फ राजू विश्व कर्मा, रमाकांत, राजेश राजपूत मंत्री, अंकित राजपूत साउंड सर्विस सैकड़ों की संख्या मौजूद।

# योग को जीवन का अंग बनाये, बढ़ जाएगी आयुः अंगद कुमार सिंह

**रैली के साथ योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ, योगाभ्यास कर बताया गया योग का महत्व**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**






11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 जून से योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयुष, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा कर्मियों, अधिकारियों तथा योग प्रेमियों ने योग जागरुकता रैली निकाली गई। परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली समापन पर हुई गोष्ठी का शुभारंभ एमएलसी अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ अवधेश वर्मा, प्रशिक्षु आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस कृष्णा कुमार सिंह, डीआरडीए के परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह, जेबीएस इंस्टीट्यूट की प्रबंधक पूनम सिंह, क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर महर्षि धन्वंतरि, महर्षि पतंजलि के चित्र पुष्पांजलि करके किया।

इस मौके पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि योग को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए, योग के माध्यम से हम अपने जीवन को, अपनी साँसों को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी को कभी सर्दी जुखाम नही हुआ क्योंकि उन्होंने योग को अपने जीवन का अंग बना लिया है। आज भारत को विकसित करने और विरासत की रक्षा करने में लगे हैं, जिसमे आपका साथ और आपका प्रयास चाहिए। प्रशिक्षु आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस कृष्ण ने नियमित योगाभ्यास करने पर जोर दिया वहीं परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन मे योग से इम्युनिटी बढ़ाकर बार बार बीमार होने से बचने का अनुभव बताया। उन्होंने हरित क्रांति पर बल देकर कहा कि एक धरती एक स्वास्थ्य की थीम पर इसलिए योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ डीके चौहन, डॉ किरण, डॉ राजेश गौतम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक, होमियोपैथी, व यूनानी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित समाजसेवी रत्नेश कुमार, राम औतार, अमरेश बहादुर, सत्यप्रकाश पाठक सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुभारंभ से पहले कमलकिशोर एवं स्वीटी मौर्य द्वारा संयुक्त रूप से सभी को योगाभ्यास कराया गया। क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डा वीनम यादव ने जनपद में निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोगो को ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर योग से जोड़ने का आह्वान किया। वहीं डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह माँ बाप के बिना जीवन सम्भव नही है, वैसे ही योग और स्वस्थ्य हवा पानी के बिना जीवन सम्भव नहीं है इसलिए योगाभ्यास के साथ पौधरोपण, पौध संरक्षण करना जरूरी है। कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश चंद्र किया गया।

## खेत की जुताई करते समय रोटावेटर की चपेट में आया बालक, मौत

**जैदपुर, बाराबंकी।** खेत जोतते समय रोटावेटर की चपेट मे आया 13 वर्षीय बालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी।जिसकी खबर मिलने ही पूरे गांव में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जैदपुर पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के छोटा मुरलीगंज गांव का है। जहां खेत में जुताई करते समय 13 वर्षीय आशीष पुत्र अशोक ट्रैक्टर पर पीछे से चढ़ने का प्रयास कर रहा था तभी रोटावेटर की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो मे कोहराम मच गया।ग्रामीणो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संबंध में दरोगा जयचंद सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मन्दिर के रास्ते के लिए ग्रामीणों ने उठाई मांग

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



मंदिर जाने मे अनेक समस्याओ को सहन करने वाले रसूलपुर गांव के ग्रामीणो ने मंदिर जाने के जर्जर हुए मार्ग की निर्माण कराने के मांग की उठाई है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव मे दर्जनो ग्रामीणो ने राजाराम शिवालय शांति आश्रम परिसर जाने का मार्ग जर्जर अवस्था मे पहुंच चुका है। मंदिर के पुजारी उदय सिंह सहित दर्जनो ग्रामीणो ने रविवार करीब 2 बजे मार्ग के नवीनीकरण को लेकर जिलाधिकारी को ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है।ग्रामीणो का कहना हैं कि साल ने छोटे बड़े अनुष्ठान व पूजा पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित होते है।जिसमे क्षेत्रीय सहित दूर दराज से भरी श्रद्धालु आते है।लेकिन मार्ग बेहद जर्जर होने से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा।उन्होने संबंधित अधिकारियो से मार्ग के निर्माण की मांग उठाई है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की हत्या की हुई पुष्टि, दर्ज हुआ मुकदमा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के ठठेरहा गांव के पास जंगल मे शनिवार को मिली 35 वर्षीय एक महिला की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटीमार्टम इंजरी (मृत्यु से पूर्व चोट) की पुष्टि के बाद पुलिस ने महिला के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच और कार्यवाही में जुट गई।

विदित हो कि शनिवार को ठठेरहा गांव के बाहर घने जंगल में एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। मृतका की पहचान असन्दरा थाना क्षेत्र के देवडहरा मजरे कंधवापुर निवासी शांति (पत्नी सतीश) के रूप में हुई। मृतका के ससुर ने बताया कि शांति के मायके माता-पिता व भाई ना होने के कारण वह अधिकतर समय अपने मायके कुंवरपुर में ही रहा करती थी। गुरुवार को वह दवा लेने घर से अस्पताल निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। दो दिन बाद शनिवार को उसका शव जंगल में बरामद हुआ था।

**जांच में जुटी पुलिस, हत्या में परिचित पर शकः** घटनास्थल के हालातों और ग्रामीणों के अनुसार शव के आसपास संघर्ष, खींचातानी या घसीटे जाने के कोई निशान नहीं मिले हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि महिला किसी परिचित के साथ गई होगी और वहीं उसकी हत्या कर दी गई। कुछ लोग इस मामले को प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देख रहे हैं।

# ईदे गदीर के मौके पर चलाया गया पौधरोपण अभियान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत रसूलपुर में ईदे गदीर के मौके पर एक विशेष पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। रविवार को डॉ. रेहान काजमी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अजमी रिजवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया।

वक्ताओं ने बताया कि पेड़ों की अत्यधिक कटाई से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। इसके कारण लोगों को गर्मी में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. रेहान काजमी ने कहाकि जैसे मनुष्य को जीवन के लिए भोजन की आवश्यकता होती है,वैसे ही पौधों से मिलने वाली ऑक्सीजन भी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की।मुख्य अतिथि अजमी रिजवी ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस तरह के सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए डॉ. रेहान काजमी की सराहना की।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया गया।इस मौके पर मिजान खान आदि लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### मेंथा ऑयल की टंकी में विस्फोट, दंपती समेत तीन झुलसे

**सीतापुर।** महमूदाबाद थाना क्षेत्र के गोधौरा गांव में रविवार को मेंथा ऑयल की पेराई के दौरान टंकी में विस्फोट हो गया। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के समय सुनील (32) अपने घर में मेंथा ऑयल की पेराई कर रहे थे। उनके साथ पत्नी कांती (30) और गांव के राम सिंह (38) भी मौजूद थे। टंकी में अचानक तेज धमाका हुआ। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों ने सुनील और कांती को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कर लिया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। राम सिंह की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। महमूदाबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में टंकी में अत्यधिक दबाव बढ़ने से विस्फोट होने की संभावना जताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एयरबैग खुलने से बची बिहार के दो युवकों की जान

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसा हो गया। खानपुर सादात के पास एक तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार पुलिया से नीचे लटक गई। कार में बिहार के पटना जिले के बेहमलपुरवा निवासी चिंटू (27) और विवेक कुमार (40) सवार थे। दोनों उत्तराखंड में बाबा नीम करौली के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के समय कार के एयरबैग खुल गए, जिससे दोनों की जान बच गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 20 मिनट तक झमाझम बारिश होने से 4 डिग्री गिरा पारा

**सीतापुर।** जिले में बीते एक सप्ताह से में पड़ रही भीषण गर्मी और झुलसाने वाली तपिश से रविवार को लोगों को बड़ी राहत मिली। तड़के करीब 5 बजे हुई बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल दिया। लगभग 20 मिनट तक हुई हल्की से मध्यम बारिश ने तपती धरती को ठंडक पहुंचाई और लोगों के चेहरों पर राहत की मुस्कान लौटा दी। बारिश के बाद सुबह के समय मौसम बेहद सुहावना हो गया। दिन चढ़ने पर हल्की धूप निकली लेकिन उमस में काफी कमी देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के बाद न्यूनतम तापमान गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि बीते दिनों लगातार न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। वही अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। तापमान में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तेज गर्मी और लू से परेशान आमजन अब कुछ दिनों के लिए राहत महसूस कर रहे हैं। गर्मी से राहत के साथ-साथ बारिश का सीधा लाभ किसानों को भी मिला है। खासतौर पर गन्ने की फसल के लिए यह बारिश बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। किसान वर्ग ने भी बारिश का स्वागत करते हुए इसे मौसम की पहली बड़ी राहत बताया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में हल्की बारिश और हवाओं के साथ तापमान में और गिरावट हो सकती है। हालांकि, दोपहर के समय हल्की धूप बनी रहेगी।

### नूरी मस्जिद में इस्लाम के तीसरे खलीफा की याद में आयोजित जलसा

**सीतापुर।** बिसवां स्थित नूरी मस्जिद मदरसा दारुल उलूम मोइनिया रहमानिया में रविवार को इस्लाम के तीसरे खलीफा हजरत उसमान गनी का शहादत दिवस मनाया गया। मौलाना फैजान हुसैन कादरी ने जलसे में हजरत उसमान गनी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हजरत उसमान गनी नबी पाक के करीबी साथी और दूर के भांजे थे। वह नरम दिल और दानी स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने इस्लाम के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 18 जिल्हिज्ज को इस्लाम विरोधियों ने उनकी हत्या कर दी। कार्यक्रम में हाफिज जीशान बरकाती, शाहबाज वाहिदी और शहजादे रजा ने नात व मनकबत पेश किए। मास्टर तबस्सुम हुसैन, अब्दुल अतीक खां, सय्यद हुसैन कादरी, मौलवी इस्माइल कादरी, हाफिज मेराज अकमल, मौलाना जीशान सकाफी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एक ही गांव के दो घरों से 3 लाख के जेवरात और नकदी चोरी

**सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सोहरिया के मोहन पुरवा गांव में शनिवार रात करीब 1 से 3 बजे के बीच चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। पहली चोरी पवन सिंह के घर में हुई। चोर यहां से दो लाख के जेवरात और पांच हजार रुपए नगद ले गए। दूसरी चोरी पेशकार यादव के घर में हुई, जहां से चोर जेवरात और दस हजार रुपए की नगदी ले उड़े। परिजनों ने बताया कि चोर मुख्य दरवाजे से घर में घुसे। उन्होंने अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित परिवारों ने थाना रामपुर मथुरा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### ट्रैक्टर खाईं में पलटा, चालक ट्रैक्टर के नीचे दबा

**सीतापुर।** महमूदाबाद में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पचदेवरा भान गांव के 42 वर्षीय ओमकार रविवार की सुबह ट्रैक्टर की सर्विस कराने महमूदाबाद आए थे। दोपहर लगभग 2.30 बजे वह अपने गांव वापस लौट रहे थे। वन विभाग कार्यालय के पास उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इस हादसे में ओमकार ट्रैक्टर के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने ओमकार को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला। उन्हें तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# बाइक की टक्कर से बालक घायल, दोनों पैर फैक्चर

**बेलहरा बाराबंकी।** नाबालिक बाइक चालक ने सड़क किनारे खड़े बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल बच्चे को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसके दोनों पैरों में फैक्कर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जबकि बाइक चला रहे नाबालिक को भी चोटे आई हैं।




जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवराजपुर निवासी नरेंद्र सिंह का नाबालिग पुत्र सूरज सिंह (15) बाइक लेकर बेलहरा से घर जा रहा था तभी रास्ते में लकौड़ा गांव निवासी राम सांवले का 13 वर्षीय बेटा विवेक सड़क के किनारे खड़ा था और उसके पिता पास के खेत में सिंचाई कर रहे हैं तभी बाइक चालक ने विवेक को जोरदार टक्टर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया गया जहां पर विवेक के दोनों पैरों में फैक्कर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जबकि बाइक चालक सूरज को मामूली चोटे होने के कारण उसका इलाज जारी है।

# दलित महिला ने बलात्कार में असफल रहने पर मारपीट, हत्या की धमकी, कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया, दर्ज हुआ मुकदमा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी दलित महिला ने गांव के ही एक युवक पर घर में जबरन घुसकर छेड़खानी, मारपीट, बच्ची की हत्या की धमकी, कपड़े फाड़ने के साथ ही बलात्कार करने में असफल होने पर पीड़िता पर पेशाब करने का अपमानजनक कृत करने का आरोप लगाते हुये थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता के मुताबिक वह अपने ससुराल में दो माह की मासूम बच्ची व सास ससुर के साथ रह रही है।जबकि उसका पति सूरत में रहकर नौकरी करता है। 10 जून 2025 को सायंकाल करीब 6 से 7 बजे के बीच जब सास रिश्तेदारी में और ससुर बाहर गांव में किसी कार्य से गए थे, तभी गांव निवासी अभिनव वर्मा ने घर में घुसकर महिला को अकेला पाकर जबरन दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा।

महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसका मुंह दबाकर पास में पड़ा कपड़ा उसके मुंह में ठूंस दिया। इसके बाद उसने पीड़िता के कपड़े फाड़ने और उसके साथ जबरदस्ती का प्रयास किया। महिला किसी तरह खुद को छुड़ाकर भागने का प्रयास कर रही थी, तभी आरोपी ने उसकी दो माह की बच्ची को उठाकर सिर के बल पटकने की धमकी दी और बलात्कार के लिए दबाव बनाने लगा।महिला बच्ची को बचाने के प्रयास में खुद बुरी तरह घायल हो गई।

आरोप है कि आरोपी जब अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया तो उसने पीड़िता के साथ बेहद अपमानजनक कृत्य करते हुए उसके ऊपर जबरन पेशाब करके जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थोड़ी देर बाद ससुर के घर वापस लौटने पर महिला ने उन्हें सारी बात बताई। पीड़िता ने आरोपी से अपनी जान का खतरा बताते हुए थाने पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

## पूजा-पाठ के बहाने महिला से ठगी, आरोपियों की तलाश जारी

**सीतापुर।** जिले के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम को एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है। सदरपुर के देवहरा गांव की रहने वाली चंपा देवी अपने बच्चों के साथ महमूदाबाद आई थीं। बिसवां मोड़ पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोका। दोनों ने पूजा-पाठ कराने का झांसा दिया। महिला ने अपने सोने के कान के बाले, गले की माला और 11 हजार रुपये नकद उन्हें दे दिए। इसके बाद दोनों ठग ऑटो में बैठकर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बिसवां मार्ग पर कांबिंग की, लेकिन अभी तक ठगों का कोई सुराग नहीं मिला है।

## पिकप चालक से लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस ने हरगांव थाना क्षेत्र में पिकप चालक से हुई लूट का मामला सुलझा लिया है। क्राइम ब्रांच की मदद से हरगांव पुलिस ने सीतापुर-लखीमपुर हाइवे पर कल्लापुर मोड़ के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के मुंशी गंज निवासी आशीष और मिरदही टोला निवासी रोहित गेहार के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से लूट के 1600 रुपये बरामद किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे, कारतूस और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।पुलिस टीम मे झरेखापुर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार की टीम का विशेष योगदान रहा।

# मातृ-पितृ सदन में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित, वरिष्ठजनों को बताए गए उनके अधिकार**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के मंशानुरूप एवं प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में व श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में रविवार को मातृ- पितृ सदन भूहेरा में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

डालसा सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र द्वारा बताया गया कि यह दिन विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गो के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन को मनाने का खास मकसद ही है बुजुर्ग के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना, उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना। आजकल कई ऐसे मामले सुनने को मिलते हैं जहां लोग बूढ़े मां-बाप के साथ अच्छा बर्ताव नहीं करते है और भी कई तरीकों से परेशान करते है। भरण पोषण अधिनियम के अनुसार यदि माता-पिता के भरण पोषण में आर्थिक रूप से सक्षम नही है तो बच्चों पर यह दायित्व आरोपित है कि वे माता पिता का भरण पोषण करें। भरण पोषण व देखभाल न करने की स्थिति में उनके लिए सजा का प्राविधान है। माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के प्राविधानो पर विस्तार से चर्चा की गयी। वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निःशुल्क विधिक सहायता के उपबन्धों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रिया कलापों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही नाल्सा द्वारा संचालित हेल्पलाइन नं0-15100 की भी जानकारी वृद्धजनों को दी गयी।

संस्था के प्रबन्धक कमलेश कुमार के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। मातृ-पितृ सदन के प्रबन्धक द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर से मातृ-पितृ सदन के वृद्ध लोग लाभान्वित हुए और उनके द्वारा पुनः ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपेक्षा की गई।

# पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य बोले- सरकार ने भर्तियां रोकी, सरकार सिर्फ मार्केटिंग करती है

**हरदोई, समृद्धि न्यूज़।**



हरदोई में रविवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार रोजगार सृजन के प्रति कतई गंभीर नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों की भर्तियां लगभग ठप कर दी हैं। जब कभी कोई भर्ती प्रक्रिया शुरू भी होती है, तो उसमें भारी भ्रष्टाचार और धांधली के मामले सामने आते हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार जानबूझकर इन प्रक्रियाओं को वर्षों तक लटकाती है, ताकि युवाओं को सिर्फ आश्वासन और इंतजार की स्थिति में रखा जाए।

पूर्व मंत्री ने हाल ही में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें लखनऊ जाते समय रास्ते में हजारों युवा मिले जो इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने जा रहे थे। उन्होंने सवाल किया, ष्क्या प्रदेश सरकार केवल आश्वासन और प्रचार के बल पर युवाओं को रोजगार देने की योजना बना रही है? स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, जब कभी कोई भर्ती प्रक्रिया पूरी होती है, तो सरकार उसे इस तरह प्रचारित करती है मानो कोई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई हो। हर जगह पोस्टर, बैनर, विज्ञापन - सरकार की प्राथमिकता केवल प्रचार है, समाधान नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मौजूदा सरकार महज एक 'मार्केटिंग सरकार' बनकर रह गई है। पूर्व मंत्री ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश में जंगलराज जैसी स्थिति है। महिलाओं की सुरक्षा दयनीय है, बलात्कार और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है। 27,000 से अधिक प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। ओबीसी वर्गो के युवाओं की हत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर कहा, देश और प्रदेश का युवा आज बेरोजगारी से त्रस्त है। महंगाई ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उच्च शिक्षित छात्र मात्र 8-10 हजार रुपये की आउटसोर्सिंग नौकरियों के लिए मजबूर हैं। इससे न तो उनकी बुनियादी आवश्यकताएं पूरी हो पा रही हैं और न ही वे परिवार का भरण-पोषण कर सकते हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले की सरकारें जब राष्ट्रीयकरण करती थीं, तब सरकारी नौकरियों के अवसर बढ़ते थे। लेकिन आज की सरकारें सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेचकर युवाओं की संभावनाओं को खत्म कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब कुछ अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, जो जनता के साथ अन्याय है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा, यह हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सराहनीय कदम था, लेकिन सरकार का दो दिन के भीतर बैकफुट पर आ जाना उचित नहीं था। जब तक सभी आतंकवादियों का पूरी तरह से सफाया नहीं हो जाता, तब तक किसी भी प्रकार का सीजफायर नहीं होना चाहिए। अपने राजनीतिक दृष्टिकोण पर बोलते हुए उन्होंने स्पष्ट किया, मैं छह बार मंत्री और तीन बार नेता प्रतिपक्ष रह चुका हूं। अगर मुझे पद की लालसा होती, तो मैं बहुत पहले ही अपनी पार्टी बना चुका होता। लेकिन मैं पद के लिए नहीं, बल्कि विचारों और सिद्धांतों के लिए राजनीति करता हूं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी और उसके नेतृत्व पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव खुद भ्रमित हैं। उन्होंने (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) का नारा दिया, लेकिन इसकी परिभाषा ही तय नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए तीसरे मोर्चे का गठन कर लिया है।

# योग को सभी लोग अपनी दिनचर्या में करें शामिल : डीएम

▸ डीएम ने योग सप्ताह कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



योगाभ्यास करते डीएम- एसपी व अन्य अधिकारीगण

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह आदि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत (15 जून से 21 जून 2025 तक) आयोजित होने वाले योग सप्ताह के तहत कलेक्ट्रेट परिसर हॉल में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डीएम ने कहा है कि योग भारतीय संस्कृति व मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है। सभी लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। जहाँ नियमित योगाभ्यास से आनन्द की अनुभूति प्राप्त होती है, वही तमाम प्रकार की बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है। अगर अपने दिन की शुरुआत आधे से एक घंटे योग के साथ की जाए तो तनाव, ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा आदि अनंत प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पाया सकता है, अर्थात उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक है। योगाचार्य आकांक्षा सिंह सेंगर द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन , पादहस्त आसान, अर्ध चक्रासन, त्रिकोण आसन, दंड आसान, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन आसान, पूर्ण उष्ट्र आसान, शशांक आसन, वक्रासन वक्र आसान, उत्तान मंडूकासन, शव आसान, उत्तानपादासन, सेतुबंध आसन आदि कराए गए, प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि कराया गया।

योग नोडल अधिकारी डॉ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में योग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन समस्त तहसीलो, विकास खंडो, नगर पालिका/ नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों आदि स्थानों पर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। पूरे मनोयोग से 15 जून 2025 से 21 जून, 2025 तक योग का आयोजन करवाया जाए। आयुष विभाग द्वारा दिन- प्रतिदिन के कार्यक्रमों का विवरण भी भेजा जाए।

# फादर्स डे पर स्कूल में बच्चों के पिता को स्कूल संचालक ने किया तिलक

▸ नगर के एजुकेशन मेटा द आई स्कूल में विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




अभिभावक को तिलक लगाते डॉ. वरुण कटियार

फादर्स डे के अवसर पर रविवार को नगर के एजुकेशन मेटा द आई स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के पिता को आमंत्रित किया गया। स्कूल संचालक डॉ वरुण सिंह कटियार ने स्वयं सभी उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए उन्हें तिलक लगाकर सम्मानित किया।

तिलक समारोह के माध्यम से स्कूल प्रशासन ने यह संदेश दिया कि पिता का योगदान एक मजबूत स्तंभ के रूप में समाज और परिवार दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूल संचालक ने कहा कि जैसे माँ ममता की मूर्ति होती है। वैसे ही पिता जीवन के संघर्षों का सच्चा योद्धा होता है। आज हम उनके प्रति सम्मान प्रकट कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा पिता पर लिखी गई एक कविता सुनाई एवं सभी बच्चों के माता- पिता ने गीत संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने स्कूल की इस पहल की सराहना की और बच्चों के साथ इस यादगार दिन को उत्साहपूर्वक मनाया।

# नीट परीक्षा पास करने पर अंशुमान तिवारी को किया सम्मानित




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नीट परीक्षा 2025 में अपने पहले ही प्रयास में आल इंडिया 3624वीं रैंक हासिल कर इंदिरा नगर निवासी अंशुमान तिवारी ने वार्ड और नगर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर सभासद हिमांक त्रिपाठी ने इंदिरा नगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में एक सम्मान समारोह आयोजित कर अंशुमान को माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सभासद ने कहा कि अंशुमान की यह सफलता पूरे नगर के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने अन्य छात्रों से प्रेरणा लेकर मेहनत के साथ पढ़ाई करने और नगर का नाम ऊंचा करने की अपील की।

अंशुमान ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वह डॉक्टर बनकर गरीब मरीजों की सेवा करना चाहते हैं। समारोह में अंशुमान के माता-पिता को भी वार्डवासियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कमल तिवारी, प्रबंधक राजीव शुक्ला, शिवमंगल सिंह, कुसुमा देवी शुक्ला, संजीव शुक्ला, रमेश शर्मा, निशु, रफीक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मक्का ढकने गए ग्रामीण को चार लोगों ने पीटा, मौत

▸ मृतक की पत्नी ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
▸ ईशन नदी के पुल पर कपूरापुर गांव के सामने सूख रही थी मक्का
▸ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



घटना से गुस्साए सड़क पर जाग लगाए बैठे ग्रामीण



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ का नजारा

कोतवाली क्षेत्र के खखरियापुर गांव में रविवार की भोर मक्का की फसल सुखा रहे एक ग्रामीण के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। जिससे ग्रामीण की मौत हो गई। मौत से गुस्साए परिजनों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन मान गए। मृतक के पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

खखरियापुर गांव निवासी मनोरमा पत्नी प्रदीप कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति प्रदीप कुमार शनिवार की रात में ईशन नदी पुल पर कपूरापुर गांव के निकट मक्का की फसल सुखाने गए थे। रविवार की भोर 04 बजे के करीब अचानक बारिश होने पर उसके पति मक्का की फसल को ढक रहे थे।

वहीं पर उसके जेठ बलवीर सिंह की भी फसल सुख रही थी। उसके पीछे वह भी अपने जेठ की बाइक पर बैठकर फसल को ढकने आई। जब वह पुल के निकट पहुंची, तभी उसने देखा कि अंकित व अमित पुत्र कमल किशोर, रोशन लाल पुत्र नियामत सिंह एवं श्याम सिंह पुत्र रूपलाल निवासीगण सुजानसराय उसके पति के साथ मारपीट कर रहे थे। उसके जेठ के शोर मचाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उक्त लोगों की पिटाई से उसके पति की मौत हो गई।

घटना की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। घटना की जानकारी पर तिर्वा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के समझाने के बाद परिजन माने और जाम खोल दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भे दिया।

मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## पुलिस ने कई लोगों को लिया हिरासत में

**तिर्वा।** ग्रामीण की मौत के मामले को लेकर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर ली है। पुलिस ने मामले में कई लोगों को भी हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# खबरें एक नजर में

## आरोग्य स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के समस्त 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला डा0 जितेन्द्र कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आने वाले रोगियों की नि:शुल्क जॉच, उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण परिवार कल्याण, हैपेटाइटिस "बी" एवं "सी" कार्ड टेस्ट, टी0बी0 सम्भावित रोगियों की जॉच, नेत्र रोगियों का परीक्षण, गोल्डन कार्ड वनाये जाने आदि सेवायें प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 2940 मरीजों (1147 पुरुष, 1106 महिलायें एवं 687 बच्चे) को लाभान्वित किया गया। आयुष्मान योजना के तहत 31 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किये गये, प्रत्येक केन्द्र पर चिकित्सकों के अतिरिक्त पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे।

## 10 घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप

▸ पानी की किल्लत से लोगों को पड़ा जूझना



फाल्ट को ठीक करता कर्मचारी

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।** भीषण गर्मी में लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। शनिवार की रात हाई टेंशन लाइन में फाल्ट हो जाने से कस्बा सहित आसपास के करीब एक सैकड़ा गांव की बिजली आपूर्ति 10 घंटे से अधिक ठप रही। कस्बा की बिजली आपूर्ति अब भगवान भरोसे हो गई है। मामूली से फाल्ट को ठीक करने में विभाग के कर्मचारियों को ठीक करने में घंटों लग रहे हैं। शनिवार की रात हाई टेंशन लाइन में फाल्ट हो जाने से कस्बा और आसपास के करीब एक सैकड़ा गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रात 2:00 बजे गई बिजली आपूर्ति रविवार की दोपहर करीब 12:00 बजे बहाल हो सकी। फाल्ट को ठीक करने में बिजली कर्मचारियों को 10 घंटे का समय लगा। इस दौरान कस्बा और स्थानीय उपकेंद्र से जुड़े करीब एक सैकड़ा गांव की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। आपूर्ति ठप होते ही बिजली कर्मचारी और अधिकारियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। जिससे बिजली के आने की सही जानकारी लोगों को नहीं मिल सकी।

## घटिया निर्माण की वजह से नाले का रूका कार्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के तिर्वा तहसील में जिला पंचायत निधि से बन रहे नाले में भृष्टाचार का मामला सामने आने के बाद काम रुकवा दिया गया है। मंत्री असीम अरुण,और भाजपा जिलाध्यक्ष के संज्ञान में मामला पहुंचने के बाद नाला निर्माण की जांच शुरू करवा दी गयी है। स्थानीय जिला पंचायत सदस्य का कहना है किसी कीमत पर घपलेबाजी बर्दाश्त नही की जाएगी। कन्नौज के तिर्वा तहसील क्षेत्र अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज ले पास करीब 700 मीटर लम्बा नाला निर्माण जिला पंचायत निधि से हो रहा है। निर्माण की शुरुआत में ही स्थानीय जिला पंचायत सदस्य ने घपलेबाजी का मुद्दा उठा दिया है। सदस्य मंगा भय्या का कहना है कि जो सरिया डाली जा रही है वह बेहद पतली है और डस्ट का जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट भी घटिया क्वालिटी की लगाये जाने का आरोप है। मामला जब समाजकल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्रप्रभार असीम अरुण और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया तक पहुंचा तो उन्होने इसे गंभीरता से लेते हुये जांच कराने की बात कही थी। घपले के जानकारी शासन स्तर तक पहुंचने की आशंका के चलते जिला पंचायत विभाग काम रुकवा दिया है। ठेकेदार आकाश मिश्रा को काम रोकने के निर्देश दिये हैं जिला पंचायत सदस्य मंगा भईया ने बताया कि ठेकेदार आकाश मिश्र मानक विहीन नाला बना रहे मुझे जनता ने सदस्य चुना है किसी भी ठेकेदार को अपने वार्ड में मानक विहीन कार्य नहीं करने दूंगा मैं इसकी शिकायत शासन तक करूंगा । पूरे मामले में.सपा सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने जिलापंचायत अपर मुख्य अधिकारी जेपी मौर्य से लेकर विभाग के बाबू और जेई को घपले का जिम्मेदार बताया था। सपा का आरोप है की जिला पंचायत निधि से होने वाले हर काम में मोटे कमीशन (28 प्रतिशत ) के लालच में जमकर भृष्टाचार किया जा रहा है। देखना होगा बिधईपुर्वा का यह नाला कुछ दिन बाद ऐसे ही बनता है या मानको के मुताबिक नाला निर्माण होगा।जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जेपी मौर्य से बात करने पर बताया गया कि नाले के निर्माण की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा ,अभी प्रारंभिक कार्य शुरू हुआ है ।

# अभय साहिल पॉल ने पीएचडी के साथ नाम किया रोशन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला बस्तीराम पीपल वाली गली निवासी अभय साहिल पॉल ने सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, प्रयागराज से रसायन विज्ञान में पीएचडी की उपाधि हासिल कर नगर का नाम गौरवान्वित किया है।

अभय, विद्यासागर पॉल और पूर्व सभासद नीलम पॉल के पुत्र हैं। उनकी थीसिस का विषय कार्बनाइज्ड मेटल-बायोकंपोजिट एड्सॉर्बेंट का उपयोग करके पानी से जैविक प्रदूषकों का अवशोषण द्वारा निष्कासन था, जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अभय की प्रारंभिक शिक्षा छिबरामऊ के बाल विद्या मंदिर और सुभाष अकादमी से हुई, जबकि उच्च शिक्षा उन्होंने इलाहाबाद के ईविंग क्रिश्चियन कॉलेज से प्राप्त की। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अभय अपने परिवार और गुरुजनों को देते हैं, जिनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से वे इस मुकाम तक पहुंचे। उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे छिबरामऊ के लिए गर्व का विषय है। नगरवासियों ने अभय को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तीन घरों पर गिरी आकाशीय बिजली

▸ दंपति झुलसे, संपत्ति क्षतिग्रस्त

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बिजली गिरने से फटी दीवार

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह तेज गड़गड़ाहट के साथ तीन घरों में आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप मच गया। इस घटना में माधौनगर गांव के रोहित शाक्य और उनकी पत्नी नेहा शाक्य गंभीर रूप से झुलस गए।

दोनों उस समय अपने घर के बरामदे में बैठे थे, जब बिजली गिरी। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसके अलावा, दो अन्य घरों की छत पर बिजली गिरने से दीवारें, सीढ़ियां और घरों का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तीनों घरों के विद्युत उपकरण भी जलकर खराब हो गए। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी-तूफान के बीच बिजली गिरने से नुकसान हुआ। पुलिस और प्रशासन ने मौके का मुआयना किया और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। यह घटना मौसम के अचानक बदलाव और बिजली गिरने के खतरों को उजागर करती है। प्रशासन ने लोगों से आंधी-तूफान के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

# डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर सवार पिता की मौत, पुत्री व चालक घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर सवार पिता की मौत हो गई, जबकि उनकी पुत्री और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना ग्राम करमुल्लापुर के पास हुई, जहां तेज रफ्तार डीसीएम ने भूसा लादे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार, ग्राम गिरधरपुर निवासी गिरीश (पुत्र पुत्तू लाल) अपनी पुत्री संजू के साथ उसके ससुराल सूरजपुर (थाना भोगांव) जा रहे थे। संजू, जो मवेशियों के लिए भूसा लेने पिता के घर आई थी, ट्रैक्टर चालक अवनीश के साथ रात करीब 1 बजे भूसा लादकर निकली थी। करमुल्लापुर के पास डीसीएम की टक्कर से तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां गिरीश को मृत घोषित कर दिया गया। संजू और अवनीश का प्राथमिक उपचार जारी है। हादसे की खबर से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संत निरंकारी सेवा दल की पीटी परेड में उत्साह व समर्पण का प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कानपुर से पधारे क्षेत्रीय संचालक परम पूज्य महात्मा डॉ. जेएस बिंद्रा और महात्मा सुरेंद्र सिंह ने निरंकारी मिशन के सेवा दल के जवानों को पीटी परेड कराई।

इस अवसर पर छिबरामऊ के साथ-साथ गुरसहायगंज शाखा के भाई-बहनों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महात्मा सुरेंद्र सिंह ने सेवा दल को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा सद्गुरु को सर्वाधिक प्रिय है, क्योंकि सत्संग की समस्त जिम्मेदारियां सेवा दल के कंधों पर होती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेवा दल को हमेशा शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना चाहिए।

डॉ. जेएस बिंद्रा ने सेवा दल के उत्साह, जज्बे और हिम्मत की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा दल पूरे समागम का भार उठाता है और सद्गुरु के आदेशों का तत्काल पालन करता है, यही कारण है कि सद्गुरु को सेवा दल से विशेष प्रेम है। संचालक मनीष जी ने सेवा दल को सत्संग की रीढ़ बताते हुए उनकी जिम्मेदारी को रेखांकित किया। गुरसहायगंज शाखा के मुखी विपीन जी ने कहा कि गुरु के सहारे और सेवा दल के बिना कोई कार्य संभव नहीं।

सेवा दल संचालिका शशी प्रभाकर और शिक्षक संतोष भाटिया ने महात्माओं का आभार जताया, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से सेवा दल का मनोबल बढ़ता है। कानपुर से पधारे दीपक जी, अजय जी और हरिवंश जी सहित सभी महात्माओं का अभिनंदन किया गया। यह आयोजन सेवा दल के समर्पण और एकजुटता का शानदार उदाहरण रहा।

# नि:शुल्क मेडिकल कैंप में उमड़ी मरीजों की भीड़

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला बिरतिया, वार्ड नंबर 8, मालवीय नगर में नगर पालिका के बारात घर के समीप फातहे बिलग्राम मिशन द्वारा आयोजित नि:शुल्क मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। यह कैंप सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चला।

हुजूर अनीसुल मशायख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की देखरेख में आयोजित इस कैंप में कानपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार किया। कैंप में डॉ. मोहम्मद वसीम खान (एमबीबीएस), जो पेट, छाती (क्षय रोग), चर्म रोग और रक्तचाप के विशेषज्ञ हैं, के साथ डॉ. मोहम्मद सैफी, मोहम्मद अलफहद, मोहम्मद आरिज और मोहम्मद हन्जला ने मरीजों की जांच की और उनकी बीमारी के अनुसार मुफ्त दवाइयां वितरित कीं।

कैंप में आमिर रजा, फैशल अली, मोहम्मद हाफिज फैजान, महमूद मंसूरी, अनवार आलम और सलीम मंसूरी सहित कई स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस पहल ने स्थानीय लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी सेहत की देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डिवाइडर से टकराई स्कूटी, चालक घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम प्रेमपुर सरैया के पास स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। घटना में चालक घायल हो गया, जबकि साथ बैठी पत्नी और बच्चा बाल बाल बच गया। आनन फानन में घायल को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल भर्ती कराया गया।

बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बराह निवासी 37 वर्षीय निलेश कुमार पुत्र शांति स्वरूप दिव्यांग है। शनिवार की शाम लगभग 8 बजे वह अपनी ससुराल गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बलिदासपुर गढ़िया से पत्नी पूजा तथा पुत्र मयंक को साथ स्कूटी पर बैठाकर वापस अपने गांव जा रहे थे। तभी ग्राम प्रेमपुर सरैया के पास अचानक स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और डिवाइडर से जा टकराई। घटना में चालक निलेश कुमार घायल हो गए, जबकि पत्नी और बच्चा बाल बाल बच गए। राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गश्त करती रही पुलिस, चोरों ने तीन दुकानों से उड़ाया लाखों का माल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र की पुलिस रात भर गश्त का ढोल पीटती रही और चोर आराम से तीन दुकानों के ताले तोड़ते रहे। कस्बा गुर्जरपुर पमारान में दुकानों को निशाना बनाकर लाखों का माल और नकदी चोरी कर ली गई। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे तो ताले टूटे पड़े थे और अंदर का सामान गायब था। चोर श्याम सिंह की दुकान से 85 हजार की कोरा जिन की पेटी, सोने की अंगूठी और 3000 की नकदी ले गए, मुनेंद्र की मोबाइल दुकान से 5400 की नकदी और 25 मोबाइल हैंडसेट चुरा ले गये। नंदराम की दुकान से चोर 30 नए, 25-30 पुराने मोबाइल और 1200 की नगदी चोरी कर ले गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हर बार की तरह वहीं रटारटाया बयान जल्द पकड़ेंगे चोर, दोहराया गया, लेकिन व्यापारी अब थाने की इन खोखली घोषणाओं से ऊब चुके हैं। वहीं दुकानदारों ने साफ कहा कि पुलिस या तो गश्त की खानापूर्ति कर रही है या चोरों से मिली हुई है। चोर रात में लूटते हैं और पुलिस दिन में सफाई देती है।



दुकानदार से घटना के संबंध में पूछताछ करती पुलिस

# तीस बीघा जमीन, एक ट्रैक्टर व पक्का मकान फिर भी छः महीने तक लेता रहा राशन

- प्रधान ने कोटेदार तथा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ डीएम से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तीस बीघा ज़मीन, एक ट्रैक्टर तथा पक्का मकान, फिर भी छः महीने तक लेता रहा राशन। ग्राम प्रधान ने कोटेदार तथा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर छिछनी के ग्राम प्रधान पर्वत सिंह ने गांव के कोटेदार राम जीत यादव तथा पूर्ति निरीक्षक सुधांशु के खिलाफ जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कहा कोटेदार का बड़ा भाई अजय पाल जो लगभग तीस बीघा जमीन का मालिक है, ट्रैक्टर है और पक्का मकान, इसके बाबजूद कोटेदार तथा पूर्ति निरीक्षक के रहमोकरम पर अंतोदय कार्ड के जरिए पिछले छः महीने तक अवैध रूप से राशन लेता रहा। इसके बाद कटवा दिया गया। शिकायती पत्र में कहा कोटेदार तथा पूर्ति निरीक्षक के रहमोकरम पर ग्राम सभा में और भी फर्जी राशन कार्ड बनाए गए। ग्राम प्रधान के अनुसार आरोपी दबंग है। इसलिए कोई भी उसके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटाता। फर्जीवाड़े की जांच आवश्यक है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा उक्त प्रकरण की जांच कराकर रिकवरी कराई जाए। साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कोटेदार के खिलाफ ग्राम प्रधान द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के सम्बन्ध में जब जानकारी की गई तो कोटेदार का कहना था आरोप गलत है रंजिशन शिकायत की गई।

# जिरीलिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाली सड़क बनवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा नेता नीरज दीक्षित

भाजपा नेता नीरज दीक्षित ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भेजे गये ज्ञापन में कहा है कि जिरीलिया में प्राचीन शिवमंदिर है जिम पर हर वर्ष मावन माह में कावड़ियों द्वारा कावेंद्र यात्रा और शिय तेरस के दिन हर वर्ष विशाल मेले का आयोजन होता है। इसी रास्ते पर प्राइमरी पाठशाला एवं इन्टर कॉलेज भी हैं। जिस पर हजारों छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है। कच्चा मार्ग होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामवासियों व शिव भक्तों और स्कूल के छात्र छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

हम सभी भक्तगण शिवजी एवं सनातन धर्म को मानने वाले है। हम सभी को पूर्ण विश्वास एवं भरोसा है की इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इस कार्य को कराने का कष्ट करेंगे। यह विषय सैकड़ों वर्षो पुराना है। यहां पर कभी भी कोई कार्य नहीं हुआ है।

इस विपय को चार पाँच वर्षो से उठाता आ रहा हूँ, पर इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। गत वर्ष 25 जुलाई में 27 जुलाई 2024 तक प्राचीन शिवमंदिर पर भूख हड़ताल पर बैठा रहा। एटा के जिला प्रशामन ने तीन महीने के अंदर पक्की सड़क बनवाने का झूठा आश्वासन देकर हड़ताल खत्म करा दी, पर अभी तक नौ माह से अधिक का ममय गुजर जाने के बाद भी पक्की सड़क का कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्रवासियों में बहुत रोष व्याप्त है।

## महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने का किया प्रयास



अस्पताल में भर्ती महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव भागीपुर उमराह निवासी पिंकी उम्र 25 वर्षीय पत्नी विनोद कुमार ने सदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फॉसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। यह नजारा देख परिजनों के हाथ पॉव फूल गए और पिंकी को फाँसी के फन्दे से नीचे उतारकर आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर पिंकी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# प्लाट की निहास से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर जानमाल की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्लाट के किनारे से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर दबंग ने युवक को जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित सतेन्द्र सक्सेना पुत्र स्व0 गंगाशरण सक्सेना निवासी सुभाष नगर 14 जून को अपने अल्हानगर बढ़पुर स्थित प्लाट पर पहुंचा, तो देखा कि अपने प्लाट की बाउन्डीवाल की निहास के पास मिट्टी उठाई गई। जब मैंने देखा तो आसपास के लोगों से पूछा कि किसने ये मिट्टी उठाई, तो सामने दुकान पर खड़े व्यक्तियों ने बताया कि अशोक शुक्ला (फौजी) पुत्र नामालूम निवासी अल्हानगर बढ़पुर ने उठवाई है। जब मैंने अशोक शुक्ला से फोन पर संपर्क किया, तो उनका फोन नहीं उठा। कुछ देर बाद अशोक शुक्ला ने बाहर निकलकर देखा तो मैं अपने प्लाट जहाँ से मिट्टी उठाई गई थी, की फोटो ले रहा था। 1.15 बजे अशोक शुक्ला की तरफ से कॉल आई और धमकी देते हुए बोले कि मैंने मिट्टी उठवाई है तू क्या कर लेगा। तुझे नहीं पता डब्बन हमारे यहाँ आकर बैठते थे। मैंने कहा कि चाचा आप नाराज क्यों होते हो, मैं तो इसलिए कह रहा हूँ कि आप मेरी वाउन्ड्री के किनारे की मिट्टी को न उठाते मेरी निहास में पानी भर जायेगा। जिस पर अशोक शुक्ला मेरे प्लाट पर आ धमके और कहा कि प्लाट से बाहर निकल। जब मैं प्लाट से बाहर निकलकर रोड पर आ गया, तो मेरे ऊपर हाथ उठाते हुए बोला कि ज्यादा कलाकार हैं तुझे इसी प्लाट पर गाड़ दूंगा। तेरे किसी दिन इतनी गोलियां मारूँगा तेरा पता नहीं चलेगा। ये मिट्टी क्या तूने हलवाई थी। ये मिट्टी डब्बन व धर्मेन्द्र चतुर्वेदी (पप्पू) चौबे व प्रवीन कटियार ने मिलकर डलवाई थी। जिसे मैं उनके ही आदेश से उठवा रहा हूँ। साथ ही उन्होने कहा कि अगर ये लड़का रोके या मना करे तो इसे यहीं पर मारना और कहा कि उन लोगों का समय हमेशा ही खराब नहीं रहेगा जिस दिन समय सहीं हुआ उस दिन तू दुनिया छोड़ देगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।



वह प्लाट जिससे दबंग ने उठायी मिट्टी

# शराब ठेके पर पड़ा मिला सेल्समैन का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शराब ठेके पर सेल्समैन पड़ा मिला। उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम रायपुर निवासी 35 वर्षीय शिवरतन पुत्र रामकृष्ण पाल टाउन हाल रकाबगंज के देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था। रात में ठेके पर ही सोता था। वह सुबह घर आता था और खाना खाकर लगभग 10 बजे वापस ठेके पर जाता था। रविवार को दोपहर तक जब शिवरतन घर नहीं पहुंचा, तो उसका 13 वर्षीय पुत्र रिंकल देखने गया, तो शिवरतन बेसुध पड़ा था। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और शिवरतन को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उसे डा0 अतुल कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पूनम व ब्रजरानी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने लोहिया अस्पताल पंहुचकर जाँच पड़ताल की।



मृतक की फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# हजरत बाबा जूही शाह रहमतुल्लाह अलैह का 67वां सालाना उर्स सम्पन्न

- साधू संतों व कन्याओं को कराया गया भोज, भंडारे का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज के हमीरपुर लालबाग स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक मुर्शिदी व मौलाई सरकार हजरत बाबा जूहीशाह रहमतुल्लह अलैह का 67वाँ सालाना उर्स शरीफ साधू संतों, कन्या भोज व भंडारे के साथ शुरू हुआ। सबसे पहले साधू संतों व कन्यायों को भोज कराया गया। वहीं आस्ताने के सज्जादा नशीन मुशीर अहमद ने साधू संतों को शाल उढ़ाकर व दक्षना देकर सम्मानित किया।

भंडारे मे पहुंचे पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, भाजपा नेत्री रश्मि दुबे, अनिल गंगवार व आसिफ मंसूरी का जोरदार स्वागत किया गया। उक्त सभी ने भंडारे का लुफ्त उठाया। वही पूर्व विधायक अमर सिंह ने हजरत बाबा जूहीशाह की शान मे कहा न हिन्दू बनूंगा न मुस्लमान बनूंगा इंसान की औलाद हूँ इंसान बनूंगा। उन्होंने कहा सारे धर्मो से इंसानियत का धर्म सबसे ऊपर है। वहीं सज्जादा नशीन मुशीर अहमद ने उक्त सभी को शाल उढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उर्स शरीफ का आज से आगाज हुआ है आज ईशा की नमाज के बाद मिलाद शरीफ व नातिया मुशायरा होगा। कल बहार से आ रहे कव्वालों द्वारा कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उसके बाद अगले दिन कुल शरीफ हो जायेगा। इस मौके पर अली, अजमेरी भाई, जमीर अहमद, सावे आलम, रफीक राईन, लाल मियाँ खां, अमीर हुसैन, अल्लाह नूर राईन, इस्लाम भाई, नोमान सिद्दीकी, शानू सिद्दीकी, बबलू सिद्दीकी, शाहिद भाई, अभिषेक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



उर्स में मौजूद सज्जादा नशीन व अकीदतमंद

## बिजली करंट से मेला दुकानदार की मौत



लोहिया अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली करंट से मेला दुकानदार की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद हरदोई के टड़ियावां बहोरवा निवासी 25 वर्षीय फहीम मेले में दुकान लगाता था। बीती रात वह अपने बिस्तर के निकट टेबल फैन लगाकर सो गया। जब रविवार सुबह वह नहीं उठा, तो उसके साथी उसे देखने गये। फहीम विस्तर पर ही मृत पड़ा था। उसके हाथ पर पंखे का तार चिपका था। सूचना मिलने पर रोडबेज बस अड्डा चौकी प्रभारी कपिल कुमार मौके पर पहुंचे और जाँच पड़ताल की। घटना के बाद से मृतक की माँ रबिया का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## खबरें एक नजर में

### मोटर साइकिल की टक्कर से महिला घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मोटर साइकिल की टक्कर से महिला घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रामआसरे पुत्र मिट्ठूलाल निवासी गांव रजीपुर थाना कमालगंज का निवासी है। पीड़ित की पत्नी प्रेमवती उम्र करीब 70 वर्ष कल दिनांक 13.06.2025 को सायंकाल समय करीब 6 बजे ई-रिक्शा से उतरकर घर जा रही थी। उसी समय श्रंगीरामपुर की ओर आ रही मोटर साईकिल संख्या-यू.पी.76एक्यू9993 के चालक ने लापरवाही व तेजगति से मोटरसाइकिल चलाकर पीड़ित की पत्नी प्रेमवती को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उनकी हालत गंभीर देखकर उपचार के लिये आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत अभी तक गंभीर बनी हुई है। मोटर साईकिल सुन्दरम पुत्र कन्टी निवासी ग्राम वसाह नगला थाना कमालगंज चला रहा था। उसके साथ लकी शुक्ला पुत्र टिंकू शुक्ला निवासी अखमेलपुर मांझगांव थाना कमालगंज मोटर साइकिल पर सवार था।

### मारपीट में बीच-बचाव करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित कामता प्रसाद पुत्र पुत्तूलाल निवासी ग्राम अमानाबाद थाना कमालगंज फर्रुखाबाद का निवासी है। बीती 13 जून को सायंकाल समय करीब 7 बजे गांव के ही विपिन के घर दावत खाने गया था। वहां विपिन, राहुल, अमन पुत्रगण राजकुमार व राजबहादुर पुत्र बाबूराम का हलवाई से झगड़ा हो रहा था। वाद विवाद होते देख पीड़ित के पुत्र प्रमोद ने बीच बचाव करने का प्रयास किया, तो उक्त विपिन, राहुल, अमन व राजबहादुर ने एक राय होकर पीड़ित के पुत्र प्रमोद से मारपीट की तथा मारपीट करते हुये पकड़कर पीड़ित के घर लेकर आये तथा पीड़ित के घर में घुसकर पीड़ित तथा उसके पुत्र से लाठी-डंडा व सरिया से मारपीट की। जिससे पीड़ित तथा उसके पुत्र प्रमोद के शरीर पर कई चोटें आई। पीड़ित के बचाव के लिये चीख पुकार करने पर आसपास के लोग आ गये। उन्हें देखकर उक्त लोग भविष्य में देख लेने की धमकी देते हुये भाग गये। कहां कि इस बार तो बच गये, लेकिन तुमको जान से मारेंगे।

### परिजनों की पिटाई से युवक गंभीर, दिल्ली में मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलॉका निवासी राजू जाटव उम्र 41 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार जाटव बीते तीन दिन पूर्व शराब पीकर सर के बल घर के ऑगन में गिरकर घायल हो गया था। पत्नी रज्जो परिजनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुँची। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। लोहिया अस्पताल से प्राथमिक उपचार के वाद सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे दिल्ली प्राइवेट हॉस्पीटल मे लेकर पहुँचे। जहाँ उन्हें आईसीयू में रख लिया और उनके दिमाग की नस फटने की बात कहकर सर का आपरेशन करने की बात कही और ढाई लाख रुपये जमा करवाने को कहा। परिजन पैसों की व्यवस्था करने के लिए अपने घर आकर उधार सुधार ढाई लाख रुपये करके जैसे तैसे दो दिन बाद पहुँचे। जहाँ राजू की मौत हो चुकी थी। डाक्टर ने पुलिस को सूचना देकर बुलाया और कहा कि इनके घरवालों ने इसकी मारपीट कर हत्या कर की है। सर पर चोटों के निशान हैं। पुलिस ने पत्नी रज्जो सहित अन्य परिजनों को हड़काया और डाक्टर ने पुलिस को पचास हजार रुपये दिलवा कर मामला शान्त करवाया। रात्रि में राजू का शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में मंदिर के निकट बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। काशीराम कॉलोनी में रहने वाली महिला ने ब्लॉक नंबर 28 निवासी मोहित ठाकुर, उसके साथी कल्लू टेंपो वाले एवं दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पुत्री के साथ सामूहिक बलात्कार करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक घटना की किसी को जानकारी देने पर बालिका को जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी के अनुसार 9 वर्षीय बालिका 8 जून को दिन के 11 बजे अकेले काशीराम कॉलोनी के निकट शनिश्चर वाले मंदिर में पूजा करने गई थी। जब वह पूजा करके वापस घर जाने लगी, तभी आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और सामूहिक बलात्कार किया। बताया गया कि कॉलोनी के ही स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 2 की छात्रा ने बीते दिनों कल्लू टेंपो वाले की लड़की की इश्कबाजी की वीडियो बनाई थी। इसी रंजीश में बालिका के साथ हैवानियत की गई। बालिका का लोहिया अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर धारा 70(2) बीएनएस व 5जी/5 एम/6 पॉक्सो एक्ट का लोप करके धारा 115 (2)/352 बीएनएस की बढ़ोतरी की है।

# युवती से अश्लीलता की शिकायत करने गये चाचा को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती 15 मार्च की शाम 5 बजे अपने चबूतरे पर झाड़ू लगा रहे थी, तभी गांव का ही निवासी श्याम सुंदर उर्फ राम सुंदर ने युवती की तरफ अश्लील इशारे करने शुरू कर दिये। घर में जाकर युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, तो युवती का चाचा श्याम सुंदर के घर शिकायत करने गया और शिकायत कर वापस लौट आया। जिस पर श्याम सुंदर व उसके परिजन हाथों में लाठी-डंडे लेकर युवती के घर में घुस गए और गाली-गलौज करते हुए युवती के चाचा को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में युवती का चाचा घायल हो गया।

घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। कारवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। थाना पुलिस द्वारा कारवाही न करने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने युवती के चाचा की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर श्याम सुंदर उर्फ राम सुंदर, मुन्नू सिंह, सत्यपाल सिंह, शिवम, सुधांशु, प्रेमलता पत्नी सत्यपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# रेलवे क्रॉसिंग पर उतरते समय युवक की ट्रेन से कटकर मौत



मृतक दीनबन्धु की फाइल फोटो



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन व मोहल्लेवासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे क्रॉसिंग पर उतरने की जल्दबाजी में युवक की ट्रेन से कटकर मौके पर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को लेकर कन्नौज चले गये।

जानकारी के अनुसार कन्नौज के रायपुर मकरंदनगर निवासी 35 वर्षीय दीनबंधु उर्फ नन्हें राजपूत पुत्र विजय भान राजपूत सुबह कानपुर आनंद बिहार ट्रेन से अपनी बहन के घर पारिवारिक विवाद के चलते समस्याएं निपटाने आए थे। बहन किरन का घर भोपतपट्टी क्रॉसिंग के निकट ही है। क्रॉसिंग पर निकलते समय ट्रेन की रफ्तार कुछ कम हुई, तो दीनबंधु ने ट्रेन से उतरने की कोशिश की, वैसे ही पैर फिसल जाने में वह ट्रेन के नीचे आ गए। जिससे ट्रेन से कटने से दीनबंधु की मृत्यु हो गई। दीनबंधु के भाई अभिषेक व ताऊ मातादीन भी मौके पर आ गए। परिजन मृतक का शव लेकर कन्नौज चले गए।

## तय किराया न देने पर दबंगों ने मारपीट कर ई-रिक्शा किया क्षतिग्रस्त

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित सहिल पुत्र मुकेश निवासी ग्राम कीरतपुर थाना कमालगंज का रहने वाला हूँ। दिनांक 14 जून को शाम 6:30 बजे मुझसे ई-रिक्शा से गांव के अमरदीप पुत्र सुभाष ने सामान लदवाया। जिसका मैंने अमरदीप से एक सौ रूपये तय किये थे। सामान उतरने के बाद अमरदीप 50 रूपये देने लगे। मैंने विरोध किया, तो मेरे साथ अमरदीप व उसका भाई बादल पुत्रगण सुभाष व सुभाष पुत्र वेदराम उक्त लोगों ने गाली-गलौज व मारपीट की। बीच बचाव करने पर बड़े भाई सुमित, उनके साथ उक्त लोगों ने धारदार हथियार से मारापीटा। मारपीट मे बड़े भाई सुमित के हाथ में चोट आई है और उक्त लोगो ने मेरा ई-रिक्शा भी तोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# ट्रक की टक्कर से बोलेरो सवार आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस भर्ती के नियुक्ति पत्र लेकर जा रहे पुलिसकर्मियों की बुलेरो में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार जनपद बदायूं से आधा दर्जन पुलिसकर्मी नियुक्ति पत्र लेकर बुलैरो से लखनऊ जा रहे थे, तभी थाना कमालगंज के खुदागंज के निकट पुलिसकर्मियों की बुलैरो में सामने से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुलैरो सवार मंयक, बॉबी, सोनू, प्रदीप, प्रवेंद्र, जितेंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे तथा घायल पुलिसकर्मियों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने घायल पुलिसकर्मियों के हालचाल पूछे। डॉक्टरों से बात कर बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये।



लोहिया अस्पताल में भर्ती पुलिसकर्मी

# मनरेगा में फर्जीवाड़े की शिकायत बीडीओ व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के नाम पर फर्जीबाड़ा, पोर्टल पर हाजिरी, हकीकत कोसों दूर है। उधर रोजगार सेवक ने फर्जीबाड़े को लेकर मेठ के खिलाफ खंड विकास अधिकारी तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शमशाबाद को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार इसे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का दुर्भाग्य कहे तो ज्यादा बेहतर होगा क्योंकि सरकार विकास कार्यो के जरिए ग्रामीण क्षेत्र की सूरत बदलना चाहती यहां तक की शहर जैसा विकास ग्रामीण क्षेत्रों का भी हो के लिए सरकार लाखों रुपए ग्राम विकास निधि को देती है, लेकिन कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार इस कदर हॉबी है कि सरकार के नुमाइंदे सरकार की ही आंखों में धूल झोंक विकास कार्यो के नाम पर हजारों लाखों रुपए के बारेन्यारे कर रहे हैं। इसका भी ताजा उदाहरण विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम नेगमा में देखने को मिला। जहां मेट द्वारा मनरेगा के अंतर्गत विकास कार्य पोर्टल पर होना जाना दर्शाया जा रहा था, जबकि हकीकत कुछ और ही थी। विकास के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा था। उधर रोजगार सेवक श्यामा देवी द्वारा जब मौका मुआयना किया गया, तो मामला एकदम उल्टा था। इस संबंध में रोजगार सेवक ने खंड विकास अधिकारी शमशाबाद एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शमशाबाद को शिकायती पत्र देकर मेठ मोहिनी वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। रोजगार सेवक द्वारा खंड बिकास अधिकारी शमशाबाद तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार मनरेगा द्वारा विकास कार्य पोर्टल पर दर्शाया जा रहा था, जबकि हकीकत में कुछ भी नहीं था। रोजगार सेवक श्यामा देवी द्वारा मौके पर जांच की गई। फिलहाल रोजगार सेवक ने मेठ मोहिनी वर्मा के खिलाफ खंड विकास अधिकारी शमशाबाद तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शमशाबाद को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# शूटिंग प्रतियोगिता में एमआईसी फतेहगढ़ ने मारी बाजी

**साइबर क्राइम से बचने के कैडेट्सों को बताये गये तरीके**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शूटिंग प्रतियोगिता में एमआईसी फतेहगढ़ ने बाजी मारी तथा साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताये गये।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर तथा कैम्प कमांडेंट कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में चल रहे एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-33 में शूटिंग, ड्रिल कंपटीशन, क्विज कंपटीशन कराई गई तथा साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर के छठे तथा सातवें दिन एनसीसी कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन एनसीसी अधिकारियों तथा पी स्टाफ द्वारा कराया गया। जिसमें शूटिंग प्रतियोगिता, ड्रिल प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता रही। शूटिंग में एमआईसी ने बाजी मारी, जबकि दूसरे स्थान पर एचएलबीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ रहा। वहीं ड्रिल कंपटीशन में आर्मी पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान पर रहा, जबकि एमआईसी फतेहगढ़ दूसरे स्थान पर रहा। ड्रिल कंपटीशन डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अमन दीप खरोदे के निर्देशन में प्रारंभ हुआ ड्रिल कंपटीशन में 17 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। साइबर क्राइम ब्रांच से आए असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, वरिष्ठ सहायक रविंद्र कुमार ने साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर अपराध से बचने के अहम तरीके बताए।



शिविर में मौजूद एनसीसी कैडेट्स

एएसआई सतेंद्र सिंह ने बताया कि यदि कोई साइबर अपराध प्रकाश में आता है तो तत्काल साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल एनसीसीआरपी द्वारा जारी किए गए ऑनलाइन शिकायत की वेबसाइट पर दर्ज करें। शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी कॉल करके शिकायत दर्ज कर सकते हैं। आजकल पेटीएम की केवाईसी एवं चालू रखने के लिए फोन एवं मैसेज के माध्यम से साइबर अपराधियों द्वारा लिंक भेजा जाता है, जिसको कदापि टच न करें। इससे आपका बैंक अकाउंट हैक हो जाता है। वहीं वरिष्ठ सहायक रविंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर आप तत्काल 1930 नंबर डायल करें तथा अपनी शिकायत दर्ज कराएं। हाल ही में जनपद में कई प्रकार के साइबर अपराध हो चुके हैं, जिनको फतेहगढ़ साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा तीन साइबर अपराधियों को गोवा से अरेस्ट किया गया है। साइबर अपराध से बचने के लिए जानकारी ही बचाव है।

साइबर अपराध के बारे में जानकारी देने के उपरांत एनसीसी कैडेट्स की क्विज प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर मेजर एसके माधव, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट सिल्की मिश्रा, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, नरेंद्र सिंह तथा थर्ड अफसर संतोष शुक्ला, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार सुरेश कुमार, सूबेदार दिनेश, बीएचएम बृजराज, हवलदार संजय आदि मौजूद रहे।

# सीपी चौराहे पर पृथ्वी राज चौहान की मूर्ति लगवाने का ऐलान

**करणी सेना ने क्षत्रिय सम्राट की जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शोभायात्रा के दौरान पदाधिकारी

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने पृथ्वी राज चौहान की 876वीं जयंती पर शोभायात्रा निकाली। गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राणा मनमोहन सिंह की अध्यक्षता शोभायात्रा कपिल सीपी तिराहे से प्रारंभ हुई।

यात्रा का मार्ग लालकुआं, गल्ला मंडी, मुख्य चौराहा होते हुए, लोहाई बाजार, श्यामगंज और बजरिया, तहसील रोड, पुल गालिब, चिलाका और पटवन गली से होते हुए पृथ्वी दरवाजा पहुंची। यात्रा शिवाजी की मूर्ति पर संपन्न हुई। मार्ग में कई स्थानों पर नगरवासियों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि क्षत्रिय समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सीपी चौराहे पर क्षत्रिय सम्राट पृथ्वी राज चौहान की भव्य प्रतिमा लगवाने का काम किया जाएगा। इस दौरान मनोज ठाकुर, उत्कर्ष ठाकुर, अहिवरन सिंह गौर, अमित ठाकुर, आकाश बहादुर सिंह, नूतन चतुर्वेदी, प्रभात कश्यप, ओम चौहान, सत्यम, अजय चौहान, अमन ठाकुर, अंकित ठाकुर, कौशल चौहान, चंदन सिंह, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की हुई बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे के निर्देश पर अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष गौरव कुमार यादव के द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिले की नगर कार्यकारिणी ने भी हिस्सा लिया, साथ ही साथ जिलाध्यक्ष गौरव कुमार यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार के नए पदाधिकारियों को जिले व नगर का दायित्व सौंपा गया।



पदाधिकारियों के साथ मौजूद लोग

मानवाधिकार का जिला संरक्षक संजय कटियार, ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति के संस्थापक नारायण दत्त दुबे, जिला उपाध्यक्ष गोपाल सक्सेना, बीवीगंज युवा कमेटी के प्रांशु शाक्य ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, जिला सचिव सौरव शर्मा, अभिषेक मिश्रा, नगर महामंत्री मनीष यादव, नीरज राठौर, कुणाल कटियार, रोहित शाक्य, जिला सचिव सौरभ शाह, नगर सचिव अभिनव कटियार, भरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, भरतपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष अतुल मिश्रा, जितेंद्र यादव, कानूनी सलाहकार आसिफ जमा खान आदि उपस्थित रहे।

# मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चलेगा सप्ताह योगाभ्यास

**जिलाधिकारी ने योग शिविर का किया शुभारम्भ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने 15 जून से 21 जून तक एक पृथ्वी एक स्वस्थ के लिए योग थीम पर एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व जिला महामंत्री डीएस राठौर ने भाग लिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी मौजूद रहे। डॉ0 अरुण पांडे ने कार्यक्रम के मास्टर ऑफ सेरेमनी के रूप में कार्य किया।




योग कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अधिकारी



दीप प्रज्वलित करते जिलाधिकारी

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व धन्वंतरि वंदना और पतंजलि सूत्र के साथ हुई। योग सत्र का नेतृत्व योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी ने किया। 100 से अधिक प्रतिभागियों ने आसनों, प्राणायाम और ध्यान में भाग लिया। जिसमें सभी ने उत्साह दिखाया। अतिथियों के भाषण और राष्ट्रीय गान के गायन के साथ समापन हुआ। यह योग सप्ताह की एक जीवंत शुरुआत थी, जिसमें कॉलेज में अगले सात दिनों के लिए समान योग सत्र की योजना बनाई गई, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में योग के महत्व को उजागर करती है। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 अंजना दीक्षित, उप-प्राचार्या डॉ0 नीतू, डॉ0 रीता सिंह, डॉ0 रुमा डे, डॉ0 मधु रंजन, डॉ0 समर्पिता भट्टाचार्य, डॉ0 भारती पंचाल, डॉ0 कविता नेगी और कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा कार्यकर्ता को दरोगा ने जड़े थप्पड़

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को गांव गिलोंदा गए एक दरोगा ने अकारण भाजपा कार्यकर्ता अर्जित सिसोदिया को बिना कारण थप्पड़ों से पीट दिया और उसका मोबाइल भी छीन लिया। गौरतलब है कि पीड़ित की मां बीडीसी मेंबर है। घटना की शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष अचरा कुनेंद्र गंगवार से की गई।

### चोरी की बाइक सहित बाल अपचारी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक चोर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही से चोरी की गई बाइक बरामद हुई। बिहार के जनपद मुजफ्फरपुर थाना सरैया के ग्राम रुपौली निवासी नंदकिशोर कुमार पुत्र राजेन्द्र राम ने 29 मई को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि कायमगंज के लोटस कालोनी स्थित घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी एक बाइक सवार संदिग्ध युवक आता दिखायी दिया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह नाबालिग है और बाइक चोरी करता है। आरोपी की निशानदेही से चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 317(2) की बढ़ोत्तरी की है।

### घर से पानी निकालने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना के गांव सलेमपुर त्यौरी निवासी सोनम पत्नी मंजीत कुमार रविवार सुबह घर पर घरेलू काम कर रही थी। उसी समय उनके जेठ ने छत का भरा बरसात का पानी सोनम के घर में निकालना शुरू कर दिया। सोनम ने घर में पानी निकालने का विरोध किया। जिस पर जेठ व उनके परिजनों ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जेठ व परिजनों ने सोनम के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बचाने आए पति मंजीत को भी पीटा। थाना पुलिस को सोनम पत्नी मंजीत ने जेठ व परिजनों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### युवती से छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाने के एक गांव निवासी एक युवती 10 जून को घर पर थी, तभी गांव का ही आदर्श उर्फ शंकरम घर में घुस गया और युवती को अकेला देख छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती के शोर मचाने पर पर युवक जानमाल की धमकी देकर मौके से भाग गया। युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। थाना पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आदर्श उर्फ शंकरम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसो. के जिलाध्यक्ष इंदू अवस्थी व महामंत्री बने इरशाद

**अरशद वारसी को बनाया गया राजस्थान का प्रभारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लाल सराय स्थित प्रेस क्लब भवन में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गौड़ तथा राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा ने भाग लिया। संचालन इरशाद अली ने किया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह को दो मिनट का मौन रखकर पत्रकारों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



बैठक के दौरान मौजूद पत्रकार

सर्वसम्मति से एसोसिएशन की जिला प्रभारी की घोषणा की गई। सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी को जिलाध्यक्ष तथा इरशाद अली को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जयपुर से पधारे पत्रकार अरशद वारसी को संगठन का राजस्थान प्रभारी नियुक्त किया गया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

पत्रकारों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का समापन संगठन की आगामी योजनाओं पर चर्चा के साथ किया गया। इस मौके पर अनिल प्रजापति, दीपक तिवारी, विनय सक्सेना, ताहिर खां बज्जू, रविन्द्र भदौरिया, अरविंद शर्मा, मनोज जौहरी, महेश गुप्ता, ओम प्रकाश शुक्ला, सुरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर कु. माद्री आर्या के भजन पर झूमे भक्त

**आज बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना अति आवश्यक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज के 150 वें स्थापना वर्ष के अवसर पर संगठन द्वारा देश भर में अनेक आयोजन किये जा रहे हैं। गंगापार क्षेत्र के सीढ़े चकरपुर गांव में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस की प्रातःकाल वेला में सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र वासियों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां डाल कर ईश्वर से सुख संवृद्धि की कामना की। आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ सम्पन्न कराया।



भजन प्रस्तुत करती माद्री आर्या

उन्होंने कहा कि संसार के समस्त जड़ और चेतन देवताओं का मुख यज्ञ की अग्नि है, इसको दिया हुआ पदार्थ सबको बराबर प्राप्त होता है। देव ऋण से मुक्त होने के लिए सभी मनुष्यों को देव यज्ञ करना चाहिए, ताकि हमारे जीवन मे निरंतर सुख की वृद्धि होती रहे। मध्यान्ह की सभा में कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से आयीं कु0 माद्री आर्या ने अपने भजनों के माध्यम मातृशक्ति को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा आज बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना अति आवश्यक है। क्योंकि संस्कारों से हीन नारी स्वार्थी लोगों के हाथ की कठपुतली बनकर जगह-जगह ठगी जाती है। उनके गीत महिलाओं इस धरा की शोभा व शान तुम हो निर्माण करने वाली शक्ति महान तुम हो, पर श्रोता भावविभोर हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद जैसे युग ऋषि ने इस पावन धरा पर आकर हम सब को वेद ज्ञान से पुनः जोड़ा तथा ईश्वर के सच्चे वैदिक स्वरूप का दर्शन कराया। उनके आगमन से पूर्व भारत वर्ष जड़ जड़ित पाखंड तथा गुलामी की बेढ़ियों में जकड़ा हुआ था। स्वामी जी ने लोगों को कुरीतियों तथा पाखण्डों से निकाल कर जातपात व छुआछूत मिटाने की शिक्षा दी।

उन्होंने परतंत्रता की बेढ़ियों में जकड़े राष्ट्र की स्वतंत्रता आंदोलन के लिए युवाओं को प्रेरित किया। बुलंदशहर से आये पं0 ओमवीर आर्य व उदिता आर्या आदि ने ईश्वर भक्ति के गीत सुनाए। संयोजक श्यामानंद बाबा व सुरेंद्र सिंह आर्य ने आये हुए अतिथियों को वैदिक साहित्य भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री, दिनेश पाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेशपाल, सर्वेश सिंह, देवपाल सिंह, कन्हैया सिंह, रतिपाल सिंह, चन्द्रहास सिंह, उदयराज आर्य, उत्कर्ष आर्य, रवि राजपूत, रेनू आर्या आदि उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों की दी गई जानकारियां

**विभिन्न मण्डल में कार्यक्रम हुए आयोजित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को जनपद के विभिन्न मंडलों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें केंद्र की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

अमृतपुर मंडल में ग्राम पिथनापुर में विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है, इन 11 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक नए भारत की कल्पना जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, सरदार वल्लभभाई पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देखी थी, ऐसी कल्पना को चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लिया। 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रक्षा सुरक्षा शिक्षा स्वास्थ्य और कृषि जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसले लिए। कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए संगठन की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियां की चर्चा जगह-जगह करनी है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा 2014 से पहले का भारत वर्तमान भारत में बदलाव साफ दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर विश्व प्रताप सिंह चीनू, नीरज अवस्थी, अनुराग सिंह, मनोज मिश्रा, अजीत पांडे, राघवेंद्र सिंह रानू, डीएस राठौर आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भाकियू आज सौंपेगा ज्ञापन



वार्ता में जानकारी देते नरेन्द्र सोमवंशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी ने वार्ता में बताया कि क्षेत्र की समस्यायें बहुत है। खनन अधिकारी अवैध खनन कराने की हिदायत दी है। इसी को लेकर 16 जून को आंदोलन होना था, जो अब 20 जून को होगा। सभी लोग 16 जून को तहसील परिसर अमृतपुर पहुंचे और वहां के उपजिलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस तथा एक ज्ञापन दिया जायेगा। जिसमें नया हाईवे जैनापुर तुर्काटा बिलावलपुर होते हुए जा रहा है। गांधी, तुषौर, उजरा मऊ की जमीनें अधिकतर जा रही है। सर्किल रेट पुराना है, मुआवजा बढ़ाया जाये। अमृतपुर में बिजली विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग के आदि मुद्दों को लेकर चर्चा होगी। इस मौके पर नेत्रपाल सिंह, मनोज राठौर, लकी खां, ज्ञानेन्द्र सिंह राठौर, नेत्रपाल सिंह परमार आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी के माल सहित तीन चोर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से चोरी किये गये माल जेवरात बरामद हुए।

थाना जहानगंज के वरिष्ठ उपनिरीक्षक लव कुमार अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम हिमांशु पुत्र आदेश कुमार, शिवशंकर उर्फ भोला पुत्र सुरेश बाथम, राजेश उर्फ छक्कन पुत्र मुकेश श्रीवास्तव निवासीगण मूसाखिरिया थाना जहानगंज बताया। आरोपियों की निशानदेही से एक अंगूठी, एक जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी कानो के कुंडल, एक पेंडल बरामद हुआ।



पुलिस हिरासत में पकड़े गये चोर

बताते चले कि गांव के देवेन्द्र सिंह पुत्र बाबूराम ने 13 जून को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि रात्रि में चोरों ने छत के रास्ते घुसकर बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पूछताछ के दौरान हिमांशू ने बताया कि मेरे ही गांव के पूर्व प्रधान देवेन्द्र सिंह पुत्र बाबूराम के घर में पिछले कई वर्षो से राजेश कुमार उर्फ छक्कन पुत्र मुकेश श्रीवास्तव भैंस का दूध दूहता है। राजेश कुमार को उनके पूरे घर की जानकारी थी। उसी ने हमको बताया था कि वादी के घर में बहुत सामान है। 13 जून को रात्रि मे समय करीब 01 बजे मैने तथा शिवशंकर उर्फ भोला पुत्र सुरेश चन्द्र बाथम व राजेश कुमार उर्फ छक्कन पुत्र मुकेश श्रीवास्तव ने वादी के घर में चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के चालान कर जेल भेज दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार सहित चार लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव भंडार निवासी सरवेन्द्र कुमार उम्र 19 वर्ष अपनी भाभी रेखा देवी उम्र 30 वर्ष व दो भजीती सौम्या उम्र 10 वर्ष व शिखा उम्र 8 वर्ष को बाइक द्वारा कायमगंज बाजार करने ला रहा था। गाँव मेदपुर के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मऊरसीदाबाद निवासी दिनेश की बाइक में जोरदार भिडन्त हो गई। जिससे बाइक सवार सभी लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर दिनेश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 खिरिया मुकुंद वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 15/06/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खिरिया मुकुंद वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16/06/2025 से 22/06/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/06/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | खिमसेपुर ज्योंता मार्ग से हेमराज पाल के घर तक नाली व सीसी निर्माण कार्य | 3.1 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | महेश के घर से सुंदरपाल के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.94 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | हेमराज के घर से प्रकाश पाल के घर तक नाली व सीसी निर्माण कार्य | 2.12 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | प्रकाश के घर से दीप सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.94 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | प्रकाश के घर से सुंदर पाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | राजू के खेत से रामनरेश के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7- | सोनू के घर से राजेश के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.94 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(संजीव कुमार सिंह) ग्रा0पं0 खिरिया मुकुंद वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(शिवपाल सिंह)

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का शुभारंभ

▸ डीएम व सीडीओ के मार्गदर्शन में हुई योग सप्ताह की शुरुआत



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं विशाल कुमार मुख्य विकास अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में योग सप्ताह 15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक के प्रथम दिन 15 जून 2025 को मिर्जापुर में 4 तहसील, 3 नगर पालिका, 1 नगर पंचायत, 12 ब्लाक, गंगा नदी के तट पर स्थित फतहा घाट एवं ऐतिहासिक स्थल चुनार किला, सभी आयुष चिकित्सालयों एवं ग्राम पंचायतों के साथ जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा भव्य उद्घघाटन कार्यक्रम का आयोजन करते हुए योग सप्ताह की शुरुआत की गई। इसी कड़ी में गंगा नदी के किनारे स्थित फतहां घाट पर कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी पंचायत, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मिर्जापुर मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ब्रह्मकुमारी, पतंजलि योग संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग के प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ हिस्सा लेते हुए उद्घाटन कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करनें में अहम भूमिका निभाई।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग सप्ताह का बीडीओ ने द्वीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ



**हलिया (मिर्जापुर)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले हलिया ब्लॉक मुख्यालय में रविवार से योग सप्ताह की शुरुआत हो गई। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कर्मचारियों और आमजन के साथ योग किया। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। नियमित योग करने से न केवल शरीर तंदुरुस्त रहता है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। उन्होंने सभी से इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरीया, सीएम फेलो गौरव सिंह, अंकित शुक्ला, समेत कई कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक आयुर्वेद चिकित्सक जीतेन्द्र यादव ने ताड़ासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन और शवासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया और उनसे होने वाले लाभ भी बताए। योग सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 259 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 259 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में 63 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 45 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 55 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 53 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 43 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। नया इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 259 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### नाना के घर से लौट रहा अनियंत्रित बाइक सवार पुलिया से टकराया, मौके पर मौत



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत नैढी कठारी गांव निवासी 22 वर्षीय सुनील पुत्र मुंशीलाल व चचेरा भाई 16 वर्षीय रविन्द्र पुत्र मुन्नू साथ शनिवार देर रात नाना के घर धनावल जिला प्रयागराज गये हूंए थे। देर रात नाना के घर से घर लौट रहे जैसे ही गदहियां नाला पर पहुंचे की बाईक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई जिससे बाईक चला रहे सुनील के शर में गंभीर चोटें आ गई जबकि बाईक के पिछे बैठे चचेरे भाई रविंद्र के पैर में  गंभीर चोटें आ गई। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने पहचान कर नाना को सुचना दिया। मौके पहुंचे रिस्तेदारो ने परिजनों तथा पुलिस को सुचना दिया आनन फानन में परिजनो ने निजी साधन से बरौधा स्थिति एक निजी अस्पताल मे दिखाया। जहा डाक्टरों ने देखते ही बाईक चालक सुनील को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाईक के पिछे बैठे रविन्द्र को गंभीर चोटें देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सुनील के मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेसुध हो गई मृतक सुनील की सादी ईसी महीने 5 जून को हलिया थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी क्रिती से हुआ था मृतक दो भाईयो में छोटा था पुलिस ने डेट बाड़ी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पूर्वांचल के गांधी कहे जाने वाले रामरति बिंद का निधन, वाराणसी में ली अंतिम सांस

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि मिर्जापुर–भदोही से लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामरति बिंद का रविवार को वाराणसी में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और वाराणसी के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन थे। रामरति बिंद 13वीं लोकसभा में मिर्जापुर–भदोही निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उनकी सरल और मिलनसार प्रवृत्ति के कारण उन्हें मिर्जापुर–भदोही की राजनीति में पूर्वांचल का गांधी कहा जाता था। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने कई दलों में कार्य किया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे बिंद 2007 के मिर्जापुर–भदोही लोकसभा उपचुनाव में उन्हें रमेश दुबे से हार का सामना करना पड़ा था। दुर्गागंज अभोली ब्लॉक के नेवादा (रोही) बिसौली के निवासी बिंद के परिवार में चार बेटे और पांच बेटियां हैं। श्री चौधरी ने पूर्व सांसद के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। निधन पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में शोक सभा आयोजित कर पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, शैलेष पटेल, राणा प्रताप सिंह, रोहित शुक्ला 'लल्लू', दामोदर प्रसाद मौर्य, शिव नरायन बिन्द, भरत लाल बिन्द आदि शामिल थे।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला अचेत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पौड़ीरामपुर गांव में शनिवार की देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से महिला अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए जंहा पर हालत गंभीर देखकर रेफर कर दिया जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने भर्ती कर उपचार किया हालत सामान्य होने पर महिला को डिस्चार्ज कर दिया है। थाना क्षेत्र के पौड़ी रामपुर गांव निवासी अमरेश की 24 वर्षीय पत्नी अन्नू मडहे के बाहर बैठी थी की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरने से महिला उसकी चपेट में आकर अचेत हो गई महिला के परिजनों ने उपचार के लिए देवरी बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर आए जंहा पर महिला की हालत गंभीर देखकर रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समाज सेवी प्रशांत दूबे ने महिला को अपने साधन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने महिला को उपचार के लिए भर्ती कर उपचार शुरू किया। उपचार के बाद महिला की हालत सामान्य देखकर डिस्चार्ज कर दिया है। महिला के परिजन उसको घर लेकर चले गए है चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला को अचेतावस्था में लाया गया था उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### निर्माणाधीन पुल से गिरी कार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** कोल्हुई थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे–एन एच –24 पर रविवार को एक कार निर्माणाधीन पुल से नीचे गिर गई। कार में सवार सभी यात्री बस्ती जिले के निवासी थे। हादसे में सभी यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सोनौली से गोरखपुर जा रही कार का अचानक संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। कार पुल के किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। कोल्हुई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। क्रेन की मदद से कार को गड्ढे से निकाला गया। हाईवे निर्माण में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माणाधीन स्थलों पर न तो पर्याप्त साइन बोर्ड लगे हैं और न ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस लापरवाही के लिए कार्यदायी संस्था पीएनसी को जिम्मेदार ठहराया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और एनएचएआई से निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो बड़े हादसा होने से कोई रोक नहीं सकता हैं। जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई की भी मांग की जा रही है।

## कुशियरा से वाराणसी के लिए बस सेवा का संचालन शुरू

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



मिर्जापुर के अति पिछड़े सुदूर विकास खंड हलिया के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुशियरा गांव से मिर्जापुर डिपो की एक नई लगजीरी रोडवेज बस का संचालन कुशियरा गांव से मिर्जापुर होते हुए वाराणसी के लिए बस सेवा का संचालन शुरू किया गया है। कुशियरा गांव से बस 6.30 बजे सुबह से चलकर 8 बजे हलिया बाजार पहुंचकर 8.20 बजे रवाना होंगी। हलिया क्षेत्र से वाराणसी जाने के लिए कोई साधन नहीं होने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। काफी समय से वाराणसी के लिए रोडवेज बस की संचालन शुरू करने की मांग चल रही थी जिस पर मिर्जापुर डिपो के एआरएम कल्पना श्रीवास्तव ने मिर्जापुर डिपो की एक रोडवेज बस का संचालन हलिया ब्लॉक के कुशियरा गांव से वाराणसी के लिए शुरू कर दिया है। रोडवेज बस का संचालन वाराणसी के लिए शुरू हो जाने से वाराणसी जाने वाले लोगो को सुविधा मिलेगी। इससे पहले वाराणसी जाने के लिए लोगो को मिर्जापुर से वाराणसी के लिए बस पकड़ना पड़ता था। वाराणसी के लिए रोडवेज बस संचालन शुरू होने पर लोगो में खुशी है।

## आंधी के कहर से राजपुर में व्यापक नुकसान

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र में शनिवार को देर रात आए आंधी तूफान से टीन शेड व पेड़ बिजली के पोल, तार, ट्रांसफार्मर जमी डोज हो गया चक्रवर्ती तूफान से सबसे अधिक राजपुर गांव में तबाही हुई है। उनकी ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दर्जनों विद्युत पोल उखाड़ दिया जिससे गांव में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है राजपुर गांव की के तूफान प्रभावितों बालकिशन आनंद बुधीराम कमला रामनारायण आदि ने बताया कि सोनगढा गांव में आंधी तूफान से भारी क्षति हुआ है। जल्द से जल्द बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने और नुकसान उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग डीएम से की है। बिजली एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया तार व पोल ठीक करने में कर्मचारी जुटे है जल्द बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया जायेगा।

## दुकानदार दुकान के सामने रखें डस्टबिन : शिव बाबू सेठ



प्लास्टिक मुक्त रखें ग्राम पंचायत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ के नेतृत्व में रविवार को ग्राम पंचायत हलिया के हलिया बाजार, हनुमान मंदिर परिसर में प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वृहद अभियान चलाया गया है। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू के साथ सफाई कर्मी जय शंकर शर्मा, रणजीत कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों ने बाजार में बिखरे प्लास्टिक को एकत्रित किया है। शिव बाबू सेठ ने बाजार के दुकानदारों से दुकान के सामने ड्रस्टबिन रखने का निर्देश दिया है। जिससे दुकानों से निकलने वाले पलास्टिक व कचरे को एकत्रित कर कूड़ा कचरा संग्रहण केंद्र पर एकत्रित कर निस्तारण किया जा सके। इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत ग्राम पंचायत हलिया के बाजार हनुमान मंदिर पर बिखरे प्लास्टिक को एकत्रित किया गया है। साथ ही बाजार के दुकानदारों को दुकान के सामने ड्रस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया है। ड्रस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान हनुमान मंदिर के पुजारी भीम दत्त त्रिपाठी,पंचायत सहायक रामलोचन मौर्या, राम नारायण सोनी, मंतोष अग्रहरी, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## अस्पताल परिसर में आप कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मधुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सभी ने समूचे केंद्र परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया।

पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा है कि जब तक देश की मूलभूत सुविधाएं (खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य) सशक्त नहीं होंगी, तब तक देश को सर्वश्रेष्ठ नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने बताया कि पार्टी हर महीने जिले के अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाएगी। मधुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से एकमात्र सफाईकर्मी था, जो अब सेवानिवृत्त हो चुका है। उसके बाद से केंद्र पर कोई सफाईकर्मी नियुक्त नहीं किया गया है।

इतना ही नहीं, अस्पताल में जांच से जुड़ी सुविधाएं और आवश्यक दवाएं भी नहीं हैं। कहा कि यह केंद्र मात्र एक भवन बनकर रह गया है। हमारा लक्ष्य मधुपुर स्वास्थ्य केंद्र को एक आदर्श स्वच्छता मॉडल बनाना है। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था अत्यंत दयनीय है।

## चार वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



म्योरपुर थाना पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान ओम प्रकाश पुत्र हरिकिशुन निवासी धनखोर, रामजीत पुत्र मोती निवासी जामपानी, जमुना पुत्र बुटन निवासी बघमंदवा व फूलचन्द पुत्र धरम निवासी बधमंदवा के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष कमल नयन दूबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को वारंटी ओम प्रकाश, रामजीत, जमुना व फूलचन्द को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया गया।

### चार गोवंश बरामद, तस्कर धराया



विंढ़मगंज थाना पुलिस ने चार गोवंशों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जंगली रास्ते से गोवंशों को वध के लिए झारखंड ले जाया जा रहा था। तस्कर की पहचान कुटमल यादव उर्फ विद्यानंद यादव पुत्र स्व. इंद्रनाथ यादव निवासी मुड़ीसेमर थाना विण्ढ़मगंज के रूप में की गयी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में गौ तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विण्ढ़मगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हीराचक मोड़ महुली से चार गोवंशों को बरामद करते हुए मौके से तस्कर कुटमल यादव उर्फ विद्यानंद यादव को धर दबोचा। इस मौके पर उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार व सियाराम सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### टूटी पुलिया की रेलिंग दे रही मौत को दावत



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** निचलौल क्षेत्र की ग्राम सभा पैकौली में नहर पुलिया की टूटी रेलिंग से स्थानीय लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों से पुलिया की रेलिंग टूटी हुई है। इस मार्ग से कटहरी, भोथीयाही, गुरली, सबया, शंकरपुर, पैकौली और दुर्गालिया के ग्रामीण आवागमन करते हैं। खेती–बाड़ी के लिए ईंट लदे ट्रैक्टर–ट्राली भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। विशेष रूप से रात के समय यह स्थिति अधिक खतरनाक हो जाती है। स्थानीय निवासी हीरालाल, गोपाल कुशवाहा, संतोष, रिंकू पांडे, अध्या गुप्ता, अनिरुद्ध पासवान, अलीराजा, मोहम्मद अली, बिकाऊ, गुलाब प्रजापति और श्याम बहादुर यादव ने बताया कि कई बार बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर जाते हैं। राहगीरों की मदद से घायलों को पुल के नीचे से निकाला जाता है। स्थानीय लोगों को चिंता है कि इस पुलिया से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। रात में आने–जाने वाले लोगों को पुल से गिरने का लगातार डर बना रहता है।

## हम विश्व रक्षा के लिए विषपान करते हैं, अस्थि से भी वज्र का निर्माण करते हैं : अजय शेखर

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



नगर स्थित कांग्रेस शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद के  आवास पर शनिवार की देर शाम को कौमी एकता राष्ट्रीयता को समर्पित काव्य संध्या का आयोजन पूर्व चेयरमैन अजय शेखर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जिला क्वार्डिनेटर राजीव गौतम ने कवियों को अंगवस्त्र, लेखनी, पुस्तिका देकर उनका अभिनंदन किया। वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर ने कहा कि राजनीति के केन्द्र में संस्कृति तो रावण राज्य और संस्कृति के केन्द्र में राजनीति तो राम राज्य होगा, उनकी कविता, हम विश्व रक्षा के लिए विषपान करते हैं, अस्थि से भी वज्र का निर्माण करते हैं सुनाकर आयोजन में चार चांद लगाया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ शिवेन्द्र ने युद्धों पर विशद वक्तव्य देकर कहा कि सदैव युद्ध ही जीतता है हारता है आदमी, उनकी रचना हमें रोटियां ही दीजिए बहुत भूख लगी है, दे रहे हैं गीता कुरान किसलिए काफी सराही गई, राजीव गौतम ने देश को सर्वोपरि बताया। प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी एडवोकेट निदेशक शहीद स्मारक करारी ने बंदूक तोप खंजर की बात मत करिए, खूनी मंजर की बात मत करिए, प्यार मिल्लत से रहें आदमी बनकर बहार खिलती रहे बंजर की बात मत करिये सुनाकर महफिल लूट लिया। कौशल्या कुमारी चौहान ने देशप्रेम की व नारी सशक्तिकरण पर अनमोल रचना दिल में हिंदुस्तान रखती हूं, गीता बाइबिल कुरान रखती हूं सुनाकर महफिल को रौशन कर दिया। ओज के मुखर स्वर प्रभात सिंह चंदेल ने पूरी दुनिया में मोहब्बत का पैगाम लिख देना, सुनाकर वातावरण को रससिक्त किया सराहे गए। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने करे जो अपने देश के खातिर सब कुछ अपना कुरबान वहीं भगवान् मेरा है, शायर जुल्फेकार हैदर खान ने वतन की मिट्टी को सलाम करता हू। इस मौके पर सुधाकर पांडेय, दयानंद दयालू, जयराम सोनी, दिवाकर दिवेदी मेघ, दिलीप सिंह दीपक, अब्दुल हई, कमलनयन तिवारी, विवेक चतुर्वेदी, अरुण तिवारी, ईश्वर विरागी आदि मौजूद रहे।

## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था की गई कड़ी

▸ बरगदवा थाना प्रभारी ने पगडंडी मार्गों पर पेट्रोलिंग बढ़ाने और आईडी चेकिंग के दिए निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



बरगदवा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने रविवार सुबह थाना सभागार में पुलिसकर्मियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए।

थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी स्थल पर सतर्क रहने को कहा। रात्रि ड्यूटी में तैनात कर्मियों को अपने निर्धारित स्थान पर मौजूद रहने का आदेश दिया। भारत-नेपाल सीमा के पगडंडी मार्गों पर पेट्रोलिंग और चेकिंग बढ़ा दी गई है।

सीमा पार आने-जाने वाले हर व्यक्ति की आई-कार्ड की जांच अनिवार्य कर दी गई है। जांच के बाद ही उन्हें आगे जाने की अनुमति दी जा रही है। बरगदवा थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों को जोड़ने वाले पगडंडी मार्गों पर विशेष नजर रखी जा रही है। थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों को सभी शिकायतों का निपटारा गुण-दोष के आधार पर करने का निर्देश दिया। शिकायती पत्रों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सीधे संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया।

### घर के बाहर खेल रही बालिका की मौत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के रजखड़ गांव निवासी एक बालिका की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। वह अपने घर के बाहर खेल रही थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वस्तु स्थिति का जायजा लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम रजखड़ गांव निवासी रजनी उम्र 10 वर्ष पुत्री निर्मल कुमार अपने घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान अचानक वह वेहोश हो गई। होश में आने पर उसे उल्टी होने लगी। बालिका की हालत देख परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उसकी मौत हो गयी।

## अंबेडकर व बुद्ध की मूर्तियों से हुई छेड़छाड़, चक्का जाम की दी चेतावनी

▸ 48 घंटे में आरोपी नहीं पकड़े गए तो गांव वाले चक्का जाम करेंगे, कुछ संदिग्ध हिरासत में

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिले के अमोढ़ा गांव में अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित कर दिया साथ ही साथ बुद्ध प्रतिमा से भी छेड़छाड़ की। यह घटना शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में हुई। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वे मूर्ति की मरम्मत या पुनः स्थापना नहीं होने देंगे। नायब तहसीलदार देश दीपक तिवारी ने मौके पर पहुंचकर शांति की अपील

> वहीं इस मामले मे घुघली थाना अध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि सात लोगों को उठाया गया है, पूछताछ की जा रही है। पुछताछ के अधार पर कार्रवाई की जायेगी।

की। पुलिस ने सात संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान शैलेश पटेल ने थाने में तहरीर दी है।

उन्होंने बताया कि गांव में तनावपूर्ण स्थिति है। ग्रामीणों ने 48 घंटे का चेतावनी दिया है। उनका कहना है कि इस समय सीमा में दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन करेंगे। प्रशासन ने गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है।

## विभाग ने चलाया अभियान, बिजली चोरों में हड़कंप

▸ करीब 4.5 लाख की हुई बकाया वसूली और 11 लाख बकाए पर करीब 35 घरों की काटी बिजली, दो उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गये

**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रबंध निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम  के निर्देशानुसार ज्यादा बिजली चोरी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर आनन्दनगर क्षेत्र में आज बिजली विभाग ने बृहद मेगा ड्राइव अभियान चलाया।

अभियान अधिशासी अभियंता चन्द्रेश उपाध्याय के नेतृत्व में टाउन एरिया के दर्जनों मुहल्लों में आज बिजली विभाग की 4 टीमों ने सुबह से ही चेकिंग अभियान चलाया। जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा। एसी प्रयोग कर रहे 125 घरों की बिजली चेकिंग में 2 उपभोक्ता ए सी बाईपास करके बिजली की चोरी करते पकड़े गये जिनके ऊपर एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अतिरिक्त करीब 35 घरों की बिजली बिल  बकाया होने पर बिजली काटी गयी। जिनके ऊपर लगभग 11 लाख का बिजली बिल बकाया है। चेकिंग के दौरान करीब रु. 4.5 लाख के बकाये की भी वसूली की गयी।

बिजली विभाग के एक्सईएन चन्द्रेश उपाध्याय ने बताया कि आज पूरे खण्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों की 4 टीमों को चेकिंग में लगाया गया था। चेकिंग में प्रबन्ध निदेशक द्वारा डिस्कॉम से नामित अधिकारियों द्वारा भी रेड अभियान का निरीक्षण कर बिजली चोरी एवं बकायेदारों पर कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील है कि विच्छेदन तिथि के अंदर अपना बकाया बिजली बिल जमा करवाए एवं बिजली चोरी न करे। शाम 05:30 पर खण्ड के समस्त मीटर रीडर्स को बुलाकर खण्ड में परेड कराई गई जिसमें मीटर रीडर्स के कार्यों की समीक्षा की गई अब मीटर रीडर्स कोई भी गलत बिल नहीं बना पाएंगे क्यूंकि शतप्रतिशत मीटर की फोटो खींचकर ऑटो ओसीआर एवं प्रोब के माध्यम से ही बिल बनाने है जिससे गलत बिल बनने की संभावनाएं खत्म हो जाएंगी एवं रेडिंग के कार्यों में शिथिलता बरतने वाले मीटर रीडर्स को चेतावनी जारी की गई है यदि उनके कार्यों में माह के आखिरी तक सुधार नहीं होता है तो ऐसे मीटर रीडर्स को बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आगे भी अभियान लगातार चलता रहेगा एवं खंड में 1 सप्ताह में चयनित 1 फीडर पर चेकिंग पूर्ण कराकर बिजली चोरी एवं बकायेदारों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आगे बताया की 10 हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के विद्युत विच्छेदन कर शिकंजा कसा जाएगा एवं बिजली चोरी कर रहे उपभोक्ताओं के कनेक्शन को काटकर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

ट्रांसफॉर्मर को जलने से बचाने के लिए फ्यूज सेट एवं टेललेस यूनिट लगाए जा रहे हैं। जिससे पिछले साल से 50% तक ट्रांसफॉर्मर खराब होने की दर कम हुई है एवं विद्युत आपूर्ति में सुधार हुआ है इस दौरान अधिशाषी अभियंता विद्युत चन्द्रेश उपाध्याय ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली विभाग सतत् विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में लगा हुआ है।